RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 3
नई दिल्ली, शनिवार, 5 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



पेरिस मास्टर्स टेनिस जोकोविच जीते

स्पोर्ट्स-12

# दिल्ली में स्कूल बंद, आधे कर्मचारी घर से करेंगे काम

- बड़ी कक्षाओं में आउटडोर गतिविधियां बंद, नोएडा में ऑनलाइन होगी पढ़ाई
- दिल्ली-एनसीआर में निजी कंपनियों को भी वर्क फ्राम होम व्यवस्था लागू करने की सलाह
- मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा- वाहनों के लिए ऑड-ईवन भी कर सकते हैं लागू

## प्रदूषण से इमरजेंसी जैसे हालात



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजधानी** दिल्ली और एनसीआर के शहरों में वायु प्रदूषण से इमरजेंसी जैसे हालात बन गए हैं। इसे देखते हुए दिल्ली सरकार ने प्राथमिक स्कूलों को शनिवार से अगले आदेश तक बंद करने की घोषणा की है। पांचवीं से ऊपर की कक्षाओं के लिए बाहरी गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है, जबकि नोएडा में सभी कक्षाएं ऑनलाइन चलेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार शहर में वाहनों के लिए ऑड-ईवन व्यवस्था लागू करने पर भी विचार कर रही है। दिल्ली में लगातार दूसरे दिन वायु प्रदूषण गंभीर श्रेणी में बना रहा। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में शुक्रवार की सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 600 से 750 तक पहुंच गया था। शाम चार बजे 24 घंटे का औसत एक्यूआई 447 अंक पर रहा, जबकि फरीदाबाद का 425, गुरुग्राम का 416, नोएडा का 406, ग्रेटर नोएडा का 425 और गाजियाबाद का 411 पर दर्ज किया गया। रात नौ बजे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के राजधानी के अधिकांश निगरानी केंद्रों पर 450 से 500 के बीच था। गौरतलब है कि 400 से ऊपर का एक्यूआई गंभीर माना जाता है और यह स्वस्थ लोगों को प्रभावित कर सकता है और बीमारियों से जूझ रहे लोगों को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है।

पिछले कई दिन से प्रदूषण से लगातार बिगड़ते हालात को देखते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को घोषणा कर दी कि शनिवार से प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों के लिए स्कूल बंद रहेंगे और पांचवीं से ऊपर की कक्षाओं के लिए बाहरी गतिविधियां निलंबित रहेंगी। नोएडा प्रशासन ने भी स्कूल बंद कर 8 नवंबर तक ऑनलाइन कक्षाएं चलाने का फैसला किया है। राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के बढ़ते हुए स्तर के कारण लागू किए गए प्रतिबंधों का विवरण देते हुए दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सरकार के 50 फीसदी कर्मचारियों को सोमवार से घर से काम (वर्क फ्रॉम होम) करने का आदेश दिया। संबंधित विभागों के साथ बैठक के बाद उन्होंने कहा कि निजी कार्यालयों को भी इस नियम का अनुसरण करने के संबंध में परामर्श जारी किया जाएगा। राय ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के लिए सरकार पर्यावरण बस सेवा भी शुरू करेगी, जिसमें 500 निजी सीएनजी बसें शामिल की जाएंगी। पर्यावरण मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि दिल्ली सरकार ने गैर-बीएस छह डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने के अलावा चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के तहत केंद्र की वायु गुणवत्ता समिति द्वारा अनुशंसित प्रतिबंधों को (शेष पेज 8)

## दिल्ली में प्रदूषण से जुड़ी जनहित याचिका पर कोर्ट 10 नवंबर को करेगा सुनवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय शुक्रवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बढ़ते वायु प्रदूषण को रोकने के लिए पराली जलाने पर नए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग वाली एक जनहित याचिका (पीआईएल) को सुनवाई के लिए 10 नवंबर को सूचीबद्ध करने पर सहमत हो गया। प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने वकील शशांक शेखर झा के प्रतिवेदन पर संज्ञान लिया।

झा ने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में एक जनहित याचिका दायर कर कहा कि दिल्ली के निकटवर्ती इलाकों में पराली जलाए जाने के कारण वायु प्रदूषण की स्थिति और खराब हो गई है। वकील ने कहा, ऐसे हालात में आम लोग भी नहीं चल सकते और पराली जलाए जाने के कारण वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का स्तर बढ़ गया है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, इसे 10 नवंबर को सूचीबद्ध करें। गौरतलब है कि शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब, और 401 और 500 के बीच गंभीर श्रेणी में माना जाता है। याचिका में स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी व निजी कार्यालयों में डिजिटल माध्यम से कामकाज का निर्देश देने की भी मांग की गई है।

वकील ने आरोप लगाया कि प्रदूषण की समस्या हर साल पैदा होती है और दिल्ली-एनसीआर में धूम कोहरे के कारण जीवन और स्वतंत्रता पर गंभीर खतरा है। याचिका में कहा गया, मामला गंभीर चिंता का है जिसके लिए अदालत के तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता है। याचिका में पराली जलाने के कारण होने वाले (शेष पेज 8)

# चार दिसंबर को मतदान सात को आएगा परिणाम

**दिल्ली निगम चुनाव**

- राज्य निर्वाचन आयोग ने किया ऐलान, एक ही चरण में पड़ेंगे वोट



निगम चुनाव के बारे में जानकारी देते राज्य चुनाव आयोग के आयुक्त विजय देव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में एमसीडी चुनाव का शंखनाद हो गया है। दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए 4 दिसंबर को मतदान होगा और 7 दिसंबर को परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त विजय देव ने शुक्रवार शाम को चुनाव की तारीख का ऐलान किया। इसके साथ ही दिल्ली में चुनाव आचार संहिता भी लागू हो गई है।

विजय देव ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया सात नवंबर से शुरू हो जाएगी और 14 नवंबर तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 16 नवंबर को होगी, जबकि 19 नवंबर तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। उम्मीदवार दिन में 11 से 3 बजे के बीच अपना नामांकन जमा कर सकते हैं। वहीं मतदान के लिए सुबह 8 बजे से शाम 5:30 बजे तक का समय तय किया गया है। चुनाव की पूरी प्रक्रिया 15 दिसंबर को पूरी कर ली जाएगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त (एसईसी) द्वारा (शेष पेज 8)

### परिसीमन के बाद 250 वार्ड

**दिल्ली** नगर निगम के एकीकरण के बाद 272 की जगह 250 वार्ड हो गए हैं। कुल सीटों में से 42 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होंगी और 50 प्रतिशत सीटों पर महिला उम्मीदवार दावेदारी ठोकेंगी। निगम के चुनाव इसी साल अप्रैल में होने थे। तत्कालीन निर्वाचन आयुक्त एसके श्रीवास्तव चुनाव कार्यक्रम की आठ मार्च को घोषणा करने वाले थे, लेकिन तीनों नगर निकायों के एकीकरण की केंद्र की योजना के कारण चुनाव टाल दिए गए (शेष पेज 8)

# इसुदान गढ़वी होंगे गुजरात में आप के सीएम पद के प्रत्याशी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/अहमदाबाद

- केजरीवाल ने की घोषणा, पूर्व टीवी एंकर हैं गढ़वी, पार्टी के सर्वेक्षण में 73 फीसदी मत हासिल किए

**आम** आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को पूर्व टीवी प्रस्तोता और पत्रकार इसुदान गढ़वी को गुजरात में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया है। यह घोषणा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने की।

उन्होंने कहा कि 40 वर्षीय गढ़वी को पार्टी द्वारा कराए गए एक सर्वेक्षण में 73 प्रतिशत वोट मिले हैं। गढ़वी के सामने पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रमुख गोपाल इटालिया थे, जिन्होंने पाटीदार समुदाय के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। गढ़वी द्वारका जिले के पिपलिया गांव के एक किसान परिवार से आते हैं और अन्य पिछड़ी जातियों से ताल्लुक रखते हैं, जो राज्य (शेष पेज 8)

## ठग सुकेश के आरोपों के बाद तिहाड़ के डीजी संदीप गोयल का तबादला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**ठग** सुकेश चंद्रशेखर द्वारा जेल में संरक्षण के एवज में 10 करोड़ रुपए की जबरन वसूली के आरोप लगाए जाने के कुछ दिन बाद तिहाड़ जेल के महानिदेशक संदीप गोयल का तबादला कर दिया गया। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक आदेश के मुताबिक, 1989 बैच के एजीएमयूटी कैडर के अधिकारी गोयल का तिहाड़ जेल से तबादला किया गया है और उन्हें आगे के आदेशों के लिए पुलिस मुख्यालय में रिपोर्ट करने को कहा गया है। आदेश के मुताबिक, 1989 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी संजय बेनीवाल को नया महानिदेशक (जेल) बनाया गया है। जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली के उपराज्यपाल को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन ने जेल में उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 2019 में 10 करोड़ रुपए वसूले थे। चंद्रशेखर यहां मंडोली जेल में बंद है और उसने (शेष पेज 8)

# ट्विटर ने भारत में अपने ज्यादातर कर्मचारियों को नौकरी से निकाला



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**ट्विटर** ने वैश्विक स्तर पर कार्यबल में कमी करने की योजना के तहत भारत में अपने ज्यादातर कर्मचारियों को निकाल दिया है। इस छंटनी से पहले भारत में कंपनी के 200 से अधिक कर्मचारी काम रहे थे। दुनिया के सबसे धनी कारोबारी एलन मस्क ने पिछले हफ्ते ट्विटर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पराग अग्रवाल के साथ ही मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) और कुछ अन्य शीर्ष अधिकारियों को निकाल दिया था। उन्होंने 44 अरब डॉलर में ट्विटर का अधिग्रहण करने के तुरंत बाद ऐसा किया।

इस बीच, शीर्ष प्रबंधन के कई लोगों ने इस्तीफा दे दिया। मस्क ने अब कंपनी के वैश्विक कार्यबल को कम करने के लिए बड़े पैमाने पर छंटनी शुरू की है। सूत्रों ने कहा कि इंजीनियरिंग, बिक्री तथा विपणन और संचार टीमों में छंटनी की गई है। हालांकि, यह अभी स्पष्ट नहीं है कि भारत में नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों को क्षतिपूर्ति के तौर पर कितना भुगतान किया गया है। सूत्रों ने कहा कि भारत में पूरे विपणन और संचार विभाग को बर्खास्त कर दिया गया है।

ट्विटर इंडिया के एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर पीटीआई-भाषा को बताया, छंटनी शुरू हो गई है। मेरे कुछ सहयोगियों को इस बारे में ईमेल से सूचना मिली है। एक अन्य सूत्र ने कहा कि छंटनी ने भारतीय टीम के महत्वपूर्ण हिस्से को प्रभावित किया है। हालांकि, अभी छंटनी का पूरा ब्योरा नहीं मिला है। ट्विटर इंडिया ने इस संबंध में ईमेल के जरिए किए गए सवालों का जवाब खबर लिखे जाने तक नहीं दिया था। मस्क के ट्विटर के अधिग्रहण से पहले ही (शेष पेज 8)

## मप्रः बैतूल में एसयूवी के बस से टकराने से 11 की मौत

**बैतूल।** मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के झाल्लर में शुक्रवार तड़के एक एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) की, एक खाली बस से टक्कर हो जाने से उसमें सवार दो बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई। बैतूल पुलिस नियंत्रण कक्ष के सहायक उप निरीक्षक शिवराज सिंह ठाकुर ने बताया कि दुर्घटना जिला मुख्यालय से करीब 36 किलोमीटर दूर भैंसदेही रोड पर हुई। उन्होंने कहा, देर रात करीब दो बजे हुई इस दुर्घटना में छह पुरुषों, तीन महिलाओं, पांच साल की एक लड़की और एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतक मजदूर थे, जो पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के अमरावती से यहां अपने घर लौट रहे थे। ठाकुर ने कहा कि दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि कुछ पीड़ितों के शवों को गैस कटर की मदद से क्षतिग्रस्त एसयूवी से निकालना पड़ा। बाद में शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।पुलिस ने कहा कि प्राथमिक जांच से पता चलता है कि चालक को नींद आने के बाद एसयूवी बस में जा टकराई। ठाकुर ने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है।

# पंजाब में शिवसेना नेता सुधीर सूरी की गोली मार कर हत्या

**भाषा।** अमृतसर/ चंडीगढ़

**पंजाब** के अमृतसर में शुक्रवार को शिवसेना (टकसाली) नेता सुधीर सूरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह घटना शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में से एक, मजीठा रोड पर गोपाल मंदिर के बाहर हुई जहां सूरी अन्य लोगों के साथ धरने पर बैठे थे। सड़क किनारे कुछ खंडित मूर्तियां मिलने के बाद वह अपने साथियों के साथ मंदिर के बाहर धरना दे रहे थे।

उनका कहना था कि यह मूर्तियों की बेअदबी का मामला है। सूरी गोपाल मंदिर के प्रबंधन का विरोध कर रहे थे।पुलिस के अनुसार, सूरी पर पांच से अधिक गोलियां चलाई गईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। आरोपी संदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है और अपराध में इस्तेमाल किए गए हथियार को भी जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि सूरी लंबे समय से कई गैंगस्टर के निशाने पर थे और सरकार ने पंजाब पुलिस के आठ जवानों के साथ उन्हें सुरक्षा मुहैया कराई थी। अमृतसर के पुलिस आयुक्त अरुण पाल सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा, सूरी मजीठा रोड पर गोपाल मंदिर के बाहर धरना दे रहे थे। हमलावर मौके पर पहुंचा और उन पर गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि हमलावर की पहचान कर ली गई और सूरी के सुरक्षाकर्मियों ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। पुलिस आयुक्त ने कहा कि हमलावर का लाइसेंसी हथियार भी जब्त कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी अमृतसर शहर के सुल्तानविंड इलाके का रहने वाला है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस के अधिकारियों और खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों की एक टीम उससे पूछताछ कर रही है। घटना के बाद, विपक्षी कांग्रेस और भाजपा ने पंजाब की भगवंत मान नीत आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर निशाना साधा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने दावा किया कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी (शेष पेज 8)

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,950 | ↑ | 113 | |
| निफ्टी | 18,117 | ↑ | 64 | |
| सोना | 50,869 | ↑ | 604 | /10g |
| चांदी | 59,477 | ↑ | 2061 | /kg |

### क्विक न्यूज

**न्यायालय ने 2014 की कर्मचारी पेंशन योजना को किया बहाल**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को वर्ष 2014 की कर्मचारी पेंशन (संशोधन) योजना की वैधता को बरकरार रखा। हालांकि, अदालत ने पेंशन कोष में शामिल होने के लिए 15,000 रुपए मासिक वेतन की सीमा को रद्द कर दिया। वर्ष 2014 के संशोधन ने अधिकतम पेंशन योग्य वेतन (मूल वेतन और महंगाई भत्ता मिलाकर) की सीमा 15,000 रुपए प्रति माह तय की थी। संशोधन से पहले, अधिकतम पेंशन योग्य वेतन 6,500 रुपए प्रति माह था। प्रधान न्यायाधीश यू.यू. ललित, न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा किजिन कर्मचारियों ने पेंशन योजना में शामिल होने के विकल्प का इस्तेमाल नही किया है, उन्हें छह महीने के भीतर ऐसा करना होगा।

# नए संसद भवन में होगा दोनों सदनों का एक दिन का सत्र

- बाकी सत्र पुराने संसद भवन में चलेगा शीतकालीन सत्र नवंबर के तीसरे हफ्ते से होता है शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नए** संसद भवन में 20 नवंबर को एक दिन का सत्र आयोजित किए जाने की उम्मीद है। शीतकालीन सत्र की बाकी अवधि पुराने में भवन में आयोजित होगी। शीत सत्र हर साल आमतौर पर नवंबर के तीसरे हफ्ते से शुरू होता तथा क्रिसमस की छुट्टी तक चलता है।

नया संसद भवन अभी निर्माणाधीन है और शीत सत्र के आयोजन को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। सूत्रों ने कहा कि नए संसद भवन में एक दिन का सत्र आयोजित कर 'सॉफ्ट लांचिंग' की जा सकती है। लोकसभा और राज्यसभा के चेंबर का निर्माण अपने अंतिम दौर में है।

आजादी के 75वें साल पर आयोजित समारोह में सरकार ने कहा था कि शीतकालीन सत्र नए संसद भवन में आयोजित किया जाएगा। नवंबर की डेडलाइन बीतने में एक महीने से भी कम समय रह गया है, केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि नए संसद भवन का निर्माण बहुत तेजी से हो रहा है। पुरी ने कहा कि चार हजार लोग 24 घंटे काम कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि वे हर हफ्ते निर्माण स्थल का दौरा करते हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार पर निर्भर करता है कि वह कब तिथि का ऐलान करेगी।

# हिंद महासागर में चीनी जासूसी पोत, भारत की सतर्क निगाहें

## अगले हफ्ते होने जा रहे भारत के मिसाइल टेस्ट की निगरानी की मंशा से भेजे जाने की आशंका

- कुछ ही हफ्तों में इस क्षेत्र में प्रवेश करने वाला यह दूसरा चीनी पोत



फाइल चित्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**हिंद** महासागर क्षेत्र में प्रवेश कर चुके चीनी जासूसी पोत पर भारतीय सुरक्षा एजेंसियां करीबी निगाह रखे हुए हैं। संभावना है कि यह पोत अगले हफ्ते होने जा रहे भारत के मिसाइल टेस्ट को ट्रैक करेगा।

यह घटनाक्रम चिंता पैदा करने वाला है क्योंकि कुछ हफ्तों में यह दूसरा चीनी पोत है जो भारत की तटरेखा के पास से गुजर रहा है। ये जासूसी पोत अत्यधिक संवेदनशील सर्विलांस सिस्टम से लैस हैं और ये मिसाइल लांचिंग प्रक्रिया के साथ ही बहुत से सैन्य ठिकानों और रक्षा ठिकानों पर भी नजर रख सकते हैं। भारत आम तौर पर ओडिशा तट के पास एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप पर मिसाइल परीक्षण करता है। पिछले तीन महीनों में यह दूसरी बार है जब चीन ने दो जासूसी पोत भेजे हैं। पहला पोत यूआन वांग वी श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पहुंचा था जिसका भारत ने राजनयिक स्तर पर विरोध किया था। यह पोत बंदरगाह पर पांच दिन तक रहा और उसके बाद चला गया।

यूआन वांग सिक्स पोत की सेटेलाइटों द्वारा निगरानी की जा रही है। अब यह इंडोनेशिया की ओर जा रहा है। सूत्रों ने यहां शुक्रवार को बताया कि ये पोत मिसाइल की रफ्तार, उसकी ऊंचाई और सटीकता की निगरानी कर सकते हैं। संयोग से भारत ने हाल ही में हंबनटोटा बंदरगाह से तेल लेने के बाद श्रीलंका टैंकरों द्वारा समुद्र में चीनी सैन्य पोतों को ईंधन की आपूर्ति करने पर कोलंबो से चिंता जताई थी। हिंद महासागर के रणनीतिक महत्व को देखते हुए चीन पिछले कुछ सालों में इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को बढ़ा रहा है। फिलहाल इस समय किसी भी वक्त तीन से चार चीनी पोत इस इलाके में रहते हैं। वर्ष 2008 के बादचीन के पोत समुद्र डकैतों पर शिकंजा कसने के अंतरराष्ट्रीय अभियान में शामिल हुए थे तब से उसने अपनी नौसैनिक क्षमता को तेजी से बढ़ाना शुरू कर दिया है। हिंद महासागर से भारत का बहुत बड़ा हित जुड़ा है।

इस महासागर से गुजरने वाले समुद्री रास्तों से भारत का 70 फीसदी निर्यात और आयात होता है। इस क्षेत्र में कोई भी मौका न चूकने की मंशा से भारत इस सागर क्षेत्र के तटों पर स्थित सभी देशों से नजदीकी संबंध बनाने का प्रयास कर रहा है। इसके अलावा वह कुछ देशों को विमान और हेलीकॉटर उड़ाने के रूप में सैन्य प्रशिक्षण भी दे रहा है। भारत ने इनमें से कुछ देशों को हेलीकॉप्टर और विमान भी दिए हैं।

# यमुना अथॉरिटी ने बनाया 60 हजार करोड़ का रोड मैप

**● देशी-विदेशी कंपनियां करेंगी निवेश, 2 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




फरवरी 2023 में होने जा रहे यूपी इन्वेस्टर्स समिट में यमुना अथॉरिटी ने निवेश के लिए अपना रोडमेप प्लान तैयार कर लिया है। यमुना अथॉरिटी इनेवस्टर्स समिट में 60 हजार करोड़ रुपए का निवेश का प्लान बनाया है। इस निवेश से 2 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। इससे देशी-विदेशी कंपनियां निवेश करेंगी।

यमुना अथॉरिटी ने पिछले साल हुए यूपी इन्वेस्टर्स समिट का भी टारगेट पूरा कर लिया है। अगले साल 2023 में 10, 11 और 12 फरवरी को लखन में यूपी इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन होगा। इन्वेस्टर्स समिट में देशी.विदेशी निवेशकों को निवेश कराने के लिए यमुना अथॉरिटी ने रोडमेप बनाया है। जिसमें सेक्टर-28 में बनने वाले डाटा सेंटर पार्क में 17 हजार करोड़ रुपए का निवेश होगा। देश की सबसे बडी फिल्म सिटी में 10 हजार करोड़ रुपए, फिल्म सिटी की बिड 16 दिसंबर को ओपन होगी। सेक्टर-24 में बनने वाले इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण कलेस्टर में 8 प्लॉट होगे। इसमें 8 हजार करोड़ रुपए का निवेश होगा। इंडस्टीयल सेमी कंडेक्टर स्कीम दिसंबर में लाई जाएगी। इसमें 7 हजार करोड़ रुपए का निवेश होगा। इसमें 9 प्लॉट शामिल होंगे।

बाजना और टप्पल के पास देश का सबसे बड़ा 250 हेक्टेयर में लॉजिस्टिक और वेयर हाउस का निर्माण होगा। इसमें 10 हजार करोड़ रुपए का निवेश होगा। यमुना सिटी के सेक्टर.22ए में सलारपुर अंडरपास के नजदीक कर्मशल प्लॉट की स्कीम निकाली जाएगी। इस स्कीम में 15 प्लॉट शामिल होगे। दो एफएआर होगा और 38 करोड़ रुपए से बोली शुरू होगी। 120 मीटर चौडी रोड पर होगी।

चार, फाइवऔर सेवन स्टार होटल के प्लॉट की स्कीम निकाली जाएगी, इसमें 39 हजार करोड़ रुपए का निवेश होगा। ग्रुप हाउसिंग स्कीम निकाली जाएगी। जिसमें 10-10 एकड एरिया के प्लॉट शामिल होगे। इस स्कीम में शर्ते होगी कि 40 प्रतिशत धनराशी प्लॉट की रजिस्टी के वक्त जमा करानी होगी।

दो साल में कंस्टेक्शन पूरा करना होगा। एसक्रो एकाउंट बिल्डर को खुलवाना होगा। यमुना अथॉरिटी ने चार पेटोल पंप की स्कीम निकाल दी है। इस स्कीम में सेक्टर 18, 20, 22डी और सेक्टर-22 में 1500 से लेकर 1600 वर्ग मीटर साइज के प्लॉट शामिल हैं।

## फिल्म सिटी के लिए सात को प्री बिड मीटिंग

**नोएडा।** यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 21 में प्रस्तावित फि ल्म सिटी को लेकर प्री बिड मीटिंग सात नवंबर को लखनऊ में होगी। इस बैठक में फिल्म उद्योग से जुड़ी 20 बड़ी कंपनी भाग लेंगी। बैठक में कंपनी टेंडर और कंसेशन एग्रीमेंट को लेकर अपनी बात रखेंगे। अगर कोई सुझाव आता है उस पर भी अमल किया जाएगा।

यमुना प्राधिकरण दो सेक्टर 21 में 1000 एकड़ में फिल्म सिटी प्रस्तावित है। पीपीपी मॉडल पर यह परियोजना विकसित होगी। इस पर करीब 10000 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इसके लिए प्राधिकरण ने ग्लोबल टेंडर निकाले हैं। इस परियोजना को लेकर सात नवंबर को लखनऊ में प्रीबिड मीटिंग होगी।

## संक्षिप्त समाचार



हेड कांस्टेबल शांतिस्वरूप की शव यात्रा में कंधा देते वरिष्ठ पुलिस अधिकारी।

### हार्टअटैक से पुलिसकर्मी की मौत

**गाजियाबाद।** ट्रैफिक पुलिस के हेड कांस्टेबल शांतिस्वरूप 55 साल की शुक्रवार सुबह हार्टअटैक से मौत हो गई। वे छिजारसी कट पर तैनात थे। ऑन ड्यूटी उन्हें अटैक आया। साथी पुलिसकर्मी तुरंत फोर्टिस हॉस्पिटल ले गए, जहां उनको मृत घोषित कर दिया। शांतिस्वरूप मूल रूप से जनपद अलीगढ़ के रहने वाले थे। फिलहाल वे गाजियाबाद में हरसाव गांव के नजदीक रह रहे थे। परिजनों से बातचीत में पता चला है कि उन्हें दो बार पहले भी हार्टअटैक आ चुका है। डॉक्टरों के मुताबिक, तीसरी बार के हार्टअटैक में बचना मुश्किल होता है।

### दनकौर में बनेगा खाटू श्याम का भव्य मंदिर

**नोएडा।** श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव के अवसर पर दनकौर में श्री खाटू श्याम सेवा समिति रजिस्टर्ड दनकौर ने समिति के होलोग्राम का अनावरण किया। इस होलोग्राम का अनावरण दनकौर नगर पंचायत अध्यक्ष के द्वारा किया गया। समिति के लोग भी इस दौरान मौजूद रहे। 4 नवंबर को धूमधाम से श्याम जन्मोत्सव मनाया गया। दनकौर में भी श्याम जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। लेकिन उससे पहले श्री खाटू श्याम सेवा समिति रजिस्टर्ड दनकौर ने अपनी समिति के होलोग्राम का अनावरण किया। कमेटी के महासचिव भारत हिंदू ने बताया कि उनका उद्देश्य जालसाजी को रोकना है ताकि कोई भी समिति के नाम पर धोखाधड़ी न कर सके, इसीलिए होलोग्राम का अनावरण किया गया है। दनकौर में भव्य खाटू श्याम मंदिर का निर्माण होने जा रहा है। ऐसे में दानदाता अपना दान देंगे और कुछ लोग ऐसे समय में जालसाजी करने को उतारू हो जाते हैं। ऐसे ही लोगों को रोकने के लिए इस होलोग्राम का अनावरण किया गया है।

### मुठभेड़ के बाद लूट का आरोपी दबोचा

**गाजियाबाद।** पुलिस ने मुठभेड़ के बाद फोटोग्राफर से कैमरा लूटने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। लोनी बॉर्डर थाना प्रभारी योगेंद्र पंवार ने बताया कि आरोपी शिवम पंडित ने दो सप्ताह पूर्व लक्ष्मी गार्डन कॉलोनी में नाला रोड पर फोटोग्राफर को उसी के स्टूडियो में बंधक बनाकर कैमरा लूट लिया था। आरोपी के पैर में गोली लगी है। उपचार के बाद उसका चालान कर दिया गया है।

### सेक्टर-65 की दो कंपनियों से लाखों का सामान चोरी

**नोएडा।** चोरों ने सेक्टर 65 स्थित दो कंपनियों से लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। कंपनी प्रबंधन ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ फेज तीन थाने में केस दर्ज कराया है। आदित्य प्रताप सोलंकी ने बताया कि वह सेक्टर 65 के ए ब्लॉक स्थित एक कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि जब वह 2 नवंबर को ऑफिस पहुंचे तो सारा सामान बिखरा हुआ था। इसके बाद उन्होंने ऑफिस में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो उसमें एक आरोपी नजर आया। वह कंपनी की छत से अंदर घुसा था। छह पर निर्माण कार्य होने के चलते सीढ़ियों का दरवाजा बंद नहीं था। उनका कहना है कि चोर कंपनी से लाखों के आभूषण सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए।

### वाटर वीक का समापन आज, ग्रेनो आयेंगे उपराष्ट्रपति

**नोएडा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पहली बार 5 नवंबर को ग्रेटर नोएडा आएंगे। उपराष्ट्रपति एक्सपो मार्ट में चल रहे वाटर वीक के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। बता दें कि ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में इन दिनों वाटर वीक कार्यक्रम चल रहा है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने एक नवंबर को किया था। उसमें उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, सीएम योगी आदित्यनाथ के अलावा बड़ी संख्या में विदेशी डेलीगेट्स शामिल हुए थे। पांच नवंबर को वाटर वीक का समापन है। इस मौके पर उपराष्ट्रपति शामिल होंगे। आपको बता दें कि इंडिया वाटर वीक के 7वें संस्करण चल रहा है।


**ICICI Bank** पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चकली सर्किल, ओल्ड पाड्रा रोड, वडोदरा, गुजरात पिन-390 007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (पू), मुंबई-400051
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा कर्जदार/रों तथा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूत लेनदार – आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड नीचे वर्णित सम्पत्ति/यां वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 की धारा 13(4) उप नियम 9 के तहत बेचने की प्रक्रिया में है।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम | प्रतिभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | 29 अक्टूबर, 2022 तक बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | सोनू कुमार (कर्जदार) शिव कुमार (गारंटर) | जी/यूएच-801, 8वां तल, टावर-जी, अर्बन होम्स, शाहपुर बम्हेटा, एनएच-24, गाजियाबाद-201001, सुपर एरिया : 585 वर्ग फीट | एलबीएनओडी00002252451 रू. 20,39,518.84 |

प्रतिभूत लेनदार – आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ने उक्त सम्पत्ति/यां दिनांक 28 नवम्बर, 2022 को प्राइवेट ट्रीटी द्वारा बेचने का निर्णय किया है। कर्जदार को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है और प्रतिभूतिकरण अधिनियम (सरफासी) की धारा 13(13) के निबन्धनों में, प्रतिभूत/बंधक सम्पत्ति/यों के संबंध में किसी भी रूप में संव्यवहार करने की मनाही की जाती है तथा सम्पत्ति/यों के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशियों और उन पर आगे ब्याज के प्रभाराधीन होगा। बंधकदाताओं/सूचना प्रेषितियों को पूरी बकाया राशि आगे ब्याज के साथ 25 नवम्बर, 2022 के अप. 05.00 से पहले चुकाने हेतु अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर, प्रतिभूत सम्पत्ति/यां कार्यक्रम के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 05 नवम्बर, 2022 हस्ता./–, प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर ट्रक से एंबुलेंस टकराई, चालक समेत 2 कर्मचारियों की मौत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



बीती रात मसूरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मेरठ एक्सप्रेस.वे पर रसूलपुर सिकरौड़ा के पास रॉन्ग साइड दौड़ रही एक एंबुलेंस सामने से आ रहे तेज रफ्तार टाटा-407 ट्रक से भिड़ गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एंबूलेंस के परखच्चे उड़ गये और ट्रक भी पलट गया। इस दर्दनाक हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, वहीं कई लोग घायल हो गये।

हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पतालों में भर्ती करवाया और एंबुलेंस चालक 23 वर्षीय विनीत निवासी टंडेरा जिला बिजनौल और एंबुलेंस कर्मचारी राकेश मौर्य निवासी रुधौली बस्ती के शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाकर जांच शुरू कर दी। इस संदर्भ में एसपी देहात डॉ इरज राजा का कहना है कि एंबुलेंस के रॉन्ग साइड चलने की वजह से ही यह हादसा हुआ। श्री राजा ने बताया कि यह दुघर्टना उस समय घटी जब एंबूलेंस किसी मरीज को सहारपुर से दिल्ली एम्स में भर्ती करवाकर वापस जा रही थी।

### डंपर ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर

नोएडा। थाना जेवर क्षेत्र के झुप्पा चौकी के पास एक ट्रैक्टर और डंपर में टक्कर हो गई। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना जेवर के थानाध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर पर सवार होकर वेदी (35) तथा उसका भाई रघुनाथ झुप्पा चौकी के पास से गुजर रहे थे, तभी एक अज्ञात डंपर चालक ने उन्हें टक्कर मार दिया। इस घटना में बेदी की मौत हो गई।

### बाइक सवार दो छात्रों को कुचला, एक की मौत

**नोएडा।** थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के सेक्टर.148 के पास सुबह को हुए एक सडक हादसे में एक छात्र की मौत हो गई, जबकि दूसरा छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा स्थित एक कॉलेज से बीसीए की पढ़ाई कर रहे राजकुमार राणा 19 वर्ष तथा उसका दोस्त आलोक तिवारी सुबह को बाइक पर सवार होकर नोएडा से ग्रेटर नोएडा की तरफ जा रहे थे। सेक्टर.148 के पास एक अज्ञात डंपर चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हैं उन्हें टक्कर मार दिया। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।


**प्रपत्र सं. 3**
खविनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें.
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./1565/2021
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 9068
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
अजय आहूजा एवं अन्य

सेवा में,
(1) अजय आहूजा एवं अन्य डी/डब्ल्यू/एस/ओ. मुंशी राम आहूजा श्री अजय आहूजा पुत्र श्री मुंशी राम आहूजा, निवासी फ्लैट नंबर ई-104, एनसीआर वन, टावर – ई, प्रथम तल, सेक्टर-95, गुरूग्राम-122001, हरियाणा
अन्य पता
निवासी मकान नंबर आर-748, रघुबीर नगर, नई दिल्ली-110018
(2) श्री विजय आहूजा पुत्र श्री मुंशी राम आहूजा, निवासी फ्लैट नंबर ई-104, एनसीआर वन, टावर – ई, प्रथम तल, सेक्टर-95, गुरूग्राम – 122001, हरियाणा (सह-आवेदक)
अन्य पता
निवासी मकान नंबर आर-748, रघुबीर नगर, नई दिल्ली-110018
(3) मैसर्स सिद्धार्थ बिल्डहोम प्राइवेट लिमिटेड निवासी दुकान नंबर 1 और 4, लोकल शॉपिंग सेंटर, पुष्प विहार, मदनगीर, नई दिल्ली-110062, इसके प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से बिल्डर

**सम्मन**

जबकि, ओए/1565/2021 माननीय पीठ अधिकारी/ रजिस्ट्रार के समक्ष 11-05-2022 को पेश किया गया था। जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 1,73,68,544/– की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-

i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;

ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;

iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;

iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;

v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।

आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 11-11-2022 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 13-05-2022 को दिया गया।

सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किलस श्री राजेश पुत्र भीम सिंह तथा तनुजा धर्मपत्नि राजेश निवासी A-136, Camp No-4,Jwala Puri,Sunder Vihar, Delhi-110087 ने अपने पुत्र अभिषेक को अपनी सभी समस्त चल तथा अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा उसके दुर्व्यवहार, कदाचरण, असामाजिक कृत्यों के कारण सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। यदि कोई व्यक्ति अभिषेक से किसी भी प्रकार कोई कार्य, लेन देन व सम्बन्ध रखता है उसके लिए वह व्यक्ति स्वंय जिम्मेवार होगा। इस में मेरे मुवक्किल की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**Sanjeev Dwivedi (Advocate)**
48, Gajanand Block,Tis Hazari Courts,ND-54

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Shiv Pati (50% share), Mr. Paras Luthra (17 % Share) and Mr. Kadam Singh Chauhan (33% share) are the owners of Built up First floor, without roof rights "said floor" part of Property bearing XVII/2710-11, area measuring 300 Sq., Yds., out of Khasra No. 824/435, Situated at (Ranjit Nagar), New Delhi. vide a Sale Deed 01.05.2019 vide Doc. No.4908. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**ICICI Bank** शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

**सार्वजनिक सूचना :**
**बिल्डर निरसन**

आपको सूचना दी जाती है कि **अबिनाश कुमार/अंजनी कुमारी** (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या **एलबीजीयूआर00002437442 एवं एलबीजीयूआर00002520098** तथा पता **फ्लैट नंबर टी4-701, अरावली होम्स, दमदमा लेक रोड, ग्राम खाइका, सेक्टर-4, सोहना, गुरूग्राम, हरियाणा** के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।
बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 05 जनवरी, 2022 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि जीएलएस इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।
कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 05 नवम्बर, 2022 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./–

**ICICI Bank** शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

**सार्वजनिक सूचना :**
**बिल्डर निरसन**

आपको सूचना दी जाती है कि **प्रीति राजपूत/अमित कुमार** (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या **एलबीजीयूआर00004882083** तथा पता **फ्लैट नंबर टी5-1207, अरावली होम्स, दमदमा लेक रोड, ग्राम खाइका, सेक्टर-4, सोहना, गुरूग्राम, हरियाणा** के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।
बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित **05 जनवरी, 2022** के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि **जीएलएस इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड** ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।
कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 05 नवम्बर, 2022 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./–

**ICICI Bank** शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

**सार्वजनिक सूचना :**
**बिल्डर निरसन**

आपको सूचना दी जाती है कि **बेबी झा/संतोष झा** (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या **एलबीडीईएल00002455966 एवं एलबीडीईएल00002548882** तथा पता **फ्लैट नंबर टी8-601, अरावली होम्स, टावर 8, ग्राम कैका, सेक्टर-4, सोहना जिला, गुरूग्राम, गुरूग्राम-122103, हरियाणा** के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।
बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित **05 जनवरी, 2022** के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि **जीएलएस इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड** ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।
कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 05 नवम्बर, 2022 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./–

**बिक्री सूचना**

निम्नलिखित आस्ति अधोवर्णित मामलों में, न्यायालय के आदेशों के अनुसार, बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसा है जहां है आधार" तथा "जैसा है जो है आधार" पर नीलामी के माध्यम से बेची जाएगी :-

| वाद विवरण | आस्ति विवरण |
|---|---|
| आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम सतवीर सिंह एवं अन्य (सीएस (सीओएमएम) सं. : 292/22) | वाहन नंबर – यूपी17एटी7086, मेक तथा माडल – टाटा मोटर्स लिमिटेड, टाटा अल्ट्रा 1518 विनिर्माण वर्ष – 2018 |

नीलामी की तिथि : 14 नवम्बर, 2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक
नीलामी की विधि : ऑनलाइन
स्थान : https://cartrade.com
सम्पर्क व्यक्ति – संतोष बलबंतराय (9163343439)/अंकित सोनी (9324948920)

**बिक्री की शर्तें**

उक्त आस्ति का यहां ऊपर विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार वर्णित किया गया है, जो तथापि, उक्त विवरण में किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। अतएव इच्छुक प्रतिभागी/प्रतिभागियों से उनके अपने हित में अनुरोध है कि वे बोली देने से पहले उक्त आस्ति और उससे संबंधित अन्य विवरण के बारे में अपनी संतुष्टि कर लें।
सफल बोलीदाता को बिक्री राशि, पे ऑर्डर/डिमांड ड्राफ्ट/ आरटीजीएस/एनईएफटी द्वारा, स्वीकृति की तिथि से 5 दिन के भीतर, जमा करनी होगी।
इच्छुक बोलीदाता उक्त दृष्टिबंधित वाहन के विस्तृत विवरण तथा निरीक्षण के लिए आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 228ए, एजेसी बोस रोड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चतुर्थ तल, कोलकाता-700020 पधार सकते हैं।

तिथि : 05 नवम्बर, 2022
स्थान : दिल्ली


## पुलिस ने यति नरसिंहानंद को थमाया नोटिस

**गाजियाबाद।** पुलिस ने गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद सरस्वती को नोटिस जारी कर धर्म संसद और उसकी तैयारी के लिए कोई बैठक आयोजित नहीं करने का निर्देश दिया है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जिसके लिए जिला प्रशासन से अनुमति नहीं ली गई है। अपने भड़काऊ बयानों से अक्सर विवाद पैदा करने वाले नरसिंहानंद ने 17 दिसंबर से शुरू हो रहे तीन दिवसीय धर्म संसद को भाजपा के पूर्व सांसद बैकुंठ लाल शर्मा प्रेम की जयंती कार्यक्रम बताया है। योजना के लिए छह दिसंबर कोबैठक बुलाई गई है।

# महेश शर्मा के करीबी भाजपा कार्यकर्ता पर जानलेवा हमला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सांसद महेश शर्मा के करीबी भाजपा कार्यकर्ता पर देर रात जानलेवा हमला हो गया। इस हमले में उसके शरीर में कई जगह फ्रेक्चर भी आया है। जिसकी वजह से उसे गंभीर हालत में उसे आईसीयू में एडमिट कराया गया है। देर रात महेश शर्मा उसे हॉस्पिटल भी देखने के लिए गए थे।

सांसद ने पुलिस को आरोपियों को पकड़ने के लिए 36 घंटे का समय दिया है। संचित शर्मा उर्फ सिग्गा पंडित स्कोर्पियो से अपने एक साथी के साथ जा रहे थे। तभी केंद्रीय विहार एडब्लूएचओ सोसाइटी के पास उनकी गाड़ी को एक गाड़ी ने ओवरटेक कर जबरन रोक लिया।

जिसके बाद उन्हें बुरी तरह मारा पीटा था। सांसद महेश शर्मा ने आरोप लगाया है कि संचित पर बंदूक तानी गई लेकिन भीड़ आ जाने की वजह से हमलावर भाग गए।

फिलहाल संचित को ग्रेटर नोएडा के कैलाश हास्पिटल में एडमिट कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। डाक्टर ने बताया कि मरीज की हालत काफी गंभीर है।

# चलती बस में महिला ने बच्चे को दिया जन्म

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में एक चलती रोडवेज बस में महिला ने बच्चे को जन्म दिया। यह बस दिल्ली से बदायूं के लिए जा रही थी। जैसे ही महिला ने बच्चे को जन्म दिया चालक और परिचालक ने उसको दादरी के अस्पताल में भर्ती करा दिया।

जच्चा-बच्चा की अस्पताल से छुट्टी होने के बाद ही चालक परिचालक बस को लेकर वहां से रवाना हुए। रोडवेज बस के परिचालक एके गौतम ने बताया कि गुरुवार रात को वह लोग बदायूं डिपो की बस को दिल्ली से लेकर बंदायू लेकर जा रहे थे। उसमें 30 से ज्यादा सवारी सवार थीं। जब बस लाल कुआं के पास पहुंची तभी बस में सवार शाहजहांपुर की एक महिला पूजा को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई।

उसका पति धनीराम भी उसी के साथ था। इन लोगों ने जैसे ही बस को साइड में लगाया, उसी दौरान महिला को प्रसव हुआ और महिला ने एक लड़के को जन्म दे दिया। बस में सवार महिलाओं ने भी महिला की मदद की।

# वार्ड आरक्षण की फर्जी सूची बेचकर पार्षदों से ठगी

**● निगम कर्मचारी के खिलाफ शिकायत दर्ज**

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




नगर निगम में भी कई कर्मचारी कमाल के हैं। इनमें से एक कर्मचारी तो ऐसा है जो कमाई का कोई भी मौका हाथ से नहीं जाने दे रहा है।

यह कर्मचारी आउट सोर्सिंग के जरिए ही नगर निगम में नौकरी कर रहा है। इस कर्मचारी ने एक फर्जी वार्ड आरक्षण सूची कई पार्षदों को बेचकर उनको कई हजार रुपये की चपत लगा दी। इस आरक्षण सूची की पोल तब खुली जब असली आरक्षण सूची वायरल हुई। ऐसे में जो पार्षद नगर निगम के इस कर्मचारी ने ठगे अब वह परेशान हैं। वह इसकी शिकायत भी किसी से करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं।

दरअसल नगर निगम में तैनात यह कर्मचारी कई बार सुर्खियों में रहा है। प्रभावशाली माने जा रहे इस कर्मचारी पर नगर आयुक्त भी एक्शन लेने की हिम्मत कभी नहीं जुटा पाए हैं। पूर्व नगर आयुक्त को भी इस कर्मचारी की कई शिकायतें मिलती रही हैं। मगर वह भी इस कर्मचारी पर कभी एक्शन नहीं ले पाए। कारण यह कर्मचारी काफी प्रभावशाली माना जाता है। यही कारण है कि अब इस कर्मचारी को किसी का डर नहीं है।

इसी के चलते ही जब भी उसे मौका मिलता है वह कर्मचारी कुछ न कुछ ऐसी हरकत करता है जिससे नगर निगम का नाम बदनाम होता है। इस बार भी एक ऐसा ही मामला सामने आया। इस कर्मचारी ने एक वार्ड आरक्षण की फर्जी सूची तैयार की।

## घरेलू कलह से तंग आकर कांस्टेबल ने फांसी लगाई

**नोएडा।** नोएडा में थाना सूरजपुर क्षेत्र में स्थित पुलिस लाइन में रहने वाले एक 32 वर्षीय कांस्टेबल ने पारिवारिक विवाद के चलते आज तड़के पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय राम बदन सिंह ने बताया कि पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल अरुण कुमार 2011 में पुलिस में भर्ती हुए थे। सहारनपुर के रहने वाले अरूण कुमार अपनी पत्नी पूनम के साथ पुलिस लाइन के आवासीय परिसर में ही रहते थे। उनकी पत्नी भी पुलिस में है। तड़के थाना सूरजपुर पुलिस को सूचना मिली कि अरुण ने आत्महत्या कर ली है। डीसीपी ने बताया कि आसपास के लोगों से पूछताछ के आधार पर पता चला कि पति-पत्नी में विवाद होता था।

# ग्रेनो-नोएडा में दमघोंटू हवा से फूला लोगों का दम

**● आसमान पर छाई प्रदूषण की परत, दमा रोगियों की बढ़ी आफत**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा-ग्रेटर नोएडा में इस साल की सबसे ज्यादा दमघोंटू हवा रही। नोएडा का एक्यूआई 423 और ग्रेटर नोएडा का 418 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है।

इस सीजन में अबतक का यह दोनों शहरों में सबसे ज्यादा एक्यूआई रहा है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने ग्रैप के तहत चौथे चरण की योजना लागू कर दी है। दिनभर नोएडा और ग्रेनो में प्रदूषण की परत छाई रही। औद्योगिक इकाइयों से निकले वाले कार्बन उत्सर्जन, यातायात व सड़कों पर उड़ने वाली धूल से हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। इससे दमा और सांस रोगियों की समस्या बढ़ गई है। एक माह के भीतर एक्यूआई में दो से ढाई गुना तक की वृद्धि हुई है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा के क्षेत्रों में सबसे ज्यादा आबोहवा नोएडा सेक्टर-62 की है। शाम छह बजे तक सेक्टर-62 का एक्यूआई 455 दर्ज किया गया। दूसरे स्थान पर ग्रेटर नोएडा नॉलेज पार्क 3 की हवा रही। यहां एक्यूआई 440 रहा। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने गुरुवार को सेक्टर-69 के तीन आवासीय भूंखड पर 20-20 हजार, सेक्टर-45 नोएडा की कार्यदायी संस्था और जेआईएस सब स्टेशन पर 50-50 हजार, सेक्टर-116 के चार आवासीय भूंखडों पर 20-20 हजार और सेक्टर-80 के औद्योगिक भूखंड पर 50 हजार जुर्माना लगाया है। कुल 11 उल्लंघनकार्ताओं पर 3.40 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है।

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी प्रवीण कुमार ने कहा, नोएडा.ग्रेनो में ग्रैप के तहत चौथे चरण की योजना लागू कर दी गई है। अब शहर में 450 एक्यूआई के ऊपर के नियमों का पालन कराकर कार्रवाई होगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# पंजाब पराली जलाने से रोकने को उठाए कदम

## दिल्ली के उपराज्यपाल ने राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान को लिखा पत्र


एलजी विनय कुमार सक्सेना


मुख्यमंत्री भगवंत मान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली की हवा में घुला जहर लगातार बढ़ता जा रहा है। अब यह इस कदर खतरनाक हो गया है कि स्कूल बंद करने की नौबत आ गई है। इस मुद्दे पर सियासत भी गरमा गई है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखकर राज्य में पराली जलाने की घटनाओं लिए तत्काल ठोस कदम उठाने को कहा है।

वहीं मान ने पलटवार करते हुए सक्सेना पर निर्वाचित सरकार के कामकाज में बाधाएं उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उपराज्यपाल मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहे हैं। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि वह राज्य में पराली जलाने पर नियंत्रण के लिए तत्काल और ठोस कदम उठाएं, क्योंकि इसके कारण राष्ट्रीय राजधानी एक बार फिर से गैस चैंबर में बदल गई है।

मान को लिखे पत्र में सक्सेना ने कहा कि यह चौंकाने वाला है कि मुद्दे को हल करने के बजाय, कुछ तत्व अनुचित आरोप-प्रत्यारोप और बहानेबाजी कर रहे हैं और गंभीर संकट की स्थिति में भी जिम्मेदारियों से बचने के प्रयास कर रहे हैं।

वे दिल्ली और इसके निवासियों की ओर से मान से सभी उपलब्ध संसाधनों और मशीनरी को सक्रिय करने का आग्रह करते हैं ताकि किसान इन गलतियों को दोहराने से बचें। उन्होंने लिखा, आपसे अनुरोध है कि पंजाब में जल रही पराली को नियंत्रित करने के लिए तत्काल और ठोस उपाय करें, जिसने राष्ट्रीय राजधानी को एक बार फिर से गैस चैंबर में बदल दिया है। एलजी ने पत्र में कहा, यह सभी को मालूम है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है और धुएं के कारण इसके अति गंभीर श्रेणी में पहुंचने का खतरा मंडरा रहा है, जिसमें 95 प्रतिशत प्रदूषण पंजाब में पराली जलाने से उत्पन्न हो रहा है। उपराज्यपाल ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 24 अक्टूबर से लेकर दो नवंबर, 2022 तक 2021 में इसी अवधि के मुकाबले पराली जलाने के मामलों में 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है।

प्रामाणिक आंकड़े खतरनाक तस्वीर पेश करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में इसी अवधि में जहां, 18066 मामले सामने आए थे। वहीं वर्ष 2022 में यह बढ़कर 21840 हो चुके हैं। दो नवंबर को ही पूरे देश के पांच राज्यों (पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान) में पराली जलाने के 3,825 मामले सामने आए थे, जिसमें से 3634 केवल पंजाब के थे। जबकि दिल्ली से कोई भी मामला सामने नहीं आया।

परिणामस्वरूप स्थिति ने दिल्ली और एनसीआर में स्वास्थ्य आपातकाल की स्थिति पैदा कर दी है जिसमें ओपीडी और अस्पतालों में मरीज कई गुना बढ़ गए हैं। उपराज्यपाल ने जोर देकर कहा कि बच्चे और बुजुर्ग असमान रूप से प्रभावित हुए हैं और हर आम नागरिक को आंखों में लगातार जलन, खांसी, नाक बंद, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ के बीच सांस लेने में तकलीफ का सामना करना पड़ा रहा है। मौजूदा स्थिति नागरिकों के स्वास्थ्य के मौलिक अधिकार और जीवन के अधिकार का उल्लंघन है।

यह आश्चर्य की बात है कि इन पहलों और हस्तक्षेपों के बावजूद, विशेष रूप से पंजाब में पराली जलाने के मामले न केवल बेरोकटोक जारी रहे हैं, बल्कि दुखद रूप से बढ़े हैं और अन्य स्थानों के साथ-साथ राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहे हैं।

एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में, सरकार से उम्मीद की जाती है कि वह मानव स्वास्थ्य और जीवन के लिए इस तरह के संभावित नुकसान को दूर करने के लिए एक बहु-मोडल और सक्रिय दृष्टिकोण अपनाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से भी इस मामले का संज्ञान लेने का अनुरोध किया है, भले ही उनका राज्य इस खतरे में शून्य योगदान देता है। उन्होंने केजरीवाल को भी इस संबंध में मान से बात करने की सलाह दी है। इसके जवाब में मान ने कहा कि इतने गंभीर मुद्दे का राजनीतिकरण करना ठीक नहीं है। मान ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि एलजी को दिल्ली की चुनी हुई सरकार के कामों को रोक रहे हो। रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ कैंपेन को रोक दिया और उन्हें चिट्ठी लिखकर राजनीति कर रहे है। इतने गंभीर विषय पर राजनीति ठीक नहीं।


राजधानी में दमघोंटू हवा के बीच स्कूल से वापस लौटता स्कूली छात्र। फोटो: रंजन डिमरी

## पराली जलाना राजनीतिक मुद्दा नहीं राज्य कदम उठाएं : नरेंद्र तोमर



***नई दिल्ली।*** *केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने पंजाब समेत उत्तर भारत के चार प्रमुख राज्यों में पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्यों से इसे नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 से केंद्र सरकार ने राज्यों को पराली जलाने की घटनाओं के प्रबंधन के लिए कोष और मशीनें उपलब्ध कराई हैं। पराली जलाना राजनीतिक मुद्दा नहीं है और राज्यों को इस पर अंकुश लगाने की दिशा में काम करना चाहिए। कृषि अनुसंधान निकाय द्वारा विकसित पूसा डीकंपोजर पराली जलाने की समस्या से निपटने के मद्देनजर प्रभावी है। तोमर ने राज्य सरकारों के साथ-साथ किसानों से ऐसी और तकनीक का उपयोग करने की अपील की। पूसा डिकंपोजर के जरिए पराली को सामान्य तौर पर लगने वाले समय की तुलना में बेहद तेजी से खाद में बदला जा सकता है।*

## सीएम पद से इस्तीफा दें केजरीवाल : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने वायु प्रदूषण की खतरनाक स्थिति की जिम्मेदारी ली है जिसके बाद अब उन्हें पद से तत्काल इस्तीफा देना चाहिए और राजधानी के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। पार्टी नेता गौरव वल्लभ ने यह भी कहा कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और दिल्ली सरकार को बताना चाहिए कि अगले 15 दिनों में वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए क्या कदम उठाए।

# प्रदूषण पंजाब-दिल्ली की नहीं, पूरे उत्तर भारत की समस्या : मुख्यमंत्री

- केजरीवाल व भगवंत मान ने ली जिम्मेदारी, अगले साल तक पराली के धुएं से निजात दिलाने का किया वादा


मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पिछले एक हफ्ते से अधिक समय से दिल्ली एनसीआर में जानलेवा प्रदूषण से लोग बेहाल है। इस बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान ने समस्या की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि प्रदूषण केवल पंजाब दिल्ली की समस्या नहीं है। यह पूरे उत्तर भारत की समस्या है। आरोप-प्रत्यारोप का खेल बंद कर इसका समाधान तलाशना चाहिए। पंजाब में आप सरकार को सिर्फ छह महीने का समय मिला। उन्होंने अगले साल तक पराली के धुएं से निजात दिलाने का वादा किया है।

सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केंद्र सरकार को संयुक्त बैठक कर प्रदूषण के कारणों पर काम करना पड़ेगा। ताकि पूरे उत्तर भारत को प्रदूषण से बचाया जा सके। दिल्ली की हवा जितनी खराब है, उतनी ही उत्तर प्रदेश, हरियाणा, बिहार और राजस्थान के शहरों की भी खराब है। दूसरे शहरों में केजरीवाल की वजह से प्रदूषण नहीं हो रहा है। पंजाब में पराली जल रही है, इसके लिए किसान जिम्मेदार नहीं हैं, वह जिम्मेदार हैं। वहीं, मान ने कहा कि उन्होंने पराली की समस्या को खत्म करने के लिए 1.20 लाख मशीनें दी, एप बनाया और बॉयो एनर्जी का प्लांट लगाने समेत कई कदम उठाए। उन्होंने अगले साल नवंबर तक पराली की समस्या से निजात दिलाने का दावा किया है।

### यह समय एक दूसरे पर उंगली उठाने का नहीं, बल्कि समाधान देने का है

केजरीवाल ने कहा कि यह समय एक-दूसरे पर उंगली उठाने का नहीं है बल्कि समाधान देने का है। हम राजनीति करते रहे लेकिन इससे कोई समाधान तो नहीं निकलता है। जनता को तो समाधान चाहिए। हम मानते हैं कि पंजाब में पराली जल रही है। इसके लिए किसान जिम्मेदार नहीं है। किसानों को समाधान चाहिए।

किसानों को जिस दिन समाधान मिल जाएगा, वो पराली जलाना बंद कर देंगे। इसके लिए केंद्र सरकार को सामने आकर प्रदूषण के कारणों के उपर काम करना पड़ेगा और जहां प्रदूषण है, वहां दिल्ली की तरह सारे कदम उठाने की जरूरत है।

इसके अलावा संयुक्त बैठक होनी चाहिए और विशेषज्ञों से बातचीत होनी चाहिए। ज्ञात हो दिल्ली और एनसीआर में लगातार वायु प्रदूषण बढ़ रहा है।

# दूसरे चरण में 15,500 छात्रों ने लिया दाखिला



- दिल्ली विश्वविद्यालय में बची है सिर्फ 9500 सीटें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के रजिस्ट्रार विकास गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि सीट आवंटन के दूसरे चरण में विश्वविद्यालय के कॉलेजों में 15,500 से अधिक छात्रों ने दाखिला लिया है।

इसके साथ ही विश्वविद्यालय में अब तक दाखिला लेने वाले छात्रों की कुल संख्या 61,500 से अधिक हो गई है। विश्वविद्यालय में करीब 70,000 सीट हैं। सीट आवंटन के दूसरे चरण में दाखिला लेने वाले 15,550 छात्रों में से 9,626 को पहली सूची में आवंटित सीट से अपग्रेड किया गया, जबकि 3,806 दाखिले नए थे। डीयू के रजिस्ट्रार ने यहां एक बयान में यह जानकारी दी। विश्वविद्यालय ने दो चरण में सीट आवंटित किए जाने के बाद खाली सीट की संख्या के बारे में भी अपनी वेबसाइट पर छात्रों को सूचित किया है।

गौरतलब है कि दिल्ली विश्वविद्यालय सीएसएएस राउंड 1 एवं 2 के लिए एडमिशन पूरे हो चुके हैं। अब डीयू ने तीसरे राउंड की रिक्त सीटों की लिस्ट घोषित कर दी है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी प्रवेश कार्यक्रम के अनुसार अब मिड एंट्री एवं प्राथमिकता में संशोधन करने की विंडो 5 नवम्बर से शुरू होगी। मिट एंट्री सुविधा से जो उम्मीदवार एडमिशन लेना चाहते हैं वे राउंड 3 के लिए भी आवेदन कर सकते हैं।

# सरकार ने दो लाख फर्जी श्रमिकों का कराया पंजीकरण : संबित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा ने दिल्ली सरकार पर दो लाख फर्जी निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण करने का आरोप लगाया और कहा कि उनके लिए आवंटित धन की हेराफेरी से प्राप्त धनराशि को आम आदमी पार्टी से जुड़े कामकाज में लगाया गया। विपक्षी पार्टी ने दावा किया कि आम आदमी पार्टी के संयोजक की ईमानदारी प्रदूषित हो गई है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने इसे निर्माण श्रमिकों से संबंधित भारत का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार का मामला बताया। उन्होंने कहा कि निर्माण श्रमिकों के लिए काम करने वाले तीन गैर सरकारी संगठनों ने फर्जीवाड़े के माध्यम से उनके पंजीकरण में कथित तौर पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया। भाजपा के इन आरोपों पर आप की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त की गई। दिल्ली भवन और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड मुख्य रूप से निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण और इसकी कल्याणकारी पहल के लिए जिम्मेदार है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार ने फर्जी निर्माण श्रमिकों के लिए 3,000 करोड़ रुपए जारी किए।

# भाजपा जीत के लिए दोहराएगी पुराना फॉर्मूला

- निगम चुनाव में 60 से 70 फीसदी पार्षदों का कोटेगी टिकट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

एमसीडी चुनाव की तारीख का ऐलान होने के साथ ही चुनावी हलचल तेज हो गई है। इस बीच प्रदेश भाजपा ने संकेत दिया कि वह जीत के लिए पुराना फॉर्मूला दोहराएगी और कम से कम 60-70 फीसदी वार्ड पर अपने निवर्तमान पार्षदों को दोबारा मैदान में नहीं उतारेगी।

तीन प्रमुख दलों भाजपा, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने एमसीडी के 250 वार्ड के चुनाव के लिए अपनी रणनीतियों और उम्मीदवारों के चयन पर काम करना शुरू कर दिया है।कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि पार्टी को एमसीडी चुनाव के लिए 1,000 इच्छुक उम्मीदवारों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शनिवार और रविवार को कई बैठकें कर उम्मीदवार चयन प्रक्रिया पर चर्चा करेगी। भाजपा की दिल्ली इकाई के कई नेताओं ने कहा कि यह कहना तकनीकी रूप से गलत है कि पार्टी अपने सभी मौजूदा पार्षदों के स्थान पर नए चेहरों को टिकट देगी।




भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, वार्ड की संख्या में कमी, महिलाओं और अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित सीटों के क्रमवार परिवर्तन और परिसीमन जैसे कई कारकों के चलते लगभग 60-70 फीसदी मौजूदा पार्षद पार्टी टिकट पर अपनी दावेदारी खो सकते हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 30 फीसदी मौजूदा पार्षदों के ही दोबारा भाजपा के टिकट पर मैदान में उतरने की संभावना है। भाजपा नेता ने कहा, ऐसे कई कारण हैं, जिनकी वजह से अधिकांश वार्ड में चेहरों को बदलने की जरूरत पड़ रही है। इस साल की शुरुआत में तीन नगर निगमों के एकीकरण से पहले वार्ड की कुल संख्या 272 थी, जो अब 250 हो गई है।

इस बीच, कांग्रेस नेता अनिल कुमार ने कहा कि उनकी पार्टी एमसीडी चुनाव के लिए तैयार है और पार्टी के चुनाव चिह्न पर लड़ने के लिए कार्यकर्ताओं में उत्साह है। दिल्ली में कांग्रेस को पहले ही (टिकट के लिए) 1,000 से अधिक आवेदन मिल चुके हैं। हालांकि, चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद पार्टी के ऐसे नेताओं और कार्यकर्ताओं को एक और मौका दिया जाएगा। वहीं, आम आदमी पार्टी सूत्रों ने बताया कि पार्टी एमसीडी चुनाव में जीतने की क्षमता वाले उपयुक्त उम्मीदवारों को खोजने के लिए एक सर्वेक्षण भी कर रही है।

### गार्गी कॉलेज छेड़छाड़ मामला

# छह हफ्ते में आरोपपत्र दाखिल करेगी पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

फरवरी 2020 में गार्गी कॉलेज में हुए छेड़छाड़ के मामले में आखिरकार पुलिस छह हफ्ते में आरोप पत्र दाखिल करेंगे। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ वकील एमएल शर्मा की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिन्होंने इस घटना की अदालत की निगरानी में सीबीआई की जांच के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है। अदालत को सूचित किया गया कि इस मामले में 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया था और सभी सीसीटीवी फुटेज जब्त कर लिए गए थे।

आरोपपत्र दाखिल करने में देरी हो रही है क्योंकि विद्यार्थी महामारी की शुरुआत के बाद घर चले गए थे। पीठ ने दिल्ली पुलिस को अपना जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया और एजेंसी से मामले में आरोपपत्र दाखिल करने को कहा। सरकार की तरफ से पेश अतिरिक्त स्थाई वकील नंदिता राव ने अदालत को बताया कि मामले में 450 लोगों की जांच की गई और दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 161 (पुलिस द्वारा गवाहों से पूछताछ) के तहत लड़कियों के बयान दर्ज किए गए।



उन्होंने कहा, आरोपपत्र दाखिल करने में इसलिए देरी हुई है क्योंकि यह घटना कॉलेज में हुई थी और फिर कोविड के कारण सभी लड़कियां अपने गृह नगर वापस चली गई थीं। इसलिए हम मजिस्ट्रेट के समक्ष बयानों की रिकॉर्डिंग के तहत बयान दर्ज कराने का प्रयास कर रहे हैं। छह सप्ताह के भीतर इसे दाखिल किया जाएगा। ज्ञात हो कि छह फरवरी, 2020 को लोगों के एक समूह ने रेवेरी फेस्ट के दौरान गार्गी कॉलेज में तोड़-फोड़ की और कथित तौर पर उपस्थित छात्राओं से छेड़छाड़ की।

## सरकारी अस्पताल में चपरासी ने किशोरी से किया दुष्कर्म

**नई दिल्ली।** सरकारी अस्पताल में काम करने वाले चपरासी को अस्पताल के कमरे में एक किशोरी के साथ कथित रूप से बलात्कार करने के कारण गिरफ्तार किया गया। जीटीबी एन्क्लेव थाने को राजीव गांधी सुपर स्पेशियालिटी अस्पताल के कमरे में पड़ोसी ने एक नाबालिग किशोरी के साथ बलात्कार किया है।

पीड़िता ने बयान में कहा कि वह और आरोपी मित्र हैं और किशोरी उससे मिलने अस्पताल गई थी। आरोपी किशोरी को अपने साथ एक कमरे में ले गया, जहां कथित रूप से बलात्कार किया। लड़की की मेडिकल जांच के बाद संबंधित कानून के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## धनखड़ हत्याकांडः आरोपी को परीक्षा देने के लिए मिली कोर्ट से मिली कस्टडी पैरोल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने पहलवान सागर धनखड़ हत्याकांड के एक आरोपी को परीक्षा में शामिल होने के लिए हिरासत में पैरोल (कस्टडी पैरोल) की अनुमति दी है।

आरोपी गौरव लाउरा ने पांच नवंबर और नौ नवंबर को परीक्षा में शामिल होने के लिए हिरासत में कस्टडी बेल या पैरोल मंजूर करने के लिए अर्जी दायर की थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शिवाजी आनंद ने बुधवार को पारित एक आदेश में कहा, आरोपी को पांच नवंबर, 2022 और नौ नवंबर, 2022 को दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक उसकी परीक्षा में शामिल होने के लिए हिरासत में पैरोल की अनुमति दी जाती है। न्यायाधीश ने कहा कि आरोपी कक्षा 12 वीं का छात्र था और उसे पहले भी एक परीक्षा लिए पैरोल दी गई थी। अदालत ने आगे कहा कि आरोपी को संबंधित खर्च के लिए जेल अधिकारियों के पास 20,000 रुपए जमा कराना होगा और बाकी खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। इसके बाद, आरोपी के वकील ने यह कहते हुए राशि कम करने का अनुरोध किया कि आरोपी एक गरीब परिवार से है। न्यायाधीश ने में कहा तथ्य पर विचार करते हुए कि आरोपी को परीक्षा में हिस्सा लेने के उद्देश्य से हिरासत में पैरोल मंजूर की गई है।

# डीयू के विवेकानंद कॉलेज में एस्ट्रो-टर्फ पर होंगे हॉकी मैच

## उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया व विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने किया उद्घाटन

- कॉलेज की छात्राओं के साथ-साथ आसपास के अन्य खिलाडी भी निखार सकेंगे अपनी प्रतिभा : सिसोदिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विवेकानंद कॉलेज की छात्राओं को मिलेगी विश्वस्तरीय एस्ट्रो-टर्फ की सुविधा। केजरीवाल सरकार हॉकी को बढ़ावा देने के मकसद से कॉलेज में हॉकी मैदान का निर्माण कराया है। इस हॉकी मैदान का इस्तेमाल कॉलेज कि छात्राओं के साथ ही आस-पास के क्षेत्र के अन्य खिलाड़ियों को भी यहाँ अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलेगा। मैदान में फ्लड लाइट की सुविधा होने से खिलाडी यहाँ दिन के और रात में भी अभ्यास कर सकेंगे। उपमुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया और विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने शुक्रवार हो इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर मनीष सिसोदिया ने कहा कि केजरीवाल सरकार हॉकी को बढ़ावा देने के लिए चार विश्व-स्तरीय एस्ट्रो-टर्फ हॉकी फील्ड बनवा चुकी है। आज इस क्रम में विवेकानंद कॉलेज का यह हॉकी फील्ड भी शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और खिलाड़ियों को स्तरीय सुविधाएं मुहैया करा रही है ताकि उभरते खिलाड़ी दिल्ली के साथ देश का नाम रोशन करें। हॉकी खेल में जो खिलाडी आगे बढ़ना चाहते है उनकी शिकायत होती है कि उन्हें खेलने के लिए अच्छे मैदान नहीं मिलते है। पिछले 7 सालों में सरकार ने पूरी खेल के लिए मूलभूत सुविधाएं बढाने और उन्हें वर्ल्ड-क्लास बनाने का काम किया है ताकि उभरते खिलाडी विश्वस्तर पर देश का नाम रोशन कर सकें।


उपमुख्यमंत्री सिसोदिया व विस अध्यक्ष रामनिवास गोयल एस्ट्रो टर्फ का उद्घाटन करते हुए।

### हॉकी मैदान की विशेषताएं

मैदान अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर बनाया गया है। यह सिंथेटिक हॉकी टर्फ 100 मीटर लम्बा व 42 मीटर चौड़ा है। रात में भी खिलाडी अभ्यास कर सकें तथा मैच का आयोजन हो सकें इसके लिए मैदान में लगे है 31 मीटर के 4 हाई-मास्ट फ्लड लाइट।

टर्फ के नीचे 1.5 लाख लीटर क्षमता का वाटर स्टोरेज टैंक मौजूद। पानी के छिडकाव के लिए मैदान में लगे है 6 आटोमेटिक स्प्रिंकलर।

मैदान के लिए अलग से ड्रेनेज की व्यवस्था, साथ ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी बनाया गया है। मैदान के साथ कोच रूम, स्टोर रूम व 2 चेंजिंग रूम मौजूद है।

# हंसराज कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम छात्रों को शिक्षा नीति के बारे में बताया



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

हंसराज कॉलेज में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के तहत नए पाठ्यक्रम की बारीकियों में बताया गया। प्राचार्या प्रो. रमा ने कॉलेज की विशिष्टताओं से विद्यार्थियों को परिचित कराया। मुख्य अतिथि डॉ. विकास गुप्ता ने कहा कि हंसराज कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालयों की श्रेणी में आता है। डीन अकादमिक प्रो. रत्नावली के. ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत नए फ्रेमवर्क और पाठ्यक्रमों को विस्तार से बताया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कॉलेज की संगीत समिति 'स्वरांजलि' के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस दौरान महाविद्यालय की उप प्राचार्या अलका कक्कड़ ने कॉलेज का परिचय देते हुए नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत किया।

# अवार्ड देने ही नहीं लेने में भी अव्वल मनोहर सरकार

### 2014 से अब तक 165 अवार्ड से सम्मानित हो चुकी है मनोहर सरकार

### भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डा. संजय शर्मा ने कहा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मनोहर** सरकार, जिसने ना केवल खिलाड़ियों को करोड़ों रुपये के अवार्ड और पुरस्कार देकर सम्मानित किया, बल्कि खुद भी अवार्ड लेकर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डा. संजय शर्मा का कहना है कि मनोहर सरकार भी जनता के हितार्थ किए गए कामों के बलबूते पर अवार्डों की झड़ी लगा रही है। 8 सालों में मनोहर सरकार 165 अवार्डों से सम्मानित हो चुकी है। भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश मीडिया प्रमुख डा. संजय शर्मा ने बताया कि मनोहर सरकार को गन्ना विकास के लिए सबसे पहला पुरस्कार 2015 में नई दिल्ली में मिला था। इसके बाद यह अवार्ड मिलने का सिलसिला ऐसा चला कि 2015 में मनोहर सरकार को 19 अवार्ड मिले। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में 26 अवार्ड हरियाणा की झोली में आए। वहीं वर्ष 2017 में 49 अवार्डों से मनोहर सरकार सम्मानित हुई। अगर वर्ष 2018 की बात करें तो 32 अवार्ड मनोहर सरकार को मिले। वर्ष 2019 में 20 तथा वर्ष 2020 में 9 पुरस्कारों से मनोहर सरकार को सम्मानित किया गया। वर्ष 2021 में डिजिटल इंडिया अवार्ड और गोल्ड अवार्ड अंत्योदय सरल परियोजना के लिए नई दिल्ली में दिया गया।



संजय शर्मा।

वर्ष 2022 में मनोहर सरकार को राज्य में मेडिकल कालेज में क्रिटिकल केयर आईसीयू स्थापना के लिए अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन पुरस्कार 2021 मिला। तथा खेलों को बढ़ावा देने के लिए सबश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार मिला। वहीं एमएसएमई क्षेत्र के प्रचार और विकास में राज्य के योगदान के लिए राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार से नवाजा गया।

शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाएं, पुलिस विभाग, खेल एवं युवा तथा किसानों के हितार्थ किए गए कामों में हरियाणा सरकार पुरस्कृत हुई। उन्होंने बताया कि 2022 में 7 पुरस्कार मिल चुके हैं और अब आठवां बेस्ट स्टेट का अवार्ड 9 नवंबर को मिलेगा। शर्मा ने बताया कि हरियाणा की मनोहर सरकार प्रदेश के मेडल विजेता खिलाड़ियों को करोड़ों के नकद इनाम देकर उनका उत्साह तो बढ़ा ही रही है साथ ही खुद भी अवार्ड लेने में अव्वल साबित हो रही है।

# आज से यातायात के लिए खुलेगा बस अड्डे के पास अंडरपास

### बसई चौक पर नवनिर्मित फ्लाईओवर भी होगा शुरू

### मुख्यमंत्री करेंगे दोनों परियोजनाओं का लोकार्पण

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**शहर** में फ्लाईओवर और अंडरपास की सूची में दो स्थानों के नाम और जुड़ गए हैं। शनिवार को बस अड्डे के पास बनकर तैयार अंडरपास और बसई में फ्लाईओवर का लोकार्पण होगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल यह लोकार्पण करके गुरुग्राम की जनता को यातायात जाम से राहत देंगे।

गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) की दो मुख्य परियोजनाओं बसई चौक पर नवनिर्मित फ्लाईओवर तथा महावीर चौक पर बनाए गए अंडरपास पर लगभग 140 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इन परियोजनाओं के शुरू होने से स्थानीय नागरिकों को बड़े पैमाने पर लाभ होगा। इससे जहां एक तरफ यातायात सुगम होगा, वहीं दूसरी ओर उन्हें इन मुख्य मार्गों पर लगने वाले ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। इससे लोगों को पहले की अपेक्षा बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। बसई फ्लाईओवर की अप्रोच रोड के साथ कुल लंबाई 820 मीटर है। यह फ्लाईओवर उमंग भारद्वाज चौक को सेक्टर-9 व 9 ए से जोड़ता है, जिससे यहां ट्रैफिक का दबाव कम होगा।

एक अनुमान के अनुसार यहां से रोजाना लगभग 10 हजार से ज्यादा वाहन गुजरते हैं, जिन्हें इस परियोजना से बड़े पैमाने पर लाभ होगा। इस फ्लाईओवर के शुरू होने से वाहन चालकों विशेषकर बसई, सेक्टर-9, सेक्टर-9ए, द्वारका एक्सप्रेस-वे व इसके साथ लगते क्षेत्रों में रहने वाले स्थानीय नागरिकों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि बसई चौक से दिल्ली, झज्जर, रोहतक और अन्य मुख्य स्थानों की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए भी इससे यातायात सुगम होगा और उन्हें आवागमन में सुविधा होगी। इस फ्लाईओवर को ट्रैफिक परीक्षण के लिए कुछ समय के लिए खोला गया था।



गुरुग्राम में बस अड्डे के पास बनाया गया अंडरपास।

यह पता लगाने का प्रयास किया गया कि वाहन चालकों को इससे कितना लाभ पहुंच रहा है। बसई चौक का समग्र पुनर्विकास परियोजना में बसई गांव के पास रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण, उमंग भारद्वाज चौक और द्वारका एक्सप्रेस-वे के बीच 6-लेन राजमार्ग का निर्माण और साथ ही दो फुटओवर ब्रिज का निर्माण भी शामिल है। जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल के मुताबिक इस परियोजना पर लगभग 114 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। जीएमडीए द्वारा बसई चौक पर जल निकासी का कार्य भी किया जा रहा है।

### बस अड्डे के पास 318 मीटर लंबा बनाया है अंडरपास

**शनिवार** को ही मुख्यमंत्री गुरुग्राम के मुख्य बस अड्डे के पास बनाए गए 318 मीटर लंबे महावीर चौक अंडरपास का भी लोकार्पण करेंगे, जिसके खुलने से पुरानी दिल्ली-गुरुग्राम रोड और बस स्टैंड रोड के बीच कनेक्टिविटी में सुधार होगा। इस व्यस्त चौराहे पर वाहनों की आवाजाही सुगम होगी।

इस परियोजना में जीएमडीए की ओर से लोक निर्माण (बीएण्डआर) विभाग द्वारा 2.1 किलोमीटर रोड और 221 मीटर एलिवेटेड वॉकवे का निर्माण शामिल है। उद्घाटन के बाद अंडरपास को आमजन के लिए खोला जाएगा। इसके अलावा वॉकवे और सरफेस रोड का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना की कुल लागत 25.91 करोड़ रुपये है।

# अपग्रैड ने सभी एमएण्डए को पेरेंट कंपनी में शामिल करने के लिये मर्जर स्कीम फाइल की

### सारी लागत और नई संरचना तथा एकीकरण वृद्धि पूंजी वित्तीय वर्ष 22 और थोड़ी वित्तीय वर्ष 23 में खर्च होगी

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

**एशिया** की सबसे बड़ी हायर एडटेक कंपनी अपग्रैड ने आज भारत में अपने सारे एमएण्डए को 'वन अपग्रैड' में विलय करने की व्यापक योजनाओं और एकीकरण की प्रक्रिया को मार्च से जून 2023 तक पूरा करने की घोषणा की है। अपग्रैड अब तक बाहरी वित्तपोषण जुटाने में पूंजी के बावत सबसे सक्षम रही है। इसने 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर से कम जुटाए हैं, जोकि किसी भी दूसरी कंपनी से काफी कम हैं। इसके साथ ही कंपनी ने 2024 के लिये आईपीओ को तैयार करने में कॉर्पोरेट संरचना को विलयों और उनकी वृद्धि की पूंजी से जुड़े वित्तीय वर्ष 2022 और वित्तीय वर्ष 2023 के फाइनेंशियल्स में आंशिक रूप से सभी खर्चों को भी आसान बनाने का फैसला किया है। अपग्रैड के सह-संस्थापक एवं एमडी मयंक कुमार ने कहा, हमें खुशी है कि हमारे एमएण्डए से 15 से ज्यादा सह-संस्थापक अपग्रैड की नेतृत्व टीम में शामिल हो रहे हैं और एकीकृत दृष्टिकोण में भागीदार बन रहे हैं- जिसमें अपग्रेड भारत, एशिया और दुनिया के कॉलेज विद्यार्थियों और कामकाजी पेशेवरों के जीवनभर सीखने के सफर पर असर डालेगी। हर कोई सीखने वालों को इक्कीसवीं और बाइसवीं सदी के लिये भी, रोजगार के लिये तैयार करने में योगदान देता है। हमारा मॉडल अनोखा है और हम भारत तथा विश्व में अपने साथियों की विविधता का स्वागत करते हैं, ताकि रोजगार योग्यता के परिदृश्य को बदलने और दुनिया के लिये भारत का एडटेक लीडर बनने का अपना लंबे समय का सपना साकार कर सकें। इस एकीकरण से हम भविष्य के सूचीकरण के लिये भी आर्थिक रूप से तैयार होंगे, क्योंकि हमारे पास पिछले और इस वर्ष के बीच का खर्च रहेगा, ताकि हम उच्च वृद्धि और लाभदेयता के मॉडल पर ध्यान केंद्रित कर सकें और एक प्रभाव पैदा कर सकें।

# सोहना नगर परिषद उप प्रधान चुनाव 16 को, अधिसूचना हुई जारी

### प्रशासन ने चुनाव की दिखाई हरी झंडी, प्रक्रिया ने पकड़ी गति

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** नगर परिषद कार्यालय में एक बार फिर राजनीतिक गतिविधियां गरमाने लगी हैं। नगर परिषद के उपप्रधान का चुनाव कराने की प्रक्रिया फिर से होने लगी है। जिसकी प्रशासन की तरफ से हरी झंडी दिखा दी गई है।

नगर परिषद चेयरपर्सन के पद ग्रहण और शैक्षणिक योग्यता पर सवालियां निशान लगने के बाद मामला अदालत में विचाराधीन होने से करीब पांच माह से राजनीति गतिविधियां शांत होकर रह गईं। लेकिन परिषद की राजनीति में उपप्रधान चुनाव को लेकर हलचल शुरू होने लगी है। जिसका चुनाव 16 नवंबर को होना तय हो गया है। इस चुनाव को एसडीएम जितेन्द्र गर्ग अपनी अध्यक्षता में कराएंगे। इस अवसर पर वह पार्षद भी शपथ ग्रहण प्राप्त करेंगे। जिन्होंने पहले चरण में किसी कारणवश शपथ नहीं ली थी। नगर परिषद के उपप्रधान की चुनाव परिषद कार्यालय के सभागार भवन में होगा।

इस उपप्रधान चुनाव में परिषद के 21 वार्डों में नवनियुक्त पार्षद भाग लेंगे। चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए सभी पार्षदों को पत्र लिखकर सूचित कर दिया है। उपप्रधान चुनाव को लेकर चयन को लेकर पार्षदों के बीच जोड़तोड़ की राजनीति शुरू हो गई है। जानकार सूत्रों के अनुसार उपप्रधान किसको बनाया जाएगा। इस प्रश्न को लेकर पार्षद दो गुटों के बीच में बंट गए हैं। लेकिन पार्षदों का एक गुट भारी पड़ चुका है। यह प्रक्रिया अगस्त माह में लगभग पूरी कर ली गई है। लेकिन इसका खुलासा समर्थक दे चुके पार्षद अपने पत्ते खोलकर करना नहीं चाह रहे है, लेकिन उपप्रधान बनने के दौड़ में महिलाओं का भी नाम बराबर चल रहा है।

> उपायुक्त के आदेश पर नगर परिषद उपप्रधान का चुनाव कराने की प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। जिसका चुनाव 16 नवंबर को सुबह 11 बजे होगा।
>
> जितेन्द्र गर्ग (एसडीएम)

## संक्षिप्त समाचार

### इंटर कॉलेज टेबल टेनिस प्रतियोगिता में गुवि बना चैंपियन

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय में शुक्रवार को इंटर कॉलेज टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें गुरुग्राम विवि से संबद्ध विभिन्न कॉलेजों की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता जीयू के खेल विभाग द्वारा कुलपति दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित की गयी। इस दौरान सभी प्रतिभागी जोश में दिखे। इस अवसर पर गुरुग्राम विवि के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि एवं डीन अकादमी अफेयर्स डॉ. सुभाष कुंडु ने संरक्षक के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। इस इंटर कॉलेज टेबल टेनिस प्रतियोगिता में गुरुग्राम विवि की टीम ने पहला, द्रोणाचार्य गवर्नमेंट कॉलेज की टीम ने दूसरा, सूरज पीजी डिग्री कॉलेज और गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज सेक्टर-14 की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए गए। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।



### शिक्षित बेरोजगार करें बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन

**गुरुग्राम।** रोजगार विभाग हरियाणा ने प्रत्येक वर्ष की भांति शिक्षित बेरोजगार प्रार्थियों से नवम्बर महीने में बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए सरल पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित किए हैं। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि आवेदक के पास गुरुग्राम जिला का रिहायशी प्रमाण-पत्र होना चाहिए। आवेदक की आयु 21 से 35 वर्ष के बीच होने के साथ ही 1 नवम्बर 2022 को तीन वर्ष पुराना पंजीकरण होना आवश्यक है। आवेदक के परिवार की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय 3 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए व रिहायशी व कमर्शियल सम्पत्ति की कीमत 10 लाख से अधिक ना हो अथवा कृषि भूमि 2 हेक्टेयर से अधिक ना हो। प्रार्थी 12 वीं पास या दसवीं के बाद दो वर्षीय कोर्स पास होना चाहिए साथ ही वर्तमान में प्रार्थी विद्यार्थी, प्रशिक्षणार्थी अप्रेन्टिस न हो।

### अक्टूबर में सीसीटीवी से किए 92 हजार 142 पोस्टल चालान

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर और अधिक सख्ती बरतते हुए उनके चालान किए जा रहे हैं। इस कार्य में तकनीक का इस्तेमाल करते हुए सेक्टर-44 स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) के माध्यम से जिला में अलग-2 स्थानों पर लगाए गए 1145 सीसीटीवी कैमरों के जरिए ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों की पहचान कर चालान उनके घर भेज जा रहे हैं। पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन के मुताबिक पुलिस ने अक्टूबर माह में ऑनलाइन माध्यम से किए 92142 चालान करके लोगों को भेजे हैं। इनमें बिना हेलमेट, खतरनाक तरीके से वाहन चलाना, रेड लाइट जंप, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, रॉन्ग पार्किंग व बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना आदि शामिल हैं। सबसे ज्यादा चालान बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चालकों के किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला में अक्टूबर माह में बिना हेलमेट के 52220 चालान, खतरनाक तरीके से वाहन चलाना-979, रेड लाइट जंप के1012, रॉन्ग साइड ड्राइविंग के 1020, रॉन्ग पार्किंग के 2472 व बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना-548 ऑनलाइन चालान किए गए हैं। डीसीपी यातायात वीरेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्टल चालान वाहन मालिक के स्थाई पते पर भेजते हैं।

# जागरुक भारत चैरिटेबल ट्रस्ट ने गरीब बेटी की शादी में दिया सामान

**गुरुग्राम।** नर सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। हमें यह सेवा बिना किसी भेदभाव के हमेशा करनी चाहिए। इसी विचारधारा का अनुसरण करते हुये मारुति कुंज नयागांव भोंडसी की राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था जागरुक भारत चैरिटेबल ट्रस्ट ने शनि एनक्लेव में किराए के मकान में रहने वाली एक गरीब बेटी की शादी में उसकी जरूरत का सामान भेंट किया।

सामान में 51 बर्तन, एक सिलाई मशीन, प्रेस, गैस चूल्हा, खाना बनाने के बर्तन, सूटकेस, साड़ियां, कुछ नकदी आदि कन्यादान स्वरूप भेंट की। बेटी की मां को आश्वस्त किया कि यदि उन्हें किसी विशेष सामान की जरूरत हो तो वह भी उनके ट्रस्ट को बताएं, वह सामान भी उनको दे दिया जाएगा। ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं की बातें सुन कर बेटी की मां भावुक हो गई है। ट्रस्ट का इस नेक कार्य के लिये धन्यवाद किया। सामाजिक कार्यकर्ता वेदप्रकाश गौड़ ने बताया कि जागरूक भारत चैरिटेबल ट्रस्ट को जैसे ही पता चला कि किसी जरूरतमंद बेटी को किसी भी तरह की सहायता की आवश्यकता है तो ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं ने बिना समय गवाए उसकी सहायता के लिए मिलकर के सहयोग करने का निश्चय किया।



बेटी की शादी में परिवार को सामान भेंट करते जागरूक भारत चैरिटेबल के सदस्य।

# विद्यार्थियों ने खंड स्तरीय प्रतियोगिता में लोहा मनवाया

### आरबीएसएम स्कूल ने इंद्रधनुष प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना।

**बादशाहपुर** के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में गुरुवार को हुई खंड स्तरीय इंद्रधनुष प्रतियोगिता में आरबीएसएम स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। एकल नृत्य, वाद्य यंत्र, एकल गायन, बैंड प्रतियोगिता, मोनो एक्ट इन सभी प्रतियोगिता में भोंडसी स्थित आरबीएसएम पब्लिक स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपना हुनर दिखाया और जीत हासिल की।



गुरुवार को बादशाहपुर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में हुई खंड स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले आरबीएसएम स्कूल के विद्यार्थी।

आरबीएसएम स्कूल प्रशासन ने गुरुवार को बादशाहपुर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में हुई खंड स्तरीय इंद्रधनुष प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। आरबीएसएम स्कूल के विद्यार्थियों ने एकल नृत्य ,वाद्य यंत्र, एकल गायन, बैंड प्रतियोगिता, मोनो एक्ट इन सभी प्रतियोगिता में भोंडसी स्थित आरबीएसएम पब्लिक स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपना हुनर दिखाया और जीत हासिल की। एकल गायन प्रथम स्थान-कक्षा नौवीं की छात्रा सोनाक्षी, वाद्य यंत्र (हारमोनियम) प्रथम स्थान-कक्षा 9 वीं का छात्र साहिल, बैंड प्रतियोगिता प्रथम स्थान-शिवम, औरजित, प्रगति, शैलेश, रजत, वंश, आशीष, अभय, सुमित ने अपनी योग्यता से जीत हासिल की। खंड स्तरीय प्रतियोगिता में जीत हासिल करने वाले सभी प्रतिभागी अब जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे। आरबीएसएम स्कूल के निर्देशक भागीरथ, राघव, निर्देशिका विमला राघव, प्रधानाचार्य मंजू जांगिड़, कॉर्डिनेटर देवेंद्र कुमार, और सभी अध्यापकगण ने विद्यार्थियों को प्रतिभा पर गर्व जताते हुए उनका हौसला बढ़ाया है।

# रोटरी क्लब के सहयोग से शारदा अस्पताल में नि:शुल्क मैमोग्राफी जांच का आयोजन

### स्तन कैंसर माह के उपलक्ष्य में निःशुल्क मैमोग्राम शिविर का आयोजन किया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**शारदा** अस्पताल नोएडा ने रोटरी क्लब के सहयोग से स्तन कैंसर जागरूकता माह मनाने के लिए नि: शुल्क मैमोग्राम शिविर शुरू किया। अस्पताल की विशेष रूप से डिजाइन की गई, अत्याधुनिक वैन, विशेषज्ञ टीम के साथ, नोएडा और दिल्ली एनसीआर में विभिन्न स्थानों पर महिलाओं को स्तन कैंसर की जांच के लिए घर-घर जाकर मुफ्त मैमोग्राम स्क्रीनिंग सहित पहुंच प्रदान करने के लिए जागरूक किया गया था।

इस पहल का उद्देश्य महिलाओं और वंचित रोगियों तक स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसके उपचार में समय पर पता लगाने के महत्व पर जोर देना है। टीम ने शिविर के दौरान 250 से अधिक महिलाओं की सफलता पूर्वक जांच की। शिविर के आयोजन के पीछे के विचार पर प्रकाश डालते हुए, शारदा अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. आदेश के. गडपेयले ने कहा, शारदा अस्पताल में स्तन कैंसर जागरूकता और जांच शिविर का आयोजन न केवल गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के हमारे निरंतर प्रयासों का हिस्सा है, बल्कि कैंसर जैसी गंभीर से गंभीर बीमारी के सफल इलाज में समय पर पता लगाने के बारे में भी जागरूकता बढ़ाना है। शारदा अस्पताल ने मैमोग्राफी स्कैन के माध्यम से स्तन कैंसर का निदान करने के लिए सभी आवश्यक नवीनतम उपकरणों और एक चिकित्सा विशेषज्ञ टीम से लैस अपनी विशेष रूप से डिजाइन की गई वैन को नियुक्त किया था। हम रोटरी क्लब को इस पहल के साथ दिल्ली और एनसीआर में कई महिलाओं, विशेष रूप से महिलाओं तक पहुंचने में मदद और समर्थन के लिए धन्यवाद देते हैं। स्तन कैंसर के उपचार में समय पर और नियमित जांच के महत्व पर जोर देते हुए, शारदा अस्पताल के प्रमुख और वरिष्ठ सलाहकार डॉ. अनिल ठकवानी ने कहा, हर साल लगभग 1,80,000 महिलाओं में स्तन कैंसर का निदान किया जाता है, और उनमें से 90,000 का निधन हो जाता है। रोग। लगभग 60% मरीज बीमारी के तीसरे या चौथे चरण में अस्पताल पहुंचते हैं क्योंकि वे लक्षणों, संकेतकों, आत्म-परीक्षा तकनीकों और सुविधाओं पर उपलब्ध चेक-अप के बारे में नहीं जानते है। स्तन में गांठ, दर्द, रक्तस्राव, खुजली आदि जैसे किसी भी लक्षण का अनुभव होने पर उन्हें तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए। इस शिविर को आयोजित करने का हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक लोगों को शिक्षित करना था।



# एमेजॉन.इन के क्रिकेट वर्ल्ड कप फेस्टिवल के साथ क्रिकेट फीवर का जश्न मनाएं

### टीवी, क्रिकेट गियर एक्सेसरीज, स्पोर्ट्स वियर पर 60 फीसद तक की छूट पाएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**देश** भर में जैसे-जैसे क्रिकेट का जुनून बढ़ रहा है, ऐसे में आप भी एमेजॉन.इन पर क्रिकेट वर्ल्ड कप फेस्टिवल के साथ अपने परिवार और दोस्तों के साथ घर पर सुकून के साथ खेल का मजा लेने के लिए तैयार हो जाइए। क्रिकेट के शौकीन यहां से क्रिकेट के सामान, स्पोर्ट्सवियर, टीवी, अप्लायंसेस, वीडियो गेम, कपड़े, जूते, फर्नीचर आदि पर रोमांचक ऑफर के साथ विश्व कप का आनंद ले सकते हैं। 4 नवंबर से 6 नवंबर के बीच शानदार डील्स का लाभ उठा सकते हैं।

DSC, SG, SS, GM प्यूमा, एडिडास, नाइक जैसे टॉप ब्रांडों के उत्पादों के विशाल कलेक्शन पर 60 फीसद तक की छूट के साथ रोमांचक डील्स का आनंद लीजिए और क्रिकेट के जश्न में डूब जाइए। इस क्रिकेट सीजन में क्रिकेट प्रशंसक किसी भी इको, फायर टीवी या अन्य एलेक्सा-इनेबल्ड डिवाइस के साथ मैच स्कोर के साथ हमेशा अपडेट रह सकते हैं और अपनी पसंदीदा टीम को चीयर कर सकते हैं। बस एलेक्सा से प्लेयर ट्रीविया, क्रिकेट अपडेट, फन क्विज आदि के लिए कहें एलेक्सा, स्कोर क्या है, एलेक्सा, भारत का अगला मैच कब है, एलेक्सा, क्रिकेट आफ द डे कौन है या एलेक्सा, डेली क्रिकेट ट्रिविया शुरू करें।

इको या फायर टीवी उपकरणों पर एलेक्सा के साथ भारत के मैचों के दौरान, या एलेक्सा मोबाइल ऐप या अमेजन शॉपिंग ऐप (एंड्रॉइड) के माध्यम से डिजिटल2स्पोर्ट्स द्वारा लाइव कमेंट्री सुनें। बस कहें एलेक्सा, लाइव क्रिकेट कमेंट्री शुरू करें। यहां कुछ उत्पाद दिए गए हैं, जिन्हें ग्राहक एमेजॉन.इन पर क्रिकेट वर्ल्ड कप फेस्टिवल के दौरान विक्रेताओं की ओर से दिए जा रहे ऑफर्स और डील्स के साथ खरीद सकते हैं।

# एक युवा, समावेशी और अत्याधुनिक नया अवतार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन टूर का 16वां संस्करण जो फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा समर्थित है, कपड़ों से इतर है और 15 साल की अपनी प्रतिष्ठित विरासत को फिर से परिभाषित करता है। फैशन टूर का यह संस्करण फैशन और लाइफस्टाइल की अधिक टिकाऊ, समावेशी और विविध दुनिया के माध्यम से प्राइड एंड ऑथेंटिसिटी के युवा, जीवंत और विकसित भावों को जीवंत करेगा। क्यूरेटर-इन-चीफ के रूप में मशहूर डिजाइनर आशीष सोनी और फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के साथ निरंतर साझेदारी के साथ, फैशन टूर चार मेट्रो शहरों कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई और गुरुग्राम में यात्रा करने के लिए तैयार है। अपने अत्याधुनिक नए अवतार में, यह अग्रणी फैशन डिजाइनरों और विभिन्न क्षेत्रों की प्रसिद्ध हस्तियों के बीच एक शानदार सहयोग पेश करेगा, जो आज के युवाओं की लाइफस्टाइल रुचियों को नया रूप दे रहे हैं। कोलकाता चैप्टर प्राइड इन ब्रिंगिंग ट्विस्ट्स इन ट्रेडिशन के बारे में होगा जहां डिजाइनर शांतनु और निखिल अपने कलेक्शन में क्रिकेट की भावना को दिखाएंगे, जिसकी कल्पना भारत की महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ की गई है। हैदराबाद चैप्टर %प्राइड इन सस्टेनेबल फैशन पेश करेगा जहां डिजाइनर अमित अग्रवाल भारत के 100 सबसे प्रभावशाली आर्किटेक्ट्स में से एक नूर करीम, जो ग्रह को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, फैशन में आधुनिक टिकाऊ तकनीकों के मिश्रण का प्रदर्शन करेंगे। मुंबई चैप्टर प्राइड इन ब्रेकिंग नॉर्म्स ऑफ कन्वेंशनल फैशन को उजागर करेगा, जहां डिजाइनर फाल्गुनी शाणे पीकॉक भारत में क्लासिक करने वाली पहली और अकेली महिला ग्रैफिटी आर्टिस्ट डिजी के सहयोग से भारतीय स्ट्रीट-आर्ट कल्चर की बढ़ती लहर से प्रेरित एक बोल्ड स्ट्रीट-ल्यूक्स कलेक्शन पेश करेंगे गुरुग्राम चैप्टर प्राइड इन सेलिब्रेटिंग डायवर्सिटी बाय डिफिइंग लेबल्स का प्रदर्शन करेगा, जहां डिजाइनर कुणाल रावल एक ऐसे कलेक्शन को पेश करेंगे जो आधुनिक भारतीय फैशन में विविधता और समावेशिता का जश्न मनाता है। इस अवसर पर बोलते हुए, पर्नोड रिकार्ड इंडिया के मुख्य विपणन अधिकारी, कार्तिक मोहिंद्रा ने कहा, 15 प्रतिष्ठित संस्करणों के बाद, इस साल हमने ब्लेंडर्स प्राइड ग्लासवेयर फैशन टूर की फिर से कल्पना की है। यह फैशन और लाइफस्टाइल के एक नए युग में प्रवेश कर रहा है, उद्योग की बदलती गतिशीलता को गले लगाता है और एक प्रभावशाली नया प्रारूप लाएगा।



# विशेषज्ञ नहीं टैक्नीशियन कर रहा था मरीजों का ईको

**कविता।** फरीदाबाद

### बीके के हार्ट सेंटर में झज्जर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मारा छापा

**सिविल** अस्पताल में पीपीपी मोड पर चल रहे हार्ट सेंटर में झज्जर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी की। टीम को मौके पर डॉक्टर की जगह एक टैक्नीशियन मरीज का ईको करता मिला। टीम की छापेमारी देर शाम तक चलती रही। वहीं टीम के आए सदस्यों ने इस विषय में कुछ भी कहने से साफ इंकार कर दिया।

नियमों के मुताबिक चिकित्सक ही ईको कर सकते हैं। जिसे देखते हुए टीम ने कार्रवाई शुरू कर दी। जोकि देर रात तक चलती रही। इस दौरान टीम ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों और चिकित्सकों के फोन बंद करवा दिए थे। जांच के दौरान सेंटर के कर्मचारियों और टीम के बीच बहस की सूचना भी है।। खबर लिखे जाने तक हार्ट सेंटर के अधिकारी और टीम के सदस्य किसी प्रकार की जानकारी साझा नहीं किए। उनका कहना था कि अभी दस्तावेज की जांच किया जा रहा है। इस संबंध में कुछ भी कहना उचित नहीं होगा।

बादशाह खान अस्पताल में पीपीपी मोड पर चल रहे हार्ट सेंटर में झज्जर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुक्रवार पीएनडीटी एक्ट के तहत कार्रवाई की। टीम का नेतृत्व कर रहे डॉ. शैलेन्द्र डोगरा का कहना था कि उन्हें तकनीकी स्टॉफ दिनेश ईको करता हुआ मिला है। जबकि डॉक्टर ईको रूम में मौजूद नहीं था। डॉ. डोगरा का कहना था कि एक्ट के तहत ईको केवल डॉक्टर कर सकता है न की अनक्वालिफाइड स्टॉफ। इसी मामले को लेकर टीम के सदस्य सेंटर के मैनेजर और कॉर्डियोलॉजिस्ट से पूछताछ कर रहे हैं।


हार्ट सेंटर के कैश काउंटर पर छापे के दौरान कैश चैक करते अधिकारी। शिकायतकर्ता महिला।

हार्ट सेंटर में छापेमारी का नेतृत्व डॉ. ममता कर रही थीं। उनके संग नकली ग्राहक के अलावा डॉ. शैलेन्द्र और अन्य लोग मौजूद थे। सीएमओ फरीदाबाद को जब इसकी सूचना मिली तो उन्होंने डॉ. हरीश आर्या और डॉ. एमपी सिंह को जांच अधिकारी के तौर पर भेज दिया। इसके अलावा मौके पर एनएच तीन चौकी प्रभारी सोहनपाल अपनी टीम के साथ मौजूद थे। कानूनी सलाहकार एडवोकेट संजय गुप्ता भी मौके पर मौजूद थे। पूछताछ के दौरान काफी बहस होने पर मौके पर महिला पुलिस को भी बुलाया गया। सेंटर में इलाज को आए अन्य मरीजों को अगले दिन आने की बात कह कर लौटा दिया गया।

**ऐसे हुई कार्रवाई :** झज्जर आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक महिला को नकली ग्राहक बनाकर सेंटर में भेजा था। महिला ने मौके पर जाकर ईको करवाने का शुल्क जमा करवा दिया। जिसके सेंटर में महिला की ईको हो रही थी कि महिला के साथ मौजूद पुरूष ने टीम को इशारा कर बुला लिया। टीम के साथ आए डॉ. शैलेंद्र ने सेंटर के कैश काउंटर से नंबरी नोट बरामद कर लिए।

**शाम को लौटी टीम :** झज्जर की टीम फरीदाबाद के अधिकारियों को जांच के दस्तावेज सौंप पर रवाना हो गई। जांच अधिकारी देर शाम तक मामले को लेकर मंत्रणा करते रहे। देर शाम तक डिप्टी सीएमओ डॉ. हरीश आर्य नहीं बता पाए मामला किन धाराओं के तहत बनाया जा रहा है। वे कहते रहे कि अभी और समय लगेगा।

# कचरा प्रबंधन के लिए जनता का जागरूक होना जरुरी : मनोहर लाल

### ठोस व तरल कचरा प्रबंधन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा नई तकनीक पर आयोजित सेमिनार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


कन्वेशन हाल में तरल ठोस कचरा प्रबंधन के लिए आयोजित सेमिनार को संबोधित करते सीएम मनोहर लाल खट्टर।

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि ठोस व तरल कचरा प्रबंधन के लिए जनता को जागरूक करना बेहद जरुरी है, तभी इस समस्या का निदान हो पाएगा। इसी दिशा में इस सेमिनार का आयोजन किया गया है। इसके अंतर्गत नई-नई तकनीकों के संदर्भ में जानकारी दी गई, जो भविष्य में कचरा प्रबंधन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष जस्टिस आदर्श कुमार गोयल स्वयं इस सेमिनार में मौजूद रहे।

कार्यक्रम में कचरा प्रबंधन की अलग-अलग तकनीक पर आधारित वक्तव्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में तरल कूड़ा प्रबंधन को लेकर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने सर्वप्रथम जानकारी दी। इसके साथ-साथ सीवरेज मैनेजमेंट, ट्रीटेड पानी के उपयोग, ट्रीटमेंट की तकनीक, जीरो लिक्विड डिस्चार्ज और एसटीपी पर अलग-अलग प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम के दौरान डायकी एक्सेस द्वारा जोकासो तकनीक पर प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि जापान एक समय तरल व ठोस कूड़ा प्रबंधन की समस्या का सामना कर रहा था। धीरे-धीरे जापान ने इस समस्या पर काम किया, नए-नए शोध कार्य किए और बदलाव किया। आज जापान में 90 प्रतिशत पानी को एसटीपी में ट्रीट किया जाता है। जापान की जोकासो तकनीक को बहुत से अवॉर्ड मिले हैं।

कार्यक्रम के दौरान जीरो लिक्विड डिस्चार्ज सिस्टम तकनीक पर प्रस्तुति दी गई। उन्होंने बताया कि आज पानी को बचाने के लिए नई-नई तकनीकों का इस्तेमाल करना बेहद जरुरी है। अगर हम इन तकनीकों के माध्यम से पानी को बचाएंगे और उसे ट्रीट करेंगे तो इससे प्रदूषित पानी नदियों को दूषित नहीं करेगा। पर्यावरण संरक्षित होगा।

**प्रदूषण व कचरा प्रबंधन जैसी समस्या का समाधान:** केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि आज कूडा प्रबंधन की समस्या पर हरियाणा ही नहीं पूरा देश चिंतित है। यह हरियाणा के लोगों का सौभाग्य है कि इस समस्या की चिंता स्वंय हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल कर रहे हैं। तभी वे इस सेमिनार में खुद उपस्थित हुए हैं। श्रीगुर्जर ने कहा कि इस समस्या का समाधान तभी होगा जब हम सब सहयोग करेंगे। आज योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करना होगा। हमें पर्यावरण को बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि एनजीटी के अध्यक्ष जस्टिस आदर्श कुमार गोयल ने भी पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। कृष्णपाल ने कहा कि फरीदाबाद एशिया के बड़े औद्योगिक टाउन में है। यहां मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में 7 साल के अंदर बहुत काम किए हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि हमें जागरूक होकर पर्यावरण प्रदूषण व कूड़ा निस्तारण की समस्या पर काम करना चाहिए।

**कूड़ा प्रबंधन पर काम कर रही सरकार :** हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि कूड़ा प्रबंधन पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में काम किया जा रहा है। कचरा सबसे बड़ी समस्या है। इस समस्या के समाधान के लिए नई-नई तकनीक का प्रयोग अति आवश्यका है, तभी इससे निजात पाया जा सकता है।

मूलचंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा में कचरा प्रबंधन को लेकर लगातार नए प्रोजेक्ट बनाए जा रहे हैं। इसके साथ-साथ पानी को भी ट्रीटेड करके पुन: इस्तेमाल किया जा रहा है। इस दिशा में सरकार के साथ-साथ आम जनता को भी आगे आकर प्रयास करना होगा। सेमिनार को जस्टिस प्रीतम पाल, हरियाणा पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के चेयरमैन पी. राघवेंद्र राव, सीपीसीबी के वैज्ञानिक एस. नजीमुद्दीन साहब अपने सुझाव साझा किए।

# देहा में हुए मोहित हत्याकांड का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


मोहित की हत्या के आरोप में गिरफ्तार मुकेश।

**डीसीपी** क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने 26 अक्टूबर को लाठी-डंडों से चोट मारकर की गई मोहित की हत्या के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम मुकेश है। जो फरीदाबाद के रिवाजपुर का रहने वाला है। 26 अक्टूबर को मृतक मोहित की पत्नी द्वारा भूपानी थाने में शिकायत दी जिसमें उसने बताया कि 25/26 अक्टूबर की रात आरोपी व उसके 10-11 अन्य साथियों ने कुल्हाड़ी लाठी व डंडों से चोट मारकर मोहित तथा मोहित के साथी नवीन को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मोहित और नवीन को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने मोहित को मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा मोहित के शव का पोस्टमार्टम करवा कर उनके परिजनों के हवाले किया गया। मोहित की पत्नी की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उनकी तलाश शुरू की गई। इस मामले में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने वारदात की मुख्य आरोपी करण को 26 अक्टूबर को ही गिरफ्तार कर लिया था। इसके पश्चात कल आरोपी करण के पिता आरोपी मुकेश को भी फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों पक्षों की किसी बात को लेकर रंजिश थी जिसके चलते आरोपियों ने मोहित की हत्या कर दी। आरोपी मुकेश की उम्र 47 वर्ष है और वह यामाहा कंपनी में गाड़ी चलाता है। मृतक मोहित (30) गांव देहा का रहने वाला है। मोहित के खिलाफ भी थाना भूपानी में लड़ाई झगड़े ,स्नैचिंग इत्यादि के पांच मुकदमे दर्ज हैं इसके अलावा थाना खेड़ी पुल में भी हत्या, स्नैचिंग, लड़ाई झगड़ा और अवैध हथियार सहित 4 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है तथा वारदात में शामिल आरोपी के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# नन्हे-मुन्ने कोलंबियंस ने फैंसी ड्रैस में दिखाया जलवा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेंट** कोलंबस स्कूल, फरीदाबाद के नन्हें-मुन्ने (कक्षा प्रथम, द्वितीय) प्रतिभागियों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य नन्हें कोलंबियंस का आत्मविश्वास जागृत करना व उन्हें दर्शक दीर्घा के समक्ष अपने विचारों को प्रस्तुत करने की कला सिखाना था।

'सेंट कोलंबस स्कूल' की प्रधानाचार्या श्रीलेखा वीएम ने अपने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि डॉ. अंजलि जैन (वरिष्ठ बालरोग विशेषज्ञ, सुप्रीम हॉस्पिटल, फरीदाबाद) का आभार व्यक्त किया व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के महत्त्व एवं उपयोगिता पर जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विशेष रूप से आमंत्रित नन्हें-मुन्नों के अभिभावक रहे। जिनके समक्ष प्रतियोगिता को ऊर्जावान एवं खुशनुमा बनाए रखने हेतु समय-समय पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसका प्रारंभ द्वितीय कक्षा के छात्र कोविद द्वारा स्वागत भाषण तथा माता-पिता की वंदना से हुआ। श्रीकृष्ण रास लीला, बुद्धू सा मन, हरियाणवी डांस, कॉमेडी ऑपेरा एवम् मैन एट आर्म्स ने दर्शकों का मन मोह लिया। तत्पश्चात्रंग-बिरंगे किरदारों में सजे नन्हें-मुन्ने कोलंबियंस ने समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करते हुए समाज की अनेक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया वअभिभावकों को रोमांचित कर दिया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में ज्योति ठाकुर, चित्रा जोशी, बुशरा प्रवीण की गरिमामय उपस्थिति रही। इस मौके पर मुख्यातिथि डॉ अंजलि जैन ने बच्चों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। अध्यक्ष ऋषि चौधरी एवं प्रधानाचार्या श्रीलेखा वीएम ने प्रतियोगिता का परिणाम घोषित करते हुए नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की साथ ही प्रतियोगिता को अति रोचक व प्रतिस्पर्धापूर्ण बताया। प्रतियोगिता को दो वर्गों में प्रथम और द्वितीय में विभाजित किया गया था। ऋषि चौधरी ने अतिथि को उपहार प्रदान किया तथा प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु अध्यापकवृंद एवं विद्यार्थियों के सतत् प्रयासों की सराहना की।


सेंट कोलबंस स्कूल में आयोजित फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चों के साथ टीचर।

# किराएदार ने मकान मालिक के 3.70 लाख चुराए, गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीसीपी** एनआईटी नरेंद्र कादियान के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए एनआईटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता व उनकी टीम ने 3.70 लाख रुपए की चोरी के मामले में आरोपी किराएदार को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम प्रिंस(22) है। जो फरीदाबाद रेलवे स्टेशन के पास स्थित गांधी कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहा था। आरोपी ने 4 दिन पहले अपने मकान मालिक के घर से 3.70 लाख रुपए चोरी किए। पुलिस को दी अपनी शिकायत में मकान मालिक सन्नी ने बताया कि गांधी कॉलोनी में उनका तीन मंजिला मकान है जिसमें सबसे नीचे वह खुद रहते हैं और ऊपर की दो मंजिल उन्होंने किराए पर दे रखी है। उन्होंने मकान खरीदने के लिए अपने घर की अलमारी में 3.70 लाख रुपए रखे थे। उन्होंने बताया कि उनकी वहीं पास में ही एक परचून की दुकान है जिस पर वह और उसके पिताजी रहते हैं। घर पर उनकी मां रहती है जो 4 दिन पहले शाम को दूध लेने गई थी और जब वापस आई तो उन्हें घर में से पैसे गायब थे। उन्होंने अपने किराएदार प्रिंस पर शक जताया जिसके पश्चात पुलिस ने चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की। इस मामले में आगे कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी प्रिंस को फरीदाबाद रेलवे स्टेशन से काबू कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने ही पैसे चोरी किए थे। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पिछले 5 साल से उस मकान में किराए पर रह रहा था। आरोपी एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। आरोपी का मकान मालिक के पास आना-जाना था इसलिए उसे पता था कि वह चाबी कहां पर रखते हैं। आरोपी को जब पता चला कि इनके पास अच्छे खासे पैसे हैं तो उसने पैसों के लालच में आकर अपने ही मकान मालिक के घर चोरी कर ली। आरोपी ने बताया कि पैसे चोरी करके उसने पुराने स्पीकर के डब्बे के अंदर रख दिए और ऊपर से पेच कस दिए।



चोरी के आरोप में गिरफ्तार प्रिंस।

# चुनावी ड्यूटी को अधिकारी व कर्मचारी गंभीरता से लें

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### अधिकारी बिना किसी मानसिक दबाव के कार्य करें : डीसी

**जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से फेयर फ्री सम्पन्न करवाने के लिए ड्यूटी पर नियुक्त सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी जिम्मेवारी को गंभीरता से लें। जिला फरीदाबाद में लगे नये अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए यह चुनाव मतदान प्रक्रिया को सीखने का एक सुनहरा अवसर है। अधिकारी व कर्मचारी बिना किसी मानसिक दबाव के कार्य करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के मद्देनजर आरओ और एआरओ तथा नोडल अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण मतदान के लिए सबसे पहले सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र की पोलिंग बूथों का निरीक्षण करें और वहां पर बिजली, पानी, रैम्प आदि मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें ताकि मतदान में नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके पश्चात संबंधित आरओ और एआरओ मतदान केंद्रों का जायजा लेंगे। उन्होंने आरओ व एआरओ को जिला परिषद व ब्लॉक समिति के लिए बनाए गए स्ट्रॉंग रूम का भी निरीक्षण करने के निर्देश दिए ताकि समय रहते जरूरी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने जिला परिषद व ब्लॉक समिति के मतदान के बाद स्ट्रॉंग रूम तक एक रूट चार्ट तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियों में नियुक्त होने वाले कर्मचारियों को ईवीएम की सही ढंग से ट्रेनिंग दी जाए। ताकि उन्हें मतदान प्रक्रिया सम्पन्न करवाने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो। इसके लिए ईवीएम के मास्टर ट्रैनर भी तैनात रहे। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि चुनाव में नियुक्त किए जाने वाले सुपरवाइजर व सेक्टर मैजिस्ट्रेट की डिमांड भी तैयार करके भेजे ताकि उनके अनुरूप नियुक्ति की जा सके।


विक्रम सिंह, जिला उपायुक्त।

डीसी ने निर्देश दिए कि प्रचार हेतु होर्डिंग व बैनर आदि लगाने के लिए स्थान निर्धारित किए जाए। उन्होंने कहा कि इनकी परमिशन ब्लॉक स्तर पर ही दी जाएगी। लाउडस्पीकर की परमिशन संबंधित एसडीएम द्वारा दी जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता की दृढ़ता से पालना की जाए।

उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए नोडल अधिकारियों को उनकी ड्यूटी को लेकर जरूरी निर्देश दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पंचायती राज चुनाव के लिए नामांकन के साथ रिहायशी प्रमाण पत्र लगाने की जरूरत नहीं है बल्कि चुनाव लडने़ वाले उम्मीदवार का नाम संबंधित ग्राम पंचायत की मतदाता सूची में होना चाहिए। इसी प्रकार से प्रत्याशियों को नामांकन भरते समय पुलिस विभाग से चरित्र प्रमाण पत्र की भी जरूरत नहीं है।

# स्वर्गीय शिवचरण लाल शर्मा की जयंती पर बांटे फल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**देवउठनी** एकादशी वाले दिन स्वर्गीय पंडित शिव चरण लाल शर्मा पूर्व मंत्री हरियाणा सरकार का जन्म दिवस टीम पंडितजी द्वारा जवाहर कालोनी ईएसआई एवं फिजोथिरेपी सैंटर में मरीजों को फल बांटकर मनाया गया।

पूर्व मंत्री के 93वें जन्मदिवस पर एनआईटी.86 के विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि उनके पिताश्री स्व. शिव चरणलाल शर्मा ने एनआईटी विधानसभा के लोगों की भलाई के लिए हमेशा कार्य किए। वो सुख-दुख में हमेशा लोगों के साथ खड़े रहते थे, यही कारण है कि क्षेत्र की जनता आज भी उनसे बेशुमार प्यार करती है। वह आज भी लोगों के दिलों में बसते हैं। उन्हीं का आशीर्वाद है, जो जनता ने वोट के रूप में उन्हें दिया और फरीदाबाद से एकमात्र कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में विजयी बनाकर विधानसभा में भेजा। वह जनता के इस मान-सम्मान और प्यार को हमेशा याद कर अपने पिताजी के पदचिन्हों पर चलते हुए सदैव क्षेत्र की सेवा में समर्पित है। उन्होंने कहा कि एनआईटी विधानसभा क्षेत्र की जनता उनका परिवार है और वह यह कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे कि परिवार को किसी प्रकार की कोई दुख तकलीफ व कष्ट झेलना पड़े।


देवउठनी एकादशी के अवसर पर अपने पिता स्व. शिव चरण लाल शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा।

## संक्षिप्त समाचार

### तुलसी विवाह पारंपरागत तरीके से सम्पन्न करवाया


पाली स्थित अनादि सेवा प्रकल्प में मां भगवती तुलसी विवाह करवाते आचार्य सर्वेश पांडे।

**फरीदाबाद।** बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ संपन्न हुआ तुलसी विवाह परंपरागत तरीके से चातुर्मास के उपरांत भगवान विष्णु के उठने का समय हुआ। कार्तिक मास की एकादशी तिथि पर भगवान शयन से जागृत अवस्था में आते हैं। इस शुभ अवसर पर मां भगवती तुलसी का विवाह संपन्न कराया जाता है। अनादि सेवा प्रकल्प के अध्यक्ष प्रणव शुक्ला के सानिध्य में आचार्य सर्वेश पांडे के द्वारा तुलसी विवाह संपन्न कराया गया। प्रकल्प के अंतर्गत रहने वाले सभी बुजुर्गों ने मां भगवती को प्रणाम कर समृद्धि की कामना की।

### मोबाइल झपट कर बाइक सवार फरार

**फरीदाबाद।** बाइक सवार बदमाशों ने बसेलवा कॉलोनी में सुबह की सैर पर निकले एक व्यक्ति के हाथ से मोबाइल फोन झपट लिया। मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार टोनी ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा है कि वह यहां बसेलवा कालोनी में अपने परिवार के साथ रहता हैं। उसने बताया कि गुरूवार सुबह करीब 5 बजे वह सैर पर निकला था। इस दौरान कॉलोनी में ही सड़क किनारे खड़े होकर अपने मोबाइल फोन में किसी जानकार का कॉन्टैक्ट नंबर खोज रहे था। इतने में एक बाइक पर सवार दो बदमाश उनके हाथ से मोबाइल फोन झपट कर फरार हो गए। विरोध करने पर बदमाशों ने उसे धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। ओल्ड फरीदाबाद थाना की पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### बीके अस्पातल में नवजात को छोड़कर परिजन फरार, मामला दर्ज

**फरीदाबाद।** एक बीमार बच्ची को बल्लभगढ़ के आसपास रहने वाला परिवार बीके अस्पताल में छोड़कर फरार हो गया। जिसकी शिकायत चिकित्सकों ने अस्पताल प्रबंधन से लेकर चौकी और सीडब्ल्यूसी को दी, जिसके बाद बृहस्पतिवार को बच्ची के परिजनों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी अपनी शिकायत में बच्चों की नर्सरी में तैनात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विष्णु कांत ने बताया है कि 15 अगस्त 2022 को बल्लभगढ़ एम्स से रेफर होकर आई एक नवजात बच्ची को वार्ड में दाखिल किया गया था। बच्ची को 15 अगस्त को डॉ. विपेन्द्र भाटी ने भर्ती किया था। गत 17 अगसत को परिजन अचानक गायब हो गए, उनसे सम्पर्क किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। जिस पर सीडब्ल्यूसी को जानकारी दी गई। सीडब्ल्यूसी के अधिकारियों ने मामले में पहले एफआईआर दर्ज कराने की सलाह दी। डॉक्टर विष्णुकांत के अनुसार इसके बाद पुलिस में मामले की शिकायत दी गई। डॉक्टर की शिकायत पर पुलिस ने गुरूवार को नवजात के अज्ञात परिजनों के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### आंगनवाड़ी केंद्र, धौंज से सामान हुआ चोरी

**फरीदाबाद।** धौंज स्थित एक आंगनवाड़ी केंद्र से चोर हजारों रुपये का सामन चुरा ले गए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने इस बाबत धौंज थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेखा देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि 2 नवंबर को छुट्टी के बाद केंद्र में ताला लगा कर, सभी कर्मचारी घर चले गए थे। 3 नवंबर को सुबह केंद्र पर आते ही देखा कि केंद्र के दरवाजे का ताला टूटा है। अंदर से घरेलू रसोई गैस सिलेंडर, बर्तन, पंखा, इंवर्टर आदि गायब थे। धौंज थाना की पुलिस शिकायत मिलने के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### एनएचपीसी के निगम मुख्यालय में मनाया सतर्कता जागरूकता सप्ताह


एनएचपीसी के निगम मुख्यालय में आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते कलाकार।

**फरीदाबाद।** एनएचपीसी के निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक तथा मानव श्रृंखला आयोजित की गई। नुक्कड़ नाटक तथा मानव श्रृंखला मुरारी लाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फरीदाबाद के सहयोग से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा स्कूल प्रांगण से एनएचपीसी के निगम मुख्यालय तक सतर्कता जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला बनाई गई। मानव श्रृंखला के पश्चात एनएचपीसी प्रांगण में छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। समाज में फैले भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाने हेतु छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक तथा मानव श्रृंखला के माध्यम से जनसंदेश दिया गया। इसके साथ ही बच्चों द्वारा भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत थीम के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के मुख्य उद्देश्यों तथा भ्रष्टाचार उन्मूलन में एनएचपीसी की भूमिका को रेखांकित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एनएचपीसी कार्मिकों हेतु एक वाकथान का भी आयोजन किया गया। वाकथान को वाईके चौबे, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर आरपी गोयल, निदेशक (वित्त) तथा विश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं), एनएचपीसी भी उपस्थित थें। वाकथान में बड़ी संख्या में स्कूली छात्रों तथा एनएचपीसी कार्मिकों ने प्रतिगिता की एवं सतर्कता के प्रति अपने संकल्प को दोहराया। 31 अक्टूबर से 06 नवंबर तक आयोजित किए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत निबंध लेखन, वाद विवाद, कविता पाठ, चित्रकला प्रतियोगिता जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

### प्रदूषित हवा स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक

**फरीदाबाद।** दिवाली के बाद से वायु प्रदूषण की स्थिति तेजी से गंभीर होती जा रही है और फरीदाबाद दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में से एक बन चुका है। शहर में इंडोर और आउटडोर वायु प्रदूषण का हाल बिगड़ा है। वायु प्रदूषण का स्तर आमतौर पर एक्यूआई यानि एयर क्वालिटी इंडैक्स से मापा जाता है। जो हवा में मौजूद पार्टिकुलेट मैटर (पीएम 2.5) की सांद्रता पर निर्भर है। इसके अलावा भी प्रदूषित वायु के कई अन्य पहलू होते हैं, लेकिन सबसे खतरनाक पीएम 2.5 तथा कार्बन मोनोऑक्साइड हैं। डॉ रवि शेखर झा, डायरेक्टर, पल्मोनोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद ने प्रदूषण से कई बिमारियों के खतरे के बारे में सचेत किया है। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद के डॉ रवि शेखर झा, डायरेक्टर बताते हैं हमारी श्वसन नलियां इन सूक्ष्म कणों को फिल्टर करने के लिए नहीं बनी हैं और हवा में मौजूद ये कण हमारी श्वसन प्रणाली में गहरे पैठ कर जाते हैं। कण जितने बारीक होंगे, वे उतने ही गहरे प्रवेश कर जाएंगे। कुछ समय के लिए भी प्रदूषित हवा के संपर्क में आने से आंख, नाक, गले, त्वचा में जलन हो सकती है और इससे दमे का दौरा भी पड़ सकता है।

# खम्माम प्रकरण

## नशाखोरी का नतीजा

**फिलीसाइड** का अर्थ किसी व्यक्ति द्वारा अपने बच्चे की हत्या है। इस शब्द का विरले ही प्रयोग होता है क्योंकि यह एक विरल घटना होती है। हिंदी में एक कहावत है कि बेटा भले ही 'कुपूत' हो, पर माता कभी 'कुमाता' नहीं होती है। हम सभी जानते हैं कि पैट्रीसाइड या पिता की हत्या, मैट्रीसाइड या माता की हत्या तथा पैरीसाइड या माता-पिता की हत्या जैसी घटनायें होती हैं, पर फिलीसाइड विरले ही देखने में आती है। लेकिन हाल में तेलंगाना के खम्माम में ऐसी ही घटना हुई। यहां माता-पिता ने ठेके पर एक हत्यारे की सेवायें लीं ताकि वे अपने शराबी बेटे से मुक्ति पा सकें। इस मामले के कुछ आयाम बहुत दिलचस्प हैं। पहला, यह एक पूर्व नियोजित व सावधानी से कराई गई हत्या थी। एक शराब के नशे में चूर व्यक्ति अपने आसपास तूफान खड़ा कर सकता है और हर आदमी को पागल बना सकता है। शराब के नशे में चूर व्यक्ति हिंसक, गाली गलौज करने वाले, दुर्व्यवहार करने वाले तथा परेशानी पैदा करने वाले हो सकते हैं। इनमें केवल पुरुष ही नहीं हैं। हाल में वाइरल हुई एक क्लिप से दिल्ली के निकट नोयडा में शराब के नशे में चूर महिला ने एक हाउसिंग सोसाइटी के सुरक्षा गार्ड से जबरदस्त गाली गलौज की। कोई सभ्य व्यक्ति भी शराबी की गाली गलौज से गुस्सा होकर उस पर हमला कर सकता है। लेकिन इस मामले में आरोपी पिता एक सरकारी स्कूल का प्रिंसिपल है। ऐसे देश में जहां शिक्षकों का कम से कम सैद्धन्तिक रूप से बहुत सम्मानजनक स्थान है, यह कल्पना करना कठिन है कि कोई शिक्षक अपने बेटे की ठेके पर हत्या कराएगा। लेकिन पुलिस के अनुसार ऐसा हुआ है। उन्होंने छतरिया राम सिंह व रानी बाई को गिरफ्तार



किया और अब उनको न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इसके साथ ही साई राम के पांच कथित हत्यारों में से चार अन्य भी हिरासत में हैं।
26 वर्षीय साई राम ने कालेज की पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी थी और वह बेरोजगार था। गला दबा कर हत्या के बाद उसकी लाश सूर्यापेट में फेंक दी गई। वास्तव में उसकी मां के भाई सत्यनारायण ने हत्या की व्यवस्था की थी। हालांकि, मामले के विस्तृत विवरणों की प्रतीक्षा है, पर यह पूरी तरह स्पष्ट है कि साई राम के बहुत अधिक शराब पीने तथा उसके बाद बवाल मचाने से उसकी छवि इतनी खराब हो गई थी कि स्वयं उसके माता-पिता ने उससे मुक्ति पानी चाही। यह भी इस तथ्य के बावजूद कि वह उनका अकेला बेटा था। हालांकि, उसके माता-पिता व अन्य आरोपियों ने जो किया उसे माफ नहीं किया जा सकता है, लेकिन यह मामला हमें यह सोचने पर भी मजबूर करता है कि अत्यधिक मदिरापान से क्या समस्यायें पैदा हो सकती हैं। दुर्भाग्य से इसकी इतनी चर्चा नहीं होती जितनी होनी चाहिए। राष्ट्रवाद के उभार के साथ पिछली शताब्दी में सामाजिक व धार्मिक आंदोलन लगभग समाप्त हो गए। स्वतंत्रता आंदोलन के महान नेताओं ने अनुमान लगा लिया कि राष्ट्रीय स्वतंत्रता से देश के सम्मुख पैदा सभी समस्यायें हल हो जाएंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हालांकि, तत्कालीन नेताओं से आप मद्यनिषेध से अधिक 'समाधान' की उम्मीद नहीं कर सकते थे जो वास्तव में समाधान के बजाय समस्या को और बढ़ा देता है। लेकिन तथ्य है कि शराब, नशीली दवाओं, आदि की लत एक जटिल मुद्दा है। इसे बिना बहुआयामी दृष्टिकोण के दूर नहीं किया जा सकता है। इसके प्रति प्रतिक्रिया सामाजिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक स्तर पर होनी चाहिए। लेकिन हमारे राजनेता ऐसे असली मुद्दों में दिलचस्पी नहीं लेते हैं और वे केवल भावनायें भड़काने व लोकरंजकता में डूबे हैं।

# पाक अधिकृत कश्मीर में जनता पर अत्याचार

पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर-पीओजेके को भारत में शामिल करना उस जनता की असाधारण सेवा होगी जो अमानवीय स्थितियों की शिकार है।



**जेएल कौल जलाली**
(लेखक, पूर्व आईआईएस अधिकारी एवं स्वतंत्र पत्रकार हैं)




श्रीनगर में 27 अक्टूबर को भारतीय सेना के इन्फैंट्री दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत संसद द्वारा 1994 में पास प्रस्ताव लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले पाक अधिकृत जम्मू कश्मीर-पीओजेके को वापस भारत में शामिल करने की बात कही गई है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पाकिस्तान सरकार पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर-पीओजेके की जनता में परस्पर घृणा के बीज बो रही है। ऐसे में वह समय दूर नहीं है जब वहां की जनता व्यापक जन-विद्रोह के रूप में उठ खड़ी होगी।
उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले ये भारतीय क्षेत्र तत्कालीन जम्मू कश्मीर देशी रियासत के हिस्से थे और उसके कुल क्षेत्रफल का लगभग 35 प्रतिशत हैं। जम्मू कश्मीर की देशी रियासत के तत्कालीन महाराजा हरि सिंह द्वारा 1947 में भारतीय संघ के साथ विलय के दस्तावेज पर हस्ताक्षर के बाद जम्मू कश्मीर के पूरे पूर्व राज्य की संप्रभुता कानूनी व अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुसार संपूर्ण रूप से भारत के पास है। भयंकर गरीबी व पिछड़ेपन से ग्रस्त पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाला यह क्षेत्र आज भी पूरे दक्षिण एशिया का सर्वाधिक अनदेखी वााला क्षेत्र माना जाता है। हालांकि, वहां की जनता ने हर चरण पर पाकिस्तानी शासकों के अमानवीय दमन व अत्याचारों के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन किए हैं, पर पाकिस्तान ने अवैध व हिंसक तरीकों से तथा षडयंत्रों के माध्यम से इस क्षेत्र पर अपना कब्जा बनाए रखा है। उसने अपने अवैध कब्जे को बनाए रखने तथा उसे पूरी तरह पाकिस्तान में शामिल करने के लिए क्षेत्र की सीमाओं व जनसंख्या संरचना में इतने व्यापक परिवर्तन किए हैं कि आज उसकी पहचान पहले की तुलना में एकदम बदल गई है। पाकिस्तान ने भारत-विभाजन के फौरन बाद छद्म रूप से अपने सैनिकों द्वारा तत्कालीन देशी रियासत जम्मू कश्मीर पर 1947 में हमला बोल कर इन क्षेत्रों पर अवैध कब्जा जमा लिया था। इसके बाद पाकिस्तान ने इस कब्जे वाले क्षेत्र को 'आजाद जम्मू कश्मीर सरकार' बता कर एक प्रशासनिक ढांचा तैयार किया। हालांकि, यहां आज भी एक नाममात्र की विधायिका है, पर यह क्षेत्र पूरी तरह पाकिस्तान सरकार के कठोर नियंत्रण में बना हुआ है।
पिछली शताब्दी में सत्तर के दशकांत में पाकिस्तान ने बाद में कब्जा किए इस क्षेत्र को दो भागों में बांटने की प्रक्रिया शुरू की थी। इसमें से एक का नाम पहले से आजाद जम्मू कश्मीर था, जबकि दूसरे का नाम बदल कर उसने इसे गिलगिट-बाल्टिस्तान के उत्तरी क्षेत्र कहा। इस प्रकार पाकिस्तान सरकार ने यहां एक अलग भौगोलिक क्षेत्र बनाया जो सीधे पाकिस्तान के संघीय प्रशासन के अंतर्गत था। पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर के इस उत्तरी क्षेत्र में अधिकांशत: शिया मुसलमान रहते थे। पाकिस्तान ने इस क्षेत्र को जबरन अपने कब्जे में बनाए रखने तथा क्षेत्र की जनता में वैमनस्य के बीज बोने व टकराव बढ़ाने के लिए इस क्षेत्र की जनसंख्या संरचना बदलने के भी कदम उठाए। इसके परिणामस्वरूप स्थानीय जनता ने अनेकानेक हिंसक प्रदर्शन किए। यहां तक कि तथाकथित आजाद जम्मू कश्मीर की अनेक सरकारों ने भी इस विभाजन के खिलाफ भारी विरोध किया तथा इसके खिलाफ अदालत में मुकदमा भी दायर किया। लेकिन पाकिस्तान अपनी आक्रामकता के फल अपने पास बनाए रखने तथा अवैध रूप से पाकिस्तान की सीमायें बढ़ाने का इच्छुक था। उसने इन सारे विरोध प्रदर्शनों की अनदेखी की तथा सभी अवैध तरीकों से जनता पर अपने मनमाने आदेश लागू करने के प्रयास किए। उसने संघीय प्रशासन वाले क्षेत्र का नाम बदल कर उत्तरी क्षेत्र कर दिया। इसके पहले भी कानून तथा भारत की क्षेत्रीय अखंडता व संप्रभुता का घोर उल्लंघन करते हुए पाकिस्तान ने शक्सगाम ट्रैक क्षेत्र तथा अवैध कब्जे वाले उत्तरी क्षेत्र को चीन को हस्तांतरित कर दिया। यह काम 1963 में हस्ताक्षरित चीन-पाक फ्रंटियर समझौते के माध्यम से किया गया। इसके साथ ही उसने चित्राल, हुंजा व नागर व अन्य क्षेत्रों पर अपना कब्जा मजबूत किया जो उत्तरी क्षेत्रों के भीतर या उसके आसपास थे। इनमें पुनियाल, इश्कोमान व यासिन क्षेत्र शामिल थे जो देश विभाजन के समय तत्कालीन जम्मू कश्मीर के देशी रियासत के अंग थे अथवा 1947 में भारत में इसके विलय के समय पाकिस्तान के कब्जे में थे। पाकिस्तान ने 21 मई, 2018 में फिर उत्तरी क्षेत्रों का दर्जा बदल कर इसे नए गिलगिट-बाल्टिस्तान आदेश के अंतर्गत ला दिया, जबकि पहले यह गिलगिट-बाल्टिस्तान इन्डाउमेंट एंड सेल्फ-गवर्नमेंट आदेश, 2009 के अंतर्गत आता था। नए आदेश के अंतर्गत गिलगिट-बाल्टिस्तान परिषद द्वारा प्रयोग की जाने वाली सभी शक्तियां गिलगिट-बाल्टिस्तान असेम्बली को सौंप दी गईं। लेकिन परिषद को प्रतीकात्मक रूप से उत्तरी क्षेत्रों की सलाहकार संस्था के रूप में बनाए रखा गया जिसका काम संघीय कामकाज में सलाह देना था।
इस प्रकार प्रमुख विषयों में इस क्षेत्र की पूर्व प्रशासनिक व्यवस्था की सारी शक्तियां निर्वाचित असेम्बली के बजाय सीधे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के पास चली गईं। इस आदेश के खिलाफ न केवल इस क्षेत्र में, बल्कि पाकिस्तान के अनेक अन्य हिस्सों में भी भारी विरोध प्रदर्शन हुए। इस सुधार पैकेज को पाकिस्तान द्वारा इस क्षेत्र को अपना पांचवां प्रांत बनाने की पूर्व-भूमिका के रूप में देखा गया। यह एक प्रकार से क्षेत्र की जनसंख्या संरचना बदलने की रणनीति भी थी। पाकिस्तान सरकार के इस दृष्टिकोण की पुष्टि उस समय हुई जब पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान ने 2020 में क्षेत्र के लिए अंतरिम प्रान्तीय दर्जे की घोषणा कर दी। यह भी अंतरराष्ट्रीय कानून तथा भारतीय संप्रभुता का उल्लंघन था। इसके खिलाफ भी पाकिस्तान-अधिकृत जम्मू कश्मीर की जनता ने भारी विरोध प्रदर्शन किए। पाकिस्तान ने चीन को गिलगिट-बाल्टिस्तान के इस क्षेत्र से चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा बनाने की अनुमति भी दे दी। हालांकि, एशिया प्रशांत पर संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग ने मई, 2017 में अपनी रिपोर्ट में कहा था कि सीपीईसी परियोजना से भारत के साथ भू-राजनीतिक तनाव बढ़ सकता है तथा इससे क्षेत्र में अस्थिरता और बढ़ेगी। आरोप लगे कि यह रिपोर्ट चीन सरकार की प्रार्थना पर तैयार की गई थी, लेकिन इसके बावजूद रिपोर्ट ने सामाजिक एवं पर्यावरणीय सुरक्षा के बारे में अपने सरोकार स्पष्ट किए थे। पाकिस्तान द्वारा उत्तरी क्षेत्रों के लिए प्रस्तावित प्रान्तीय दर्जे का प्राविधान अत्यधिक आलोचना का कारण बनी सीपीईसी परियोजना को वैध ठहराने का प्रयास है जो गिलगिट बाल्टिस्तान के भारतीय क्षेत्र से होकर गुजरती है।
भारत ने पहले ही पाकिस्तान के इस प्रकार किए एक और अवैध कृत्य का भारी विरोध किया है। अब भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों को भारत में पुन: शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।
यदि पाकिस्तान अब भी अवैध रूप से इन क्षेत्रों पर कब्जा बनाए रखना चाहता है जो जम्मू कश्मीर व लद्दाख के संघशासित क्षेत्रों का अंग हैं तो इसका अर्थ लगातार भारत की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करना है। इसके कारण क्षेत्र में और ज्यादा अस्थिरता फैलेगी। पाकिस्तान सरकार द्वारा क्षेत्र की जनता पर ढाए अमानवीय अत्याचारों तथा उसकी पहचान समाप्त करने की रणनीति के कारण जनता में लगातार व्यापक विद्रोह की स्थिति तैयार होती जा रही है। हालांकि, पूरे एशियाई क्षेत्र के समग्र विकास के लिए भारत की इच्छा पाकिस्तान के साथ शांति स्थापित करना है, लेकिन पाकिस्तान की कार्रवाई लगातार जम्मू कश्मीर पर एक और युद्ध थोपने की है। पाकिस्तान की यह कार्रवाई आगे चलकर बहुत ज्यादा खतरनाक हो सकती है।

# चीन को अलग-थलग करने के प्रयास

" चीन के आक्रामक, गैर-पारदर्शी दृष्टिकोण के कारण अमेरिका वैश्विक अर्थव्यवस्था से चीन को अलग करने की सख्त कोशिश कर रहा है। "

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



जैसे-जैसे भारत एक साल के लिए जी-20 की अध्यक्षता संभाल रहा है, इसकी विदेश नीति शाखा को दुनिया भर से सराहना मिल रही है और अपनी खुद की मुद्रा प्राप्त कर रहा है। पिछले हफ्ते रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बाहरी दबावों के बावजूद एक स्वतंत्र विदेश नीति को आगे बढ़ाने के लिए भारत की प्रशंसा की।
यह ऐसे समय में आया है जब भारत ने यूक्रेन में हाल के दिनों में मानवता द्वारा देखे गए सबसे खराब युद्धों में से एक का सामना करने के लिए कूटनीतिक सख्ती से बातचीत की है। भारत सोवियत काल से रूस का एक पारंपरिक सहयोगी रहा है और इसलिए, अपने हथियारों और अब पुर्जों के लिए यूरेशियन विशाल पर निर्भर है। फ्रांस को छोड़कर पश्चिमी सहयोगियों ने भारत को प्रमुख हथियारों के सौदों से बाहर रखने के लिए चुना है, इसके बजाय, भारत के प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान (जो कि एशिया में नाटो का महत्वपूर्ण सहयोगी भी होता है) को मजबूत करने पर अधिक ध्यान केंद्रित किया है। हालांकि, भारत ने यूक्रेन से संबंधित मामलों पर रूस के साथ व्यवहार करते हुए या संयुक्त राष्ट्र में मतदान करते समय एक अद्वितीय राजनयिक ट्रोप चुना है।
सबसे पहले इसने अमेरिका और पश्चिमी देशों की कड़ी आलोचना का सामना करने के बावजूद रूसी तेल का कोई आयात बंद नहीं किया है। भारत ने हर बहुपक्षीय, बहुपक्षीय या द्विपक्षीय मंच का उपयोग करने के लिए अपने नागरिकों की सस्ती ऊर्जा कीमतों तक पहुंच की आवश्यकता को सबसे पहले, बुरे आदमी को सबक सिखाने के लिए एक समूह के साथ मिलकर काम करने के लिए खड़ा किया है। अंतत: लगभग सभी पक्षों (प्रभावित, पीड़ित या हमलावर) द्वारा इस दृढ़ रवैये



को स्वीकार कर लिया गया है कि युद्ध में पक्ष चुनने की तुलना में घरेलू विचार कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं।
यह भारत का श्रेय भी है कि वह वैश्विक नेताओं और अंतरराष्ट्रीय प्रेस द्वारा समझी जाने वाली भाषा में तथ्यों को बताने में कामयाब रहा कि, रूसी तेल के बढ़ते आयात के बावजूद, (भारत अभी भी रूस से ऊर्जा उत्पादों का सबसे बड़ा उपभोक्ता नहीं है, लेकिन यूरोप है), इसने रूस की किसी भी आलोचना को बख्शा है। यूक्रेन में रूसी कार्रवाइयों की इसकी आलोचना युद्ध के पिछले 10 महीनों में तेज और तीखी हो गई है। इस बीच, संयुक्त अरब अमीरात और पाकिस्तान के राजनेताओं और मंत्रियों ने भी अपने नागरिकों की जरूरतों को सबसे पहले रखते हुए भारत की एक स्वतंत्र विदेश नीति की खोज के बारे में बात की है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान ने भारत की प्रशंसा करने का कारण यूएई के समान नहीं हो सकता है, लेकिन स्वीकारोक्ति यह स्पष्ट रूप से स्पष्ट करती है कि कूटनीति के भारत के तरीके को प्रतिध्वनि मिली है। यह ऐसे समय में भी आया है जब अमेरिका ने अनिच्छा से स्वीकार किया है कि विश्व मामलों में एकतरफा कार्रवाई के दिन खत्म हो गए हैं और उसे अपने क्षेत्रीय और वैश्विक हितों को आगे बढ़ाने के लिए समान विचारधारा वाले भागीदारों के एक विश्वसनीय, अधिमानत: लोकतांत्रिक समूह की आवश्यकता होगी।
अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति आती है जो भू-राजनीतिक प्रभाव के केंद्रीय बिंदु के रूप में इंडो पैसिफिक की पहचान करती है। यह इस बात की पहचान करता है कि इंडो पैसिफिक की आर्थिक समृद्धि और सुरक्षा वास्तुकला में प्रत्येक अमेरिकी नागरिक की भलाई को प्रभावित करने की क्षमता है। वैश्विक महाशक्ति होने के शीर्ष स्थान तक पहुंचने के लिए चीन के आक्रामक, गैर-पारदर्शी, कोई नियम-आधारित दृष्टिकोण के कारण अमेरिका वैश्विक अर्थव्यवस्था से चीन को अलग करने की सख्त कोशिश कर रहा है। अपनी खोज में, अमेरिका जानता है कि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, भारत से बेहतर कोई सहयोगी नहीं हो सकता है। वाशिंगटन के शक्ति गलियारों में भारत के लिए इस विशेष मान्यता का अर्थ है भारत को राष्ट्रों के पश्चिमी गठबंधन में शामिल करने के लिए रचनात्मक समाधान। भारत क्वाड के माध्यम से इंडो-पैसिफिक रणनीतिक मामलों पर अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है। भारत और अमेरिका ने हिंद-प्रशांत आर्थिक ढांचे के माध्यम से एक नए युग की प्रौद्योगिकी और व्यापार समझौते के लिए भी भागीदारी की है।
पहले की आर्थिक व्यवस्थाओं की बाध्यकारी प्रकृति के विपरीत, आईपीईएफ सदस्यों को लचीलापन प्रदान करता है। यह सब एक ऐसी दुनिया की ओर इशारा करता है जहां भारत-केंद्रित और नागरिक-प्रथम कूटनीति की विशिष्टताएं और बारीकियां चलन में आ रही हैं।

## आप की बात

### गुजरात में चुनावी जंग

**चुनाव** की घोषणा के साथ ही गुजरात में राजनीति की बिसात बिछ गई है। सी वोटर के सर्वे में बीजेपी सबसे आगे हैं.देश के पीएम मोदी और अमित शाह दोनों इसी राज्य से आते हैं और इन चुनावों को इन दोनों नेताओं की राजनीतिक साख से जोड़कर देखा जाता है। पिछले ढाई दशक से भी ज्यादा समय से बीजेपी ने गुजरात को अपना ऐसा अभेद्य किला बना भी रखा है, जहां विपक्ष चाहकर भी सेंध नहीं लगा पा रहा है। मगर राजनीति के पीच पर खेले जाने वाला क्रिकेट भी अंतिम बाल तक रोमांचक होने वाला है! बीजेपी को भी अपने आप मे अधिक गलतफहमी नहीं पालते हुए अपनी पूरी ताकत झोंकना होगी। अपने मन्त्री और विधायकों को लगातार अपने क्षेत्र में सक्रिय करना होगा. हालांकि आप के नेता वहां मुख्यमंत्री के चेहरे की घोषणा कर रहे हैं. यह घोषणा तो ऐसी ही है कि ,खुदा मेरी किस्मत में लिखकर मुफलिसी ,कह दिया जा बेटा तेरा अंदाज रईसाना, होगा, कांग्रेस भी बड़े दावे कर रही हैं. और सभी विपक्षी दल मोरवी को भुनाने का प्रयास करेंगे। अत: गुजरात व हिमाचल प्रदेश के चुनाव को कठोर से कठोर चुनौती मानते हुए भाजपा को निखर कर आना होगा, क्योंकि इन दो राज्यों के नतीजे ही 2024 के चुनावों का आधार बनेंगे!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### डिजिटल दुष्कर्म

**देश** के कई हिस्सों से लगातार डिजिटल दुष्कर्म की घटनाएं सामने आना काफ़ी चिंताजनक है। हाल ही में गाजियाबाद के इंदिरापुरम में एक युवक द्वारा पड़ोस की नाबालिग लड़की के साथ डिजिटल दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस घटना में चौंकाने वाली बात यह है कि घर में नाबालिग बहन और भाई होने के बावजूद आरोपी दुष्कर्म को अंजाम देता रहा। अधिकतर मामलों में डिजिटल दुष्कर्म की शिकार नाबालिग युवतियां होती हैं मगर उनके कराहने तक किसी को अपराध की भनक नहीं लगती। इस विषय में जागरूकता की कमी ही लगातार बढ़ रहे मामलों का कारण है। डिजिटल दुष्कर्म को लोग एक साइबर अपराध समझते हैं लेकिन असल में यह एक शारीरिक दुष्कर्म है। अंग्रेज़ी में डिजिट्स का मतलब उंगलियां होता है। ऐसे मामलों में आरोपी बिना परस्पर सहमती के या डरा-धमका कर महिला के गुप्तांगों में उंगलियों का स्पर्श व प्रवेश करता है। हैरान करने वाली बात तो यह है कि कई मामलों में अपराधी खेल-खेल में ही घर में अकेली नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म करके चले जाते हैं और किसी को भनक तक नहीं लगती। अभिवावकों को चाहिए कि वह अपने बच्चों को सही और गलत का बोध कराएं।

– **विठ्ठल शुक्ला**, कानपुर

### सख्ती न करने का नतीजा

**भारतीय** रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने आखिरकार यह स्वीकार किया है कि केंद्रीय बैंक देश में बढ़ती महंगाई को काबू करने में नाकाम रहा है। उनका कहना है कि समय से पहले ब्याज दरों को सख्त करना शुरू किया जाता तो इसका अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर पर नकारात्मक असर पड़ता। आज बढ़ती महंगाई के कारण केंद्रीय बैंक अपने प्राथमिक लक्ष्य से भी लगता है चूक गया है फिर भी मुद्रास्फीति के अब नरम होने की संभावना है। हमें सामने आई परिस्थितियों को देखते हुए हमारे प्रयासों की सराहना भी करना चाहिए अगर हमने अधिक सख्ती या आक्रमक रुख अपनाने में जल्दबाजी दिखाई होती तो यह फैसला अर्थव्यवस्था एवं आम जनता के लिए बहुत महंगा पड़ता और हमें भी इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ती। आज हमें रुपए में अवमूल्यन पर ज्यादा भावुकता दिखाने की जरूरत नहीं है कारण डालर की तुलना में अन्य देशों की मुद्राओं से रुपया आज बेहतर परिस्थिति में है। आज भारतीय अर्थव्यवस्था को दुनिया में आशावादी निगाह से देखा जा रहा है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**अरविंद** केजरीवाल राजनीति में संत जैसे अन्ना हजारे के समर्थन से आए। अब उनके लोग एक ठग को भी ठग लेते हैं।
– **संबित पात्रा**
भाजपा प्रवक्ता



**सभी** शिकायतकर्ता शिकायत करना जारी रखें, लेकिन ब्लू टिक के लिए 8 डालर खर्च करने होंगे।
– **इलोन मस्क**
टेस्ला सीईओ



**राजनीति** की तुलना में लोगों का जीवन ज्यादा महत्वपूर्ण है। मोरबी घटना की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में न्यायिक आयोग बनना चाहिए।
– **ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री

# कानून व्यवस्था को लेकर सपा-भाजपा में जुबानी जंग

## विपक्षी बयानवीरों को नहीं सुहा रहा प्रदेश में कानून का शासनः भूपेन्द्र चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शुक्रवार को विपक्षी दलों पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि राज्य की जनता ने अपने संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए अपने मतों के माध्यम से प्रदेश में अपराध और भ्रष्टाचार की संरक्षक सरकारों को सत्ता से बेदखल कर पलायन को मजबूर कर दिया है। अब राज्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार के साढ़े पांच वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश को भय मुक्त करने के साथ किये जा रहे कार्यों का परिणाम है कि आज राज्य में गाजियाबाद से गाजीपुर तक अपराधी व बदमाश या तो जेल में बंद है या उत्तर प्रदेश से पलायन को मजबूर हो गए हैं। योगी राज में प्रदेश में स्थापित ''कानून का शासन'' बयानवीर नेताओं को सुहा नहीं रहा है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि जिनके शासनकाल में उत्तर प्रदेश की पहचान देश में अपराध की राजधानी के रूप में बन गयी थी। जिनके शासनकाल में सत्ताधारी दल के नेताओं के बंगले व कार्यालय दुर्दांत अपराधियों की शरणस्थली बन गए थे। जिनके शासन काल में आंतकी घटनों में लिप्त अपराधियों को छुड़ाने की नाकाम कोशिशें होती थीं। जिनके शासनकाल में दंगाईयों पर पुष्प-वर्षा होती थी। वे लोग आज राज्य की कानून व्यवस्था पर किस मुंह से सवाल उठा रहे है? प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बिना भेदभाव अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही कर रही है। राज्य में अपराधी या जेल में है या प्रदेश से पलायन कर रहे है।

## प्रदेश में लगातार हो रही हत्याओं से जनता भयभीत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश अराजकता की चपेट में है। भाजपा सरकार में लूट, हत्या, अपहरण, बलात्कार चरम पर है। पुलिस हिरासत में लोगों की मौतें हो रही है। बच्चियों और महिलाओं के साथ छेड़खानी और दुष्कर्म की घटनाएं लगातार बढ़ रही है जिसके कारण बच्चियों ने स्कूल जाना छोड़ दिया है और कई ने तो आत्मग्लानि में आत्महत्या तक कर लिया हैं।

अखिलेश ने कहा कि पूरे प्रदेश में लगातार हो रही हत्याओं से जनता भयभीत है। बदायूं में समाजवादी पार्टी के पूर्व ब्लाक प्रमुख, उनकी पत्नी और मां सहित हत्या कर दी गई। आगरा में युवक की हत्या, मथुरा में किसान की हत्या तथा बीबीनगर में चौकीदार तथा जलालपुर में युवती की हत्या हुई। मेरठ में धान की लूट हुई है। इन आपराधिक घटनाओं से जनता आतंकित है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में पुलिस थाने के अन्दर युवक की पिटाई से मौत हो गई है। पुलिस निर्दोषों की जान ले रही है। हुक्मरान आंख मूंदे बैठे हैं। सत्ता संरक्षित अपराधियों के आगे



शासन.प्रशासन पस्त है। कानपुर के वीरेन्द्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर के छात्र रोनिल की हत्या के बाद भी पुलिस राज खोलने में विफल रही है। गन्ना राज्य मंत्री ने एक फैक्ट्री प्रबंधक को घर बुलाकर पिटाई कर दी। कई भाजपा विधायकों की दबंगई से लोग परेशान हैं। राजधानी लखनऊ में आए दिन व्यापारी लुट रहे हैं। महिलाओं के जेवर छीने जा रहे हैं। सिपाहियों पर हमले हो रहे हैं। उनकी वर्दी फाड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा राज में कानून व्यवस्था की स्थिति इतनी बदतर है कि राजधानी लखनऊ में अन्याय, अनिश्चित भविष्य को लेकर कोई मुख्यमंत्री के आवास के निकट गौतमपल्ली थाना के पास अपने ऊपर पेट्रोल-मिट्टी का तेल उड़ेल रहा है तो कोई पास के टावर पर चढ़कर फांसी का फंदा डाल कर पेड़ पर चढ़ रहा है। बच्चियों से छेड़छाड़, दुष्कर्म के मामलों में पुलिसिया लापरवाही के चलते अवांछित तत्वों के हौंसले बुलन्दी पर है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से भेंट कर राम मेहरोत्रा द्वारा लिखित पुस्तक 'राम उत्कर्ष का इतिहास' दी

### राज्य कर विभाग में मेरिट आधारित स्थानांतरण सूची जारी

**लखनऊ।** लगभग एक वर्ष के बाद राज्य कर विभाग में पूर्णतः मेरिट आधारित स्थानांतरण सूची जारी होने पर पूरे प्रदेश के अधिकारियों में हर्ष का माहौल है। कार्याध्यक्ष स्तर के इन अधिकारियों की तैनाती के विभाग में एक बार फिर कार्य का माहौल बनेगा। जिस तरह से लगातार मुख्यमंत्री राजस्व बढ़ोत्तरी के लिए विभागों को उत्साहित कर रहे है उसे बल मिलेगा। यही नहीं, लम्बे अरसे से पति पत्नी के एक स्थान पर तैनाती, बीमारी की वजह से परेशान रहने वाले कतिपय अधिकारियों को विशेष चिकित्सालय वाले स्थानों पर तैनाती मिल जाने से उनकी निराशा समाप्त हुई है। राज्य कर विभाग में लगभग 329 अधिकारियों की स्थानांतरण सूची जारी होने से विगत लगभग एक वर्ष से पदोन्नति प्राप्त अधिकारियों को तैनाती मिल गयी है। जिसके कारण विभाग में ख़ाली चल रहे राजस्व की दृष्टि से महत्वपूर्ण पदों को भरा गया है। डिप्टी कमिश्नर रैंक के अधिकारियों की तबादला सूची जारी होने पर अधिकारियों के संघ ने मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव एवं कमिश्नर को हृदय से आभार प्रकट किया है। अधिकारी संघों के अनुसार बहुप्रतिक्षित स्थानांतरण सूची के पूरी तरह परफ़ारमेंस आधारित मेरिट बेस्ड एवं पारदर्शी होने से पूरे विभाग में इसकी प्रशंसा हो रही है। यह आम चर्चा बनी हुई है कि स्थानांतरण लिस्ट देर आई है पर दुरुस्त आई है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि तबादलों में अधिकारियों के परफ़ार्मेंस को तरजीह मिलने से विभागीय कार्य वातावरण में गुणात्मक सुधार के साथ साथ अधिकतम राजस्व वृद्धि सुनिश्चित होगी।

### अब बस्ती स्टेशन पर भी रुकेगी यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा के लिए गाड़ी सं. 22533/ 22534 यशवंतपुर-गोरखपुर जं. एक्सप्रेस (साप्ताहिक) का प्रायोगिक ठहराव छह माह के लिए अगली सूचना तक दिनांक 04 नवम्बर 2022 से बस्ती स्टेशन पर किया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में माननीय सांसद (लोक सभा) बस्ती हरीश द्विवेदी के कर कमलों द्वारा बस्ती स्टेशन पर गाड़ी सं. 22534 यशवंतपुर-गोरखपुर जं. एक्सप्रेस (साप्ताहिक) को साय: 17:18 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर प्रथम, मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, मण्डल यॉत्रिक इंजीनियर/ ईएनएचएम एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### भाजपा के खिलाफ मात्र कांग्रेस पार्टी ही है विकल्पः नकुल दुबे

**लखनऊ।** पूर्व मंत्री और कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ अगर कोई विकल्प है तो वह मात्र कांग्रेस पार्टी ही है। दुबें शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में उत्तर प्रदेश में होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। दुबे ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान समय में जनता परेशान है, दुखी है। राजधानी में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया का प्रकोप चरम पर है। सरकार उससे निपटने में नाकाम साबित हो चुकी है। प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। जबकि नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत हासिल है फिर भी शहरों में फागिंग तक नहीं हो पा रही है।

## जज्बे से जुड़ेंगे अफसर तभी मिलेगी स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम में उपलब्धिः मुख्य सचिव

- स्वच्छ भारत मिशन-शहरी पर आयोजित हुई रणनीतिक कार्यशाला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा है कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छता सर्वेक्षण कार्यक्रम में जब तक अधिकारी मिशन और जज्बे के साथ नहीं जुड़ेंगे तब तक इस कार्यक्रम में उपलब्धि प्राप्त नहीं होगी। पहली बार 2016 पहला स्वच्छता सर्वेक्षण हुआ था तब इन्दौर का 77 में 25वां स्थान था और 2017 में नम्बर-1 पर आए और लगातार आते रहे। इसके पीछे म्यूनिसिपल कमिश्नर ने जिस जज्बे से काम किया, उसका नतीजा है कि स्वच्छता सर्वेक्षण में इन्दौर प्रथम स्थान पर है। सचिव आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के तौर पर कई बार इन्दौर शहर गया वहां लोगों में इतनी एनर्जी और उत्साह था कि हर कोई दिखाना चाहता था कि हमने स्वच्छता के लिये क्या किया, क्योंकि वहां के नगर निगम के अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों ने मिशन के तौर पर कार्य किया। मुख्य सचिव शुक्रवार को नगरीय प्रशिक्षण एवं शोध केन्द्र व स्थानीय निकाय निदेशालय में आयोजित स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 पर आयोजित रणनीतिक कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहर के साफ सुथरा होने से शहर की नई इमेज बिल्ड होती है।

शहर और प्रापर्टी की वैल्यू बढ़ जाती है। लोगों के स्वास्थ्य और सोच में फर्क आ जाता है। इसलिए शहरों को स्वच्छ बनाने के लिए शहरों की रेटिंग करना प्रारम्भ की गई है।

## 10 दिन के भीतर सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाएः सीएस

- प्रदेश के 126 नगरीय निकायों के 194 अमृत सरोवरों को संवारने की भारत सरकार से मिली मंजूरीः अमृत अभिजात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रमुख** सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने स्थानीय निकाय निदेशालय में आज गुरुवार को प्रदेश के नगरीय निकायों के विकास कार्यों एवं शहरों में सड़कों के गड्ढामुक्ति अभियान की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को 10 दिन तक युद्धस्तर पर अभियान चलाकर सड़कों को गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। प्रमुख सचिव ने बैठक में 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत कार्यों की अद्यतन स्थिति, अमृत के कार्यों की प्रगति, गड्ढ़ामुक्ति के लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति, सरोवर/पोखरो की अद्यतन स्थिति, अन्येष्टि स्थल एवं कान्हा गौशाला की अद्यतन स्थिति, सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित की गई कार्यवाही और जल निकासी के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में सभी 17 नगर निगमों से आए मुख्य अभियंताओं की ओर से अद्यतन स्थिति का विवरण प्रस्तुत किया गया। प्रमुख सचिव ने बताया कि भारत सरकार से प्रदेश के 126 नगरीय निकायों के 194 अमृत सरोवरों के विकास एवं कायाकल्प के लिए भारत सरकार से अनुमति मिल गई है। उन्होंने बताया कि इन सरोवरों/पोखरों को विकसित करने के लिए डीपीआर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गये। उन्होंने बताया कि इनका उद्देश्य वाटर रिचार्जिंग है। इनमें बरसात का पानी अधिक से अधिक आ सके। साथ ही घाटों की मरम्मत और सौंदर्यीकरण से लेकर स्थानीय लोगों के बैठने तक के लिए स्थान विकसित किए जायेंगे। रिमोट सेसिंग व जीआईएस तकनीक से होगा नागरिक सुविधाओं का आंकलन नगर विकास विभाग द्वारा रिमोट सेन्सिंग एप्लिकेशनस सेंटर, उत्तर प्रदेश, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान से आगामी कार्ययोजनाएं तैयार की जा रही हैं।

### एक दर्जन पीसीएस अधिकारियों के तबादले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने एक दर्जन पीसीएस अफ सरों के तबादले कर दिए हैं। श्रावस्ती के एडीएम न्यायिक कुंवर पंकज को प्रयागराज का मुख्य राजस्व अधिकारी बनाया गया है जबकि श्रावस्ती के एडीएम न्याययिक के पद पर रायबरेली के एसडीएम सुभाष चंद्र यादव की तैनाती की गई है। आगरा की अपर मुख्य नगर अधिकारी सुशील को वहीं एडीएम नागरिक आपूर्ति की जिम्मेदारी दी गई है। मेरठ के एसडीएम अरुण कुमार गोंड इटावा के सिटी मजिस्ट्रेट, संभल के एडीएम कमलेश कुमार अवस्थी को अपर आयुक्त आजमगढ़ के पद पर तैनात किया गया है। अलीगढ़ में सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात रहे प्रदीप कुमार वर्मा को संभल का एडीएम वित्त एवं राज्य बनाया गया है। भदोही के एसडीएम चन्द्रशेखर को अलीगढ़ के सिटी मजिस्ट्रेट के पद की जिम्मेदारी दी गई है। झांसी के एडीएम वित्त राम अक्षयवर इसी पद पर जौनपुर भेजे गए हैं। जौनपुर के एडीएम वित्त वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश इसी पद पर महोबा में तैनात किए गए हैं। एसडीएम भदोही चंद्रशेखर को सिटी मजिस्ट्रेट अलीगढ़ के पद पर भेजा गया है जबकि एडीएम वित्त झांसी राम अक्षयवर अब इसी पद पर जौनपुर भेजे गए हैं। जौनपुर के एडीएम वित्त एवं राजस्व इसी पद पर महोबा, मुरादाबाद के एसडीएम रमाकांत वर्मा को सहकारी चीनी मिल्स संघ के महाप्रबंधक पद की तैनाती मिली है। एडीएम वित्त एवं राजस्व रामसुरेश वर्मा को इसी पद पर झांसी भेजा गया है।

### अक्टूबर माह में कुल 13911.84 करोड़ का राजस्व प्राप्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2022-23 के अक्टूबर माह में कुल रू 13911.84 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वर्ष 2021-22 के अक्टूबर माह में 1670.12 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार अक्टूबर 2022 में प्रदेश के मुख्य कर करेत्तर राजस्व वाले मदो में 2241.72 रुपए करोड़ अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कार्य कर राजस्व वाले मद जीएसटी एवं वैट में माह अक्टूबर 2022 में राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य 10695.80 रुपए करोड़ के सापेक्ष 8089.57 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई है जो निर्धारित लक्ष्य का 75.6 प्रतिशत है। इस प्रकार जीएसटी एवं वैट के अंतर्गत अक्टूबर 2021 की तुलना में अक्टूबर 2022 में रू 1730.81 करोड़ अधिक प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि जीएसटी के अन्तर्गत माह अक्टूबर, 2022 में कुल 6044.88 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति हुई है जबकि गत वर्ष अक्टूबर, 2021 के माह में प्राप्ति 4208.56 करोड़ रुपए थी। वैट के अन्तर्गत माह अक्टूबर, 2022 में 2044.69 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति हुई।

## गांव-गांव तक पहुंचेगा विहिप का हितचिंतक अभियान

- 15 दिनों में अवध प्रांत में तीन लाख हिंदुओं को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आगामी** 6 नवंबर से प्रारंभ होने वाले पखवाड़े में विश्व हिंदू परिषद् अवध प्रांत कि प्रत्येक गांवों तक पहुंच कर तीन लाख अधिक हिन्दूओं को जोड़ेगा। विहिप के अवध प्रांत के प्रान्त अध्यक्ष कन्हैया लाल नगीना ने बताया कि 2024 में विश्व हिन्दू परिषद् की स्थापना के साठ वर्ष पूर्ण हो जायेंगे इसके निमित्त षष्टि पूर्ती के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के इस देश व्यापी हितचिंतक अभियान को सर्वस्पर्शी बनाने के लिए 6 नवंबर से 20 नवंबर तक हम समाज के हर जाति मत पंथ संप्रदाय से संपर्क कर उन्हें हिन्दू समाज व राष्ट्र हित के कार्यों से जोड़ेंगे। अभियान में विशेष वर्ग के लोगों को जोड़ने के लिए विशेष संपर्क भी किया जाएगा। इसके अन्तर्गत डॉक्टरों, इंजीनियरों, चार्डर्ड अकाउंटेंट, वकील, पूर्व जज, गायकों, अभिनेताओं, खिलाड़ियों इत्यादि यानी सभी तरह के सेलेब्रिटी को भी जोड़ेंगे।

प्रांत मंत्री देवेंद्र ने कहा कि हितचिंतक अभियान की टोलियों का लक्ष्य अवध प्रांत के प्रत्येक गांवों तक जाकर तीन लाख हितचिंतक बनाने का है। इसके अंतर्गत लोगों को विहिप के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी जाएगी। हितचिंतक अभियान का उद्देश्य विहिप के विभिन्न आयामों के कार्यों का जन सेवार्थ विस्तार करना है। सेवा कार्यों से अधिकाधिक वंचित समाज को जोड़ना, नई पीढ़ी में सनातन संस्कारों का संचार करना, गौवंशों की रक्षा, सामाजिक समरसता, नारी सशक्तीकरण, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण व मठ-मंदिरों की सुव्यवस्था के साथ ही हिंदू समाज को संगठित करते हुए उसकी सुरक्षा के संकल्प का भाव जगाना भी अभियान का उद्देश्य है। विश्व हिंदू परिषद मतांतरण और लव जेहाद रोकने और घर वापसी के लिए किस तरह कटिबद्ध है, यह जानकारी भी अभियान के अंतर्गत दी जाएगी।

## अपना दल 'एस' की दोबारा अध्यक्ष चुनी गयीं अनुप्रिया पटेल

- राज्य-स्तरीय पार्टी की मान्यता मिलने के बाद अपना दल (एस) के प्रथम राष्ट्रीय अधिवेशन में जुटे हजारों प्रतिनिधि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** स्तरीय पार्टी की मान्यता मिलने के बाद शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में अपना दल एस का पहला राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित हुआ। इसमें चुनाव प्रक्रिया के तहत अनुप्रिया पटेल फिर से निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनी गईं। अध्यक्ष चुने जाने के बाद उन्होंने कहा, ''शेर की बेटी हूं पीछे नहीं हट सकती।'' सामाजिक न्याय की विचारधारा से पीछे न हटने का संकल्प लेते हुए उन्होंने सभागार में हजारों प्रतिनिधियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आलोचनाओं से घबराना नहीं है, क्योंकि पार्टी की प्रगति जिस तेजी से हो रही है, आलोचना स्वाभाविक है।

अनुप्रिया पटेल ने कहा कि 17 अक्टूबर 2009 को जब उनके शेर पिता डॉ. सोनेलाल पटेल का निधन हुआ था, उसके 20 दिन पहले ही मेरी शादी हुई थी। मैं राजनीति का ककहरा भी नहीं जानती थी, लेकिन उस समय पार्टी के लोगों ने मुझे महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी थी। इसके बाद 2012 में मैंने वाराणसी के रोहनिया से पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ा। वहां की जनता ने डॉ. सोनेलाल पटेल की सामाजिक न्याय की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए मुझे प्रदेश की सबसे बड़ी पंचायत में अपना प्रतिनिधि चुन कर भेजा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 2014 के लोकसभा चुनाव में मेरी पार्टी ने 2 सीटों पर चुनाव लड़ा और दोनों पर जीत दर्ज की। 2017 के विधानसभा चुनाव में 11 सीटों पर अपना दल (एस) के उम्मीदवार लड़े और इनमें से 9 ने जीत का परचम लहराया। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी पार्टी का स्ट्राइक रेट 100 प्रतिशत रहा। 2022 के विधानसभा चुनाव में 17 सीटों में से 12 पर अपना दल एस ने जीत दर्ज की। पार्टी का यह विस्तार डॉ.सोनेलाल पटेल के सिपाहियों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विरोधी विरोध करते हैं तो चलता है, लेकिन जब अपने लोग ही विरोध करने लगते हैं तो अंदर से तकलीफ होती है और इस तकलीफ को मैं पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव बनने के बाद से ही झेल रही हूं। हमारे ही लोगों का कंधा इस्तेमाल कर पार्टी को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है। लेकिन इतिहास गवाह है कि जब-जब पार्टी को कमजोर करने की कोशिश की गई, तब-तब कार्यकर्ताओं के समर्पण, संघर्ष व कर्त्तव्य निष्ठा के चलते पार्टी और मजबूत होती चली गई। इस मौके पर उन्होंने 2024 की तैयारी के लिए कार्यकर्ताओं को अभी से 24 घंटे काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से आप लोगों ने अभी तक पार्टी को सफलता दिलाई है, यह सिलसिला आगे भी जारी रखना है और सफलता का नया कीर्तिमान कायम करना है और अधिक से अधिक अपने जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित कराना है।

लोकतंत्र में जन प्रतिनिधियों की भागीदारी से ही सामाजिक न्याय को बुलंद आवाज मिलेगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने के लिए अपने प्रयास का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी मांग है कि उत्तर प्रदेश की सरकार इस समस्या का हल निकाले और यह भी कहा कि सहयोगी पार्टी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से इस मामले में बातचीत जारी है। इसके पहले पार्टी के मुख्य चुनाव अधिकारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा से पहले कार्यकर्ताओं को बताया कि अपना दल एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार के तौर पर अनुप्रिया पटेल का ही नामांकन पत्र मिला, लिहाजा उनको निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया जाता है।



### भाषण के दौरान पिता को याद कर आखें हुईं नम

**भाषण** के दौरान अनुप्रिया पटेल ने जब अपने पिता डा.सोनेलाल पटेल का जिक्र किया तो उनकी आंखें नम हो गईं। गला रूंध सा गया। रूंधे गले से ही वह भाषण देती रहीं। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि आज यह सफलता अपना दल एस के करोड़ों कार्यकर्ताओं की मेहनत व समर्पण का प्रतिफल है। हमारे कार्यकर्ता उपजा गेहूं बेचकर पार्टी को संचालित करते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि पार्टी बढ़ रही है, इस वजह से तरह-तरह के विरोध सामने आ रहे हैं। ऐसे विरोधियों से हमें सावधान रहने की जरूरत है और उनकी किसी भी टिप्पणी पर किसी भी तरह का सोशल मीडिया पर कोई प्रतिकार न करने की अपील की।

## डेंगू को लेकर हाईकोर्ट सख्त, एलर्ट मोड में सरकार

- अस्पतालों में बढ़ाये गये बेड, हर मरीज को इलाज देने के निर्देश

### फील्ड में निकले कमिश्नर-डीएम, किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डेंगू** के बढ़ते मरीजों के बीच सरकार की सतर्कता को देखते हुए शुक्रवार को कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब और डीएम सूर्यपाल गंगवार ने केजीएमयू से लेकर सविल अस्पताल में तैयारियों का निरीक्षण किया। वहीं शासन के निर्देश पर मेडिकल कालेज से लेकर अस्पतालों में अतिरिक्त बेड की व्यवस्था करने के साथ ही अलग से वार्ड स्थापित किये गये हैं। मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज के गांधी वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि डेंगू, मलेरिया के जो मरीज हैं, इनके लिए एक वार्ड अलग बना लिया जाए। जिससे चिकित्सा सुविधा में आसानी रहे। उन्होंने कहा कि वार्ड में संबंधित डॉक्टर समय से राउंड लेते रहे इसमें किसी प्रकार के शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने डेंगू के मरीज, मलेरिया इत्यादि लोगो से संवाद करके उनके स्वास्थ्य के बारे मे जानकारी लिया। उन्होंने संवाद के दौरान मरीजो से जानकारी लिया कि सारी दवाइयां अस्पताल से उपलब्ध कराई जा रही है या कुछ दवाइयां बाहर से भी मंगा रहे हैं। संबंधित ने बताया कि सभी दवाइयां अस्पताल से उपलब्ध कराई जा रही है। इस दौरान मंडलायुक्त ने गांधी वार्ड में बने एचआरएफ औषधि सेंटर का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित से दवाओं के बारे में जानकारी ली। उक्त के पश्चात औषधि स्टोर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सभी औषधि स्टोर गो-डाउन में उपलब्ध है कि नहीं सम्बधित ने बताया कि लगभग सभी दवाइयां उपलब्ध है। उन्होंने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि मरीजो को सस्ते दरों पर दवा उपलब्ध कराया जाए। जो दवाइयां नही उपलब्ध है केवल वही दवाइयां एचआरएफ स्टोर से लेने के लिए कहा जाये।

डीएम सूर्य पाल गंगवार ने आज शाम को सिविल हॉस्पिटल पहुँच कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निदेशक डॉ आनंद ओझा द्वारा बताया गया कि कुल 16 पेशेंट एडमिट है साथ ही कुल 34 बेड रिजर्व में डेंगू के लिए रखे गए है। प्लेटलेट्स की भी कमी नहीं है बेड भी पर्याप्त हैं। सभी को सभी सुविधाएं आसानी से दी जा रही हैं, ना एडमिशन में कोई दिक्कत है ना इलाज में कोई कमी है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा नगर निगम को दिन में दो बार सुबह और शाम फॉगिंग करने के निर्देश दिए गये साथ ही जिलाधिकारी द्वारा सभी विद्यालयों को एडवाइजरी जारी की गई कि विद्यायलों में सभी बच्चे पूरी बांह के कपड़े पहन कर आये। उक्त के साथ ही जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि आशा कार्यकर्ता बुखार और इंफ्लुएंजा के लक्षण के मरीजों की पहचान कर उनकी लाइन लिस्टिंग करें। इसके अलावा वह लोगों को मच्छरों से बचाव के लिए क्या करें और क्या न करें, के लिए जागरूक करें। निरीक्षण के समय मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज अग्रवाल डिप्टी सीएमओ डॉ मिलिंद वर्धन डायरेक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### बलरामपुर और लोकबंधु अस्पताल में भी बढ़े बेड

**बलरामपुर** अस्पताल के सीएमएस डॉ जीपी गुप्ता के मुताबिक अस्पताल में 15 अतिरिक्त बेड बढ़ाये गये हैं। वहीं लोकबंधु अस्पताल के सीएमएस डॉ अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि 20 बेड अतिरिक्त बढ़ाए गये हैं। जबकि 50 बेड पहले से मौजूद थे।

### लखनऊ में डेंगू के 39 नये केस

**आज** जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में 39 डेंगू धनात्मक रोगी पाए गये। इसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के तहत चन्दरनगर में 4, टूडियागंज में 4, ऐशबाग में 3, रेडक्रास एरिया में 2, मलिहाबाद में 1, मोहनलालगंज में 1, चिनहट में 3, अलीगंज में 5, इन्दिरानगर में 4, सिल्वर जुबली में 4, सरोजनीनगर में 3, काकोरी में 3 और बीकेटी में 2 केस मिले हैं। आज लगभग 1944 घरों एवं आस.पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 5 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। इसके अतिरिक्त नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलोंध्भवनों का निरीक्षण किया गया तथा लार्वा रोधी रसायन का छिडकाव किया गया। वहीं दूसरी तरफ लखनऊ में आज 3 कोविड धनात्मक रोगी पाये गये। जिसमें 2 पुरूष एवं 1 महिला रोगी है। आज कुल 8 व्यक्ति कोविड संक्रमण से स्वस्थ हुए। जनपद में एक्टिव केसों की संख्या 26 है।

# एथलेटिक्स प्रतियोगिता का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

संवाददाता। सीतापुर

**73वीं जनपदीय** माध्यमिक विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2022-23 सीतापुर का शुभारंभ जिलाधिकारी अनुज सिंह ने मेजर ध्यानचंद्र स्टेडियम में किया। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है जिसके माध्यम से हम सभी अपने राष्ट्र, राज्य, जिले या समाज का गौरव बनकर अपने देश का नाम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बोर रोशन कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने सरस्वती पूजन, दीप प्रज्वलन के उपरांत, ध्वजारोहण करते हुए प्रतियोगिता के प्रारंभ की घोषणा की। मार्च पास्ट अवलोकन एवं सलामी जिला विद्यालय निरीक्षक अनूप तिवारी, संयोजक डॉ0 नरेंद्र सिंह एवं प्रधानाचार्य राजकुमार शुक्ला ने की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं मानस पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया, एचकेपी इंटर कॉलेज की छात्राओं ने गणेश वंदना एवं राजस्थानी लोक नृत्य, पीएन सहगल की छात्राओं ने मिक्स सॉन्ग तथा आरआरडी इंटर कॉलेज के छात्रों ने धमाकेदार नृत्य गीत प्रस्तुत किए।

### प्रतियोगिता में 23 विद्यालयों की टीम कर रहीं प्रतिभाग

**सीतापुर।** गत वर्ष 2019 की प्रतियोगिता के चैंपियन रिजवान ने प्रतिभागियों को शपथ दिलाई तथा मशाल को लेकर पूरे ट्रैक का चक्कर लगाकर प्रदर्शित की। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में सीनियर बालक वर्ग में 33, सीनियर बालिका वर्ग में 23, जूनियर बालक वर्ग में 41, जूनियर बालिका वर्ग में 33, सब जूनियर बालक वर्ग में 27 तथा सब जूनियर बालिका वर्ग में 23 विद्यालयों की टीम प्रतिभाग कर रही है। कुल 128 टीमों में 2 हजार प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं। पहले दिन 800 मीटर दौड़ सीनियर बालक वर्ग प्रथम रोहित कुमार यादव काल्विन इंटर कॉलेज महमूदाबाद, द्वितीय विवेक कुमार आरबीएसबी इंटर कॉलेज कमलापुर एवं तृतीय शिवांश शुक्ला, 800 मीटर दौड़ सीनियर बालिका वर्ग प्रथम रुचि श्रीवास्तव एचकेपी इंटर कॉलेज सीतापुर, द्वितीय प्रिया .षक इंटर कॉलेज महोली सीतापुर एवं तृतीय शिवांकी ने स्थान प्राप्त किया।

## अशरफपुर में स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरूक

संवाददाता। सीतापुर

**ब्लॉक खैराबाद** के ग्राम अशरफपुर में जीएलआरए इंडिया लायंस क्लब सीतापुर के तत्वधान में स्वच्छता व स्वास्थ्य जागरूकता बैठक एवं निशुल्क एमसीआर फुटवियर वितरण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। गंदगी व मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग सीतापुर की टीम द्वारा जानकारी दी गई। लेप्रोसी कंसलटेंट डॉ अनुभव पांडे, वरिष्ठ निरीक्षक विवेक शुक्ला, सौरभ पांडे ने कई विशयों पर जागरूक किया। कार्यक्रम में लायंस क्लब जर्मनी की तरफसे मिस सिल्के, जीएलआरए इंडिया जर्मनी की तरफ से मिस जूलीयाना, फ्रेकल पर्सन शिबू जॉर्ज, प्रोजेक्ट मैनेजर सचिन गुलाटी, जिला समन्वयक संतोष कुमार सक्सेना, प्रतिभा मिश्रा, आदित्य प्रकाश दीक्षित, राजेंद्र प्रताप सिंह, सुरभि गुप्ता, लायंस क्लब सीतापुर की तरफसे पदाधिकारी अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह कुक्कू भईया, एस के खुराना, सचिव मनीष शर्मा, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, संधू बार एसोसिएशन सीतापुर के उपाध्यक्ष (एडवोकेट) आदेश वर्मा, ग्राम प्रधान सीमा और विभिन्न ग्राम पंचायतों की स्वास्थ्य कार्यकर्ता आशा बहू, आंगनवाड़ी, बीडीसी आदि उपस्थित रहें।

## सीडीओ ने किया सरांयन व गोन नदी का निरीक्षण

**सीतापुर।** कसमंडा ब्लाक क्षेत्र में सरायन नदी और गोन नदी के संगम तट को सौंदर्यीकृत किया जाएगा। शुक्रवार को निरीक्षण करने पहुंचे सीडीओ अक्षत वर्मा ने संगम तट का सुदंरीकरण कराने के निर्देष दिए। सीडीओ ने ब्लाक कसमण्डा की ग्रामपंचायत पीरनगर, सरौराकला, भिठौली का स्थलीय निरीक्षक किया। प्रधान व सचिव को पंचायत भवन की पेन्टिंग व बाउन्ड्री वाल की वाल पेन्टिंग तथा सरायन नदी व गोन नदी संगम तट का सुन्दरीकरण कराने के निर्देश दिए। ग्रामपंचायत सरौराकला में अमृत वाटिका में लगाऐ गए पौधे हरे भरे और प्रांगण साफ सुथरा देखकर सराहना की। राजकीय बालिका हाईस्कूल भिठौली में ग्राम प्रधान व सचिव को विद्यालय की बाउण्ड्री वाल का निर्माण कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रभारी बीडीओ कसमण्डा हरिशचन्द प्रजापति, बीडीओ गोंदलामऊ अजीत यादव, जेई अजय खुराना, शिवप्रकाश पटेल, सहायक विकास अधिकारी पंचायत दिनेश यादव, एडीओ शिवप्रकाश दुबे, एडीओ आशुतोष धुर्वे, ऐ पी ओ मनरेगा चन्द्रप्रकाश, सचिव दिनेश वर्मा, जीतेन्द्र शुक्ला, अंशिका वर्मा, प्रधान देशराज यादव, विमल भार्गव, प्रधान प्रतिनिध शुशील भार्गव, देवेश अवस्थी मौजूद थे।

## सड़कों को गड्ढामुक्त करने के अभियान को लग रहा पलीता

**सीतापुर।** सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के अभियान को सीतापुर में पलीता लगाया जा रहा है। जर्जर और गड्ढा युक्त सड़कों के मरम्मत के नाम पर सिर्फ रस्म अदायगी की जा रही है। ब्लाक गोंदलामऊ क्षेत्र के ग्राम लोधपुरवा गांव तक जाने वाली डामरीकृत सड़क सिधौली मिश्रिख मार्ग से जुड़ी हुई है। एक किलोमीटर लंबी इस सड़क की मरम्मत लोकनिर्माण विभाग द्वारा कराई जा रही है, लेकिन मरम्मत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। ग्रामीण भगवानदीन, सर्वेष आदि का कहना है कि कोई साफसफाई नहीं कराई गई, उखाड़ी सड़क पर ऐसे ही गिट्टी बिछा दी गई, तारकोल का प्रयोग भी मानक के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब उन्होंने ठेकेदार से इसका विरोध किया तो उसने कहा कि हम लोग ऐसे ही कार्य करवाते है। ग्रामीणों के मुताबिक मरम्मत के लिए 11 ड्रम तारकोल मौके पर देखा गया जबकि ठेकेदार आशु सिंह का कहना है कि 15 ड्रम तारकोल आया था।

## सर्राफ की दुकान से चोरी का 10 दिन बाद मुकदमा दर्ज

**फतेहपुर।** सर्राफकारोबारी की दुकान से 22 अक्टूबर की रात हुई चोरी के मामले में 10 दिन बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने कुछ संदिग्धों की धरपकड़ भी की है। सुल्तानपुर घोष थाने के सेमौरी गांव निवासी आशीष कुमार गुप्ता के घर के बाहरी हिस्से में सर्राफे की दुकान है। आशीष ने बताया कि 22 अक्टूबर की रात परिवार के लोग कमरों में सो रहे थे। तभी चोर छत के रास्ते आंगन तक आए। दुकान का भीतर की ओर से लगा ताला तोड़कर चोर गोल्लक से रखे डेढ़ लाख रुपये नकदी, 50 ग्राम सोने और सात किलो चांदी चोर चुरा ले गए। जिसमें करीब साढ़े आठ लाख की चोरी हुई थी। मामले की तहरीर आशीष ने पुलिस को दी गई थी। प्रभारी निरीक्षक अरुण चतुर्वेदी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही थी। जांच पूरी होने के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## गैरइरादतन हत्या में सगे भाई गिरफ्तार, 5 फरार

**फतेहपुर।** प्रधान के पिता की हत्या में सगे भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में अब पांच आरोपी फरार हैं। आरोपियों की तलाश में पुलिस ने छापामारी चालू की है। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के पड़री गांव में चकरोड निर्माण को लेकर प्रधान अतीश कुमार पटेल और रमाशंकर शुक्ल पक्ष के बीच 27 अक्टूबर को मारपीट हुई थी। प्रधान के पिता दयाराम समेत छह लोग घायल हुए थे। कानपुर हैलट में 31 अक्टूबर को प्रधान के पिता की मौत हुई थी। मुकदमा तरमीम करने के बाद पुलिस ने बलवा, मारपीट, गाली गलौज, धमकी, गैरइरादतन हत्या के आरोप में रामशंकर के पुत्रों महेंद्र कुमार, प्रभात कुमार को गिरफ्तार किया है। विवेचक प्रहलाद यादव ने बताया कि दोनों आरोपी जेल गए हैं। मामले में रामशंकर, शशांक, आशुतोष, अमर समेत पांच फरार हैं। फरार आरोपियों की तलाश में छापामारी की जा रही है।

### कूटरचित अभिलेखों से जमीन का बैनामा कराने पर महिला समेत दो गवाहों पर मुकदमा

**फतेहपुर।** कूटरचित अभिलेखों से जमीन का बैनामा कराने के मामले में महिला और दो गवाहों के खिलाफपुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मामले की कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की है। असोथर थाना क्षेत्र के टीकर निवासी महादेव गुप्ता ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके पिता स्व0 छविनाथ गुप्ता ने 1967 में तीन खंड का एक मकान गांव के जवाहरलाल श्रीवास्तव से खरीदा था। उस जगह पर गांव के ही देवीशंकर दीक्षित व्यावहारिक तौर पर जानवर बांधते थे। हत्या के मामले में देवीशंकर दोषी भी थे। अवैध तरीके से मकान में कब्जा कर देवीशंकर ने 2009 में अपनी पुत्री चंद्रावती पत्नी हरीलाल त्रिपाठी को बैनामा कर दिया। चंद्रावती शहर के गंगानगर कालोनी में रहती है। बैनामे में गवाह योगेंद्र कुमार और विनोद कुमार त्रिपाठी हैं। उन्हें भी मालूम था कि मकान उनके पिता के नाम पर नहीं है। बैनामे में कूटरचित दस्तावेज लगाए गए हैं। अब उसे फर्जी बैनामा की जानकारी हो सकी है। वह परिवार के साथ कई साल से कानपुर में रहता है। उसने फर्जी बैनामे का विरोध किया तो चंद्रावती ने उसे जान से मारने की धमकी दी गई है। कोतवाल अमित मिश्रा ने बताया कि देवीशंकर मर चुके हैं।


# जो बीत गया उसको याद नहीं करते, हम प्यार के लम्हों को बरबाद नहीं करते

### ● झाड़ी शाह के मेले में कवियों ने काव्य की छटा बिखेरी

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**हज़रत रब्बानी** शाह कादरी उर्फ झाड़ी शाह बाबा के सालाना उर्स में दूर दूर से आए कविता सशक्त हस्ताक्षरों ने विभिन्न कविताओं के माध्यम से विभिन्न रसों की छटा बिखेरी।

झाड़ी शाह के मेले में आयोजित इस कवि सम्मेलन का उद्घाटन उत्तर प्रदेश अल्प संख्यक आयोग के सदस्या हैदर अब्बास चांद ने करते हुए कहा कि सूफ़ी संतों ने सबको साथ जोड़कर एक परिवार के रूप में आगे बढ़ाने का काम किया। यही वजह है कि सूफ़ी संतों के मजारों पर सभी धर्मों के लोग आते हैं और यहां से कौमी एकता का संदेश जाता है। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन शैलेश अग्निहोत्री गुड्डू ने तथा संचालन बाराबंकी से पधारे कवि विकास बौखल ने किया। इस कवि



कवि सम्मेलन को संबोधित करते हुए अल्प संख्यक आयोग के सदस्य

सम्मेलन में आए हुए कवियों की पंक्तियों पर श्रोताओं की भरपूर प्रशंसा मिली।

फारुख सरल ने सुनाया कि 'है दिल शाही, बनाकर फ़कीरी के भेष मिलते हैं, जुबानों हमेशा प्रेम के संदेश मिलते हैं।'

हेमा पाण्डेय ने सुनाया कि 'अजूबे सात दुनिया में मगर अब आठवां ये है, मेरी आंखों का भोलापन तेरी आंखों की बदमाशी।'

अखिलेश द्विवेदी ने सुनाया कि 'जिसने विवाह करके अपनी पत्नी छोड़ दी हो, वही हमारे देश में प्रधानमंत्री बने।'

हीना आरजू ने सुनाया कि 'जो बीत गया उसको हम याद नहीं करते, हम प्यार के लम्हों को बरबाद नहीं करते।'

आलम सुल्तानपुरी ने सुनाया कि 'मोहब्बत सीख जाओगे तो दुनिया काम आएगी, गगन भी गुनगुनाएगा हवा मुरली बजाएगी।'

नीरज पाण्डेय ने सुनाया कि 'साथ निभाती जहां आरती का और खुदा की अज़ान मुशतरका तहज़ीब है अहल ए हिन्दुस्तान की।' प्रमोद पंकज ने सुनाया कि 'जब तुम प्यार दुलार दिखाती, पर्स मेरी खाली हो जाती।'

इससे पूर्व अल्प संख्यक आयोग के सदस्य हैदर अब्बास चांद ने चादर चढ़ाई तथा अमन शांति और भाईचारे के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर कदीर पहलवान, मो हसनैन, हाफ़िज जलील समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# ईवीएम स्ट्रांग रूम में सील, अर्द्ध सैनिक बलों को सौंपी सुरक्षा

### ● डीएम-एसपी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**विधानसभा** गोला गोकरण नाथ उपचुनाव 2022 के लिए गुरुवार को हुए मतदान के बाद देर रात तक ईवीएम व अन्य प्रपत्र जमा करने का सिलसिला चला। इसके बाद निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम व अन्य प्रपत्रों को स्ट्रांग रूम को सील कर अर्ध सैनिक बलों (सीपीएमएफ) की सुरक्षा में सौंप दिया।

शुक्रवार की जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर पहुंचकर सीपीएमएफ की निगरानी



वाले ईवीएम स्ट्रांग रूम का जायजा लिया, जहां उन्होंने सबसे पहले स्टांग रूम के बाहर निगरानी को लगे कैमरों को देखा। ईवीएम की सुरक्षा में किसी तरह की चूक न होने की सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिया। इसके साथ ही अधिकारियों ने अर्धसैनिक बल के ठहरने के स्थान पर सफाई, पेयजल, विद्युत एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को भी देखा। सुरक्षा व्यवस्था में लगे सेना के जवान से भी बातचीत की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, स्ट्रांग रूम निगरानी के लिए नामित मजिस्ट्रेट बीएसए डॉ. लक्ष्मीकांत पांडेय, नायब तहसीलदार अतुल सेन सिंह मौजूद रहे।

बताते चलें कि 03 नवंबर को हुए मतदान के बाद मंडी समिति में स्ट्रांग रूम में ईवीएम सुरक्षित कराई गई है। 06 नवंबर को होने वाली मतगणना तक मशीनों की कड़ी सुरक्षा की जा रही है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र गोला गोकरण नाथ के बने स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए सीसी कैमरे भी लगाए गए हैं। रात में प्रकाश के लिए भी व्यवस्था की गई है। प्रत्याशियों को मंडी परिसर में रुकने के लिए इच्छुक अभिकर्ताओं को नामित करना का भी विकल्प दिया गया। वहीं मा. सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में रिटर्निंग ऑफिसर अनुराग सिंह द्वारा निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों एवं उनके प्रतिनिधियों के सामने मंडी समिति में संपन्न मतदान की संवीक्षा की गई उपस्थित सभी प्रतिनिधि संवीक्षा एवं मतदान प्रक्रिया से पूर्ण रूप से संतुष्ट रहे।

## यातायात माह के तहत की गई कार्रवाई



**लखीमपुर-खीरी।** यातायात माह के अंतर्गत शहर के राजापुर चौराहा, पंडित दीनदयाल चौराहा एवं सैधरी बाईपास पर आम जनमानस को यातायात नियमों के बारे में पंपलेट एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित म्यूजिक सुनाकर जानकारी दी गई। साथ ही गुड सेमिनेटर दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को 1 घंटे के अंदर अस्पताल पहुंचाए जाने पर पुरस्कार राशि जनपद स्तर पर 5000 व प्रदेश स्तर पर 50000 के बारे में जानकारी दी गई। इसी तरह यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाएं कम होंगी तथा लोग सुरक्षित रहेंगे। यातायात नियमों के अनदेखी करने वालों वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत 185 वाहनों का चालान किया गया।

## एसडीएम ने धान केंद्रों का किया निरीक्षण



संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**उपजिलाधिकारी** पंकज श्रीवास्तव ने मंडी समिति पहुंचकर संचालित धान क्रय केन्द्रों पर धान क्रय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में एस एस विचपरी गोदाम 1095 कुंटल, एस एस एस बिचपरी 1047.2 कुंटल, एस एस एस पसगवां हरिहरपुर 1006 कुंटल, एस एस कुइयामदारपुर छेड़ीपुर 635.2 कुंटल, एस एस एस बगरेठी 1041.4 कुंटल, के यू एस बी राजापुरमदारी 330 कुंटल, के यू एस वी खजुरिया 232 कुंटल, के यू एस वी छतिया सरैया 446 कुंटल, के यू एस वी भोगियापुर 68 कुंटल, के यू एस वी सैजनिया 348 कुंटल, यू पी एस एस अमिरता पथैली 20 कुंटल, यू पी एस एस शिवपुरी 24 कुंटल, मंडी-1 में 875.2 कुंटल, मंडी-2 में 898 कुंटल, मंडी-3 में 894.4 कुंटल, मंडी-4 में 881.6 कुंटल व एस एस एस गोकन मोहम्मदी मंडी 1026.2 कुंटल, एस एस एस बिचपरी मोहम्मदी मंडी 1029.6 कुंटल, एस एस कुईयामदारपुर मंडी 1057.4 कुंटल, एस एस एस राजापुर बेनी मोहम्मदी मंडी 295.4 कुंटल व सी एस एस मोहम्मदी मंडी 485.6 कुंटल, एस एस पसगवां मोहम्मदी मंडी-1 में 1081.2 कुंटल व एस एस पसगवां मोहम्मदी मंडी-2 में 1052.6 कुंटल, एस एस एस बनकागांव मोहम्मदी मंडी में 595.6 कुंटल व एस एस एस किरयारा मोहम्मदी मंडी में 798.6 कुंटल धन क्रय किया गया है।

# पेज एक का शेष

### दिल्ली में...

लागू करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा, सरकार ने प्रदूषण-रोधी उपायों के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए छह सदस्यीय समिति का गठन किया है, जिसमें परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के दो-दो सदस्य शामिल रहेंगे। राजस्व आयुक्तों को बाजारों और कार्यालयों के लिए अलग-अलग कार्य समय के लिए, योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया है। डीपीसीसी की 13 टीमें भी औद्योगिक क्षेत्रों की निगरानी करेंगी। राय ने कहा कि दिल्ली सरकार हरियाणा और उत्तर प्रदेश से अनुरोध करेगी कि दिल्ली के आसपास पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के प्रवेश बिंदु से ट्रकों का मार्ग परिवर्तन किया जाए, ताकि डीजल ट्रक नगर में न आ सकें। विभिन्न रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को सुरक्षा गार्ड को बिजली के हीटर उपलब्ध कराने के लिए कहा जाएगा ताकि वे कोयले और लकड़ी को जलाने से परहेज करें। मंत्री ने यह भी कहा कि शहर में सम-विषम आधार पर वाहन चलाने की योजना लागू करने पर विचार किया जा रहा है और आवश्यकता पड़ने पर इसे लागू किया जाएगा।

### दिल्ली में...

वायु प्रदूषण संकट से निपटने के लिए उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति की नियुक्ति की मांग की गई है। इसमें कहा गया, स्मॉग-टावरों की स्थापना, वृक्षारोपण अभियान, किफायती सार्वजनिक परिवहन, आदि सहित प्रदूषण को कम करने के लिए आवश्यक उपाय करने के वास्ते प्रत्येक राज्य को एक आदेश या दिशानिर्देश जारी करें। याचिका में दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिवों को व्यक्तिगत रूप से कहीं भी पराली जलाने के मामले की जिम्मेदारी लेने का निर्देश देने की भी मांग की गई।

### चार दिसंबर...

दिए गए आंकड़ों के अनुसार, आज की तारीख में, दिल्ली में मतदाताओं की कुल संख्या 1,46,73,847 है जिनमें 79,86,705 पुरुष और 66,86,081 महिलाएं और 1,061 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। सभी मतदान केंद्रों पर ईसीआईएल कंपनी द्वारा तैयार एम-2 मॉडल की ईवीएम का इस्तेमाल किया जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा हर विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक आदर्श मतदान केंद्र बनाया जाएगा और प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में एक मतदान केंद्र ऐसा होगा, जिसका संचालन महिला अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। इस बार मतदान केंद्रों की संख्या करीब 13,665 होगी जबकि वर्ष 2017 में मतदान केंद्रों की संख्या 13,138 थी। इस चुनाव में किसी उम्मीदवार द्वारा खर्च की अधिकतम सीमा आठ लाख रुपये तय की गई है। मालूम हो कि वर्ष 1958 में स्थापित एमसीडी को 2012 में मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के कार्यकाल के दौरान तीन भागों में विभाजित किया गया था। हाल ही में तीनों नगरिक निकायों को मिलाकर फिर से एक कर दिया गया।

### परिसीमन के...

थे। इस साल मई में केंद्र ने तीनों नगर निकायों का एकीकरण किया और जुलाई में वार्डों का नए सिरे से परिसीमन शुरू किया गया।

### इसुदान गढ़वी...

की आबादी का 48 प्रतिशत हिस्सा हैं। केजरीवाल ने कहा कि पार्टी ने लोगों से फोन नंबर पर फोन करने और रिकॉर्ड किए गए संदेश को सुनने के लिए कहा, जिसमें उन्हें अपना मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार चुनने के लिए कहा गया था। केजरीवाल ने कहा कि करीब 16 लाख लोगों ने इस प्रक्रिया में हिस्सा लिया और उनमें से 73 प्रतिशत ने गढ़वी को वरीयता दी। पिछले सप्ताह, केजरीवाल ने लोगों से एसएमएस, व्हाट्सएप, वॉयस मेल और ई-मेल के माध्यम से पार्टी से संपर्क करने का आग्रह किया था ताकि वे इस बारे में अपने विचार दे सकें कि राज्य में पार्टी से मुख्यमंत्री उम्मीदवार कौन होना चाहिए। गुजरात में वर्तमान में भाजपा की सरकार है।

### ठग सुकेश...

सात अक्टूबर को पत्र लिखा था। चंद्रशेखर के वकील अशोक सिंह ने आठ अक्टूबर को वह पत्र उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना को सौंपा था। पत्र में आरोप लगाया गया है कि चंद्रशेखर को दक्षिण क्षेत्र में पार्टी में कोई महत्वपूर्ण पद देने और राज्यसभा के लिए नामांकन में मदद के लिए आम आदमी पार्टी को 50 करोड़ रुपए से अधिक दिए गए।

### ट्विटर ने...

इस तरह की चर्चा थी कि वह सोशल मीडिया कंपनी में कर्मचारियों की संख्या में कटौती करेंगे। कुछ खबरों में तो यहां तक कहा गया है कि वह कर्मचारियों की संख्या में 75 प्रतिशत तक कमी करेंगे।

### पंजाब में...

तरह से बिगड़ गई है। वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने एक ट्वीट में कहा,... हिंसा अस्वीकार्य है। दोषियों को कानून के दायरे में लाया जाना चाहिए।

## परिवार नियोजन सेवाओं में पिछड़े सीएचसी प्रभारियों को सेवाओं को दुरुस्त करने के निर्देशः सीएमओ

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**परिवार** नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सीएमओ डा. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें जूम मीटिंग के माध्यम से जिला पुरुष चिकित्सालय और जिला महिला चिकित्सालय के अधीक्षक सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी शामिल हुए।

परिवार नियोजन प्रबंधन एनएचएम पद्माकर त्रिपाठी ने बताया कि जूम मीटिंग के माध्यम से सभी को परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त बिंदुओं पर सीएमओ डॉ अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी द्वारा निर्देशित किया गया है। इनमें खासकर पुरुष नसबंदी ना कराने वाले 6 ब्लॉक को के अधीक्षकों से नाराजगी जाहिर की गई। जिनमें धौरहरा, गोला, ईसानगर, मितौली, मोहम्मदी व निघासन शामिल हैं। इनके अधीक्षकों को सीएमओ द्वारा



निर्देशित किया गया कि जल्दी अपने ब्लॉकों में कार्यक्रम के अंतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष पुरुष नसबंदी कराना सुनिश्चित करें।

इसी के साथ-साथ महिला नसबंदी और प्रसव पश्चात अंतराल सेवाओं को बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। वित्तीय प्रबंधन में पीछे चल रहे ब्लॉकों को भी तत्काल वित्तीय प्रबंधन को बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं लाभार्थी सहित सेवा प्रदाता और मोटी बेटर के भुगतान को अविलंब कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान उन्होंने नसबंदी टीम के सर्जन को भी निर्देश दिए कि वह ससमय ब्लॉक में पहुंचकर कार्य करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने ससमय भुगतान ना होने पर नाराजगी जताई नसबंदी के पुरुष लाभार्थियों को 3000 रुपए व महिला लाभार्थियों को 2000 रु की सहायता दी जाती है।

# जयराम रमेश पर कर्ण सिंह का पलटवार

## ● रमेश की यह बात हास्यास्पद है कि मेरा लेख नेहरू के खिलाफ था

**भाषा।** नई दिल्ली

**पूर्व केंद्रीय मंत्री** कर्ण सिंह ने अपने एक लेख के संबंध में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश द्वारा की गई टिप्पणियों को लेकर उन पर पलटवार करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह कहना पूरी तरह से हास्यास्पद है कि उनका लेख देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवारलाल नेहरू के खिलाफ था। उन्होंने एक बयान में यह भी कहा कि उनका लेख सिर्फ इसको लेकर था कि भारत में जम्मू-कश्मीर के विलय की पूरी प्रक्रिया में उनके पिता महाराजा हरि सिंह की क्या भूमिका थी। कांग्रेस महासचिव रमेश ने बृहस्पतिवार को कहा था कि पूर्व केंद्रीय मंत्री कर्ण सिंह ने जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय में पंडित जवाहरलाल नेहरू की भूमिका पर कानून मंत्री किरेन रीजीजू द्वारा निशाना साधे जाने के बाद नेहरू का बचाव नहीं किया। जम्मू-कश्मीर के पूर्व सद्र-ए-रियासत कर्ण सिंह ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, मेरे संज्ञान में आया है कि जयराम रमेश ने एक लेख पर बयान देना उचित समझा। उन्होंने दो बातें की हैं जो अस्वीकार्य हैं। उन्होंने यह आरोप लगाया कि मेरा लेख पंडित जवाहर लाल नेहरू के खिलाफ था। यह पूरी तरह से हास्यास्पद है।

उनका कहना है, मेरे राजनीति में कदम में रखने के समय से ही पंडित जी मेरे संरक्षक थे और मैं उनका सम्मान करता रहूंगा। इसके विपरीत कोई बात करना आक्रोशित करने वाला कदम होगा। उनके अनुसार, उन्होंने अपने लेख को लेकर स्पष्ट किया था कि पंडित जी खिलाफ किरेन रीजीजू द्वारा लगाए गए कई आरोपों का जवाब देने के लिए वह नहीं है क्योंकि इस पर व्यापक खंडन की जरूरत है जिस पर जयराम रमेश को काम करना चाहिए। कर्ण सिंह ने कहा, यह लेख इसको लेकर था कि जम्मू-कश्मीर के विलय में मेरे पिता की क्या भूमिका थी। रमेश ने मेरे पिता के संदर्भ में कुछ अनुचित टिप्पणियां कीं। वह बहुत ही चुनिंदा ढंग से इतिहास को पढ़ते हैं। मुझे आशा थी कि मेरे लेख को उसी लहजे में लिया जाएगा जिसमें मैंने इसे लिखा था।

रमेश ने सिंह को लेकर टिप्पणी उस वक्त की थी जब जम्मू-कश्मीर के पूर्व सद्र-ए-रियासत ने राज्य के विलय के संदर्भ में एक अंग्रेजी दैनिक में लेख लिखा है। रमेश का कहना था कि इस लेख में कर्ण सिंह ने अपने पिता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व राजा हरि सिंह का बचाव किया है। कांग्रेस महासचिव ने ट्वीट किया था, जम्मू-कश्मीर पर ऐसा कोई विद्वतापूर्ण और गंभीर अध्ययन सामने नहीं आया है जो महाराजा हरि सिंह को अच्छी भूमिका में प्रदर्शित करे। वीपी मेनन द्वारा किए गए अध्ययन में भी हरि सिंह को ऐसे नहीं पेश किया गया है कि जिनके साथ कुछ गलत हुआ हो। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि कर्ण सिंह ने उनका बचाव किया है। मुझे इससे हैरानी होती है कि डॉक्टर कर्ण सिंह ने नेहरू पर रीजीजू द्वारा निशाना साधे जाने के बाद नेहरू का बचाव नहीं किया। उन्हीं नेहरू के समर्थन के बिना डॉक्टर कर्ण सिंह वह सब हासिल नहीं कर सकते थे जो उन्होंने किया। इसे उन्होंने 2006 में आई अपनी पुस्तक में स्वीकार किया है। रीजीजू ने हाल ही में कहा था कि अनुच्छेद 370 को लागू करना और पाकिस्तान के साथ विवाद को संयुक्त राष्ट्र में ले जाने की नेहरू की गलतियों ने बहुत नुकसान किया, देश के संसाधनों को खत्म कर दिया और आतंकवाद ने सैनिकों और नागरिकों समेत हजारों लोगों की जान ले ली। कांग्रेस ने इसको लेकर दावा किया था कि रीजीजू को इतिहास का ज्ञान नहीं है।

## उच्चतम न्यायालय ने उत्तराखंड में राज्य की महिलाओं को 30 फीसदी आरक्षण पर उच्च न्यायालय की रोक हटाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तराखंड सिविल सेवा परीक्षा में राज्य की महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने वाले 2006 के एक शासकीय आदेश पर उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई रोक शुक्रवार को हटा दी। न्यायमूर्ति एस ए नजीर और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमण्यन ने विषय में नोटिस जारी किया और उत्तराखंड सरकार की याचिका पर जवाब मांगा। उच्च न्यायालय के 24 अगस्त 2022 के आदेश के खिलाफ शीर्ष न्यायालय का रुख किया था। उच्च न्यायालय ने राज्य से बाहर की करीब दर्जन भर महिलाओं द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किया था। ए महिलाएं अनारक्षित श्रेणी के तहत आती थी। उन्हें राज्य (सिविल) सेवा की मुख्य परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी गई, तीन मार्च 2022 को आयोजित प्रारंभिक परीक्षा में राज्य की महिलाओं के लिए निर्धारित कट-ऑफ से अधिक अंक उन्होंने हासिल किए थे।



पुष्कर मेले में शंकर जी वेशभूषा में एक कलाकार।

## ऐसा डर है कि पर्सनल लॉ की समीक्षा के बहाने समान नागरिक संहिता लाने का प्रयास होः एडवा

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा) ने संसद की एक स्थाई समिति के प्रमुख सुशील कुमार मोदी को पत्र लिखकर कहा है कि पर्सनल लॉ की समीक्षा करने के बहाने समान नागरिक संहिता लाने का प्रयास हो सकता है जो एक बहुसंख्यकवादी कदम होगा। राज्यसभा सदस्य और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील मोदी संसद की कार्मिक, लोक शिकायत और विधि एवं न्याय संबंधी स्थाई समिति के प्रमुख हैं। यह समिति पर्सनल लॉ पर गौर करेगी। समिति ने संबंधित हितधारकों से विचार और सुझाव वाले ज्ञापन आमंत्रित किए हैं। वामपंथी महिला संगठन एडवा ने अपने पत्र में कहा है कि पर्सनल लॉ पर फीडबैक के लिए तीन सप्ताह का समय दिया गया है जो इस तरह के गंभीर विषय के लिए पर्याप्त नहीं है। उसने कहा, हमें डर इस बात का है कि पर्सनल लॉ की समीक्षा करने के बहाने समान कानूनों को लाने का प्रयास हो सकता है।



महाराष्ट्र जिले के चन्द्रपुर में माया नाम का टाइगर मुंह में अपने बच्चे को दबाकर ले जाती हुई

## मुंबई के अस्पताल में मिली 132 साल पुरानी सुरंग

**मुंबई।** मुंबई स्थित सरकारी जेजे अस्पताल में 132 साल पुरानी सुरंग मिली है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि ब्रिटिश राज में बनी इस 200 मीटर लंबी सुरंग की आधारशिला पर 1890 की तिथि अंकित है। जिस भवन के नीचे यह सुरंग मिली है पहले उसका उपयोग महिलाओं और बच्चों के उपचार के लिए वार्ड के रूप में होता था। अस्पताल परिसर में स्थित इस भवन को बाद में नर्सिंग कॉलेज में बदल दिया गया। अधिकारी ने बताया, पानी लीक होने की शिकायत के बाद हमने नर्सिंग कॉलेज भवन का मुआयना किया। पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों और सुरक्षा गार्ड ने भवन को सर्वे किया और पाया कि उसकी आधारशिला पर 1890 की तारीख है। उन्होंने कहा, कुछ कर्मचारियों ने हमें कहा कि वहां सभवत: भूतल हो सकता है, जिसके बाद हमने और निगरानी की और सुरंग का पता चला।

## लकड़ावाला को मच्छरों से लगता है डर, कोर्ट से लगाई बचाव की गुहार

**मुंबई।** कभी खुद आतंक का पर्याय रहे गैंगेस्टर एजाज लकड़ावाला को अब मच्छरों से डर लगता है और उसने मच्छरों से बचाव के लिए अदालत से गुहार लगाई। जेल में बंद कुख्यात गैंगेस्टर लकड़ावाला एक अदालत में पेशी के लिए लाया गया तो अपने साथ वह मरे हुए मच्छरों से भरी प्लास्टिक की एक बोतल लेकर पहुंचा और अदालत से उसे जेल में मच्छरदानी उपलब्ध कराने का निर्देश देने की मांग की। उसकी याचिका हालांकि खारिज कर दी गई। सत्र अदालत ने बृहस्पतिवार को लकड़ावाला की याचिका को खारिज कर दिया। भगोड़े गैंगेस्टर दाऊद इब्राहिम के पूर्व सहयोगी लकड़ावाला पर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) समेत कई आपराधिक मामले हैं। उसे जनवरी 2020 में गिरफ्तार किया गया था और वह तबसे निकटवर्ती नवी मुंबई की तलोजा जेल में बंद है।

उसने हाल ही में अदालत में एक अर्जी दाखिल कर मच्छरदानी का इस्तेमाल करने की अनुमति मांगी थी। लकड़ावाला ने अपने आवेदन में कहा कि 2020 में जब उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया था, तो उसे इसका उपयोग करने की अनुमति दी गई थी, लेकिन इस साल मई में, जेल अधिकारियों ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए मच्छरदानी को जब्त कर लिया। लकड़ावाला को बृहस्पतिवार को जब सत्र अदालत में पेश किया गया तो उसने मरे हुए मच्छरों से भरी प्लास्टिक की बोतल दिखाई और कहा कि तलोजा जेल के कैदियों को हर रोज इस समस्या का सामना करना पड़ता है। जेल अधिकारियों ने हालांकि सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए याचिका का विरोध किया। अदालत ने आवेदन को खारिज करते हुए कहा कि आरोपी आवेदक (लकड़ावाला) ओडोमोस और मच्छर भगाने वाली अन्य दवाओं का इस्तेमाल कर सकता है।

## सीबीआई अधिकारी टीएमसी नेता अनुव्रत मंडल को लेकर लॉटरी टिकट बेचने वाली दुकान पहुंचे

**बोलपुर (पश्चिम बंगाल)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में उस लॉटरी दुकान का शुक्रवार को दौरा किया, जहां तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता अनुव्रत मंडल ने एक करोड़ रुपए का इनाम जीता है। अधिकारियों ने जेल में बंद अनुव्रत द्वारा खरीदे गए लॉटरी के टिकट का विवरण भी दुकान से मांगा। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अधिकारियों ने बोलपुर स्थित दुकान के मालिक और वहां नियुक्त अन्य व्यक्तियों से पूछताछ की। अधिकारी ने बताया, हमने उस टिकट का विवरण मांगा है ,जिसके जरिए मंडल ने एक करोड़ रुपए का नकद इनाम जीता है। चूंकि वे हमें विवरण नहीं दे सके, इसलिए हमने उन्हें सभी सूचना के साथ जांच एजेंसी के बोलपुर कार्यालय आने को कहा है। अनुव्रत मंडल को सीबीआई ने मवेशी तस्करी के एक मामले की जांच के सिलसिले में अगस्त में गिरफ्तार किया था। उनके एक करीबी सूत्र ने यह खुलासा किया था कि अनुव्रत ने इस साल की शुरूआत में एक लॉटरी टिकट से एक करोड़ रुपए का इनाम जीता है, जो उनके अनुरोध पर कथित तौर पर उनके अंग रक्षकों ने खरीदी थी। यह पूछे जाने पर कि अनुव्रत के लॉटरी टिकट जीतने का मवेशी तस्करी मामले से क्या संबंध हो सकता है, सीबीआई अधिकारी ने कहा कि एजेंसी को संदेह है कि अपराध के जरिए जुटाए गए धन को असल में लॉटरी के धंधे में लगा दिया गया ताकि काले धन को सफेद किया जा सके। सीबीआई अधिकारी ने कहा, हम विषय की जांच कर रहे हैं। हम कई लोगों से पूछताछ कर रहे हैं। अनुव्रत की बेटी सुकन्या से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय में बुधवार को पूछताछ की थी। ईडी मवेशी तस्करी मामले में धन के लेनदेन की जांच कर रही है।

## पैगंबर टिप्पणी विवादः न्यायालय ने जिंदल के खिलाफ सभी याचिकाएं दिल्ली पुलिस को हस्तांतरित की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को निर्देश दिया कि पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के संबंध में भाजपा से निष्कासित नेता नवीन कुमार जिंदल के खिलाफ देश भर में दर्ज सभी प्राथमिकी दिल्ली पुलिस को हस्तांतरित की जाएं। न्यायमूर्ति एम.आर. शाह और न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश की पीठ ने दिल्ली पुलिस द्वारा जांच पूरी होने तक जिंदल को अंतरिम संरक्षण भी दिया। शीर्ष अदालत ने जिंदल को उनकी कथित टिप्पणियों पर दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय जाने की अनुमति दी और कहा कि भविष्य की सभी प्राथमिकी भी जांच के लिए दिल्ली पुलिस को हस्तांतरित की जाएंगी। पीठ ने कहा, सभी प्राथमिकी दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ इकाई को स्थानांतरित की जाएंगी। आरोपी के खिलाफ आठ सप्ताह तक कोई प्रारंभिक कार्वाई या और प्राथमिकी नहीं हो जिससे वह दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष उचित कार्यवाही के लिए संपर्क कर सके। शीर्ष अदालत ने इससे पहले भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा को एक टीवी बहस के दौरान पैगंबर पर उनकी टिप्पणी को लेकर कई राज्यों में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकीाशिकायतों के संबंध में इसी तरह की राहत प्रदान की थी। उसने कहा था कि प्राथमिकी की जांच दिल्ली पुलिस के इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटेजिक ऑपरेशन्स इकाई द्वारा की जाएगी। टीवी पर एक चर्चा के दौरान पैगंबर पर शर्मा की टिप्पणी का देश भर में विरोध शुरू हो गया था और कई खाड़ी देशों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। बाद में भाजपा ने शर्मा को पार्टी से निलंबित कर दिया।

## धनशोधन मामले में पश्चिम बंगाल और झारखंड में ईडी की छापेमारी

**रांची/कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को भारतीय सेना की भूमि की बिक्री के लिए जाली दस्तावेजों के कथित इस्तेमाल में धनशोधन मामले की जांच के तहत झारखंड और पश्चिम बंगाल में एक दर्जन स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी गिरफ्तार कारोबारी अमित अग्रवाल से जुड़े परिसरों समेत रांची और आसपास के इलाकों में करीब आठ जगहों और कोलकाता में कई स्थानों पर छापेमारी कर रही है। ईडी के संयुक्त दलों द्वारा कुछ रियल एस्टेट कारोबारियों, निजी व्यक्तियों और संबंधित संस्थाओं पर छापेमारी की जा रही है।

ईडी के एक अधिकारी ने कहा कि अग्रवाल के अधीन काम करने वाले कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा, कोलकाता के दक्षिणी हिस्से में नोनापुकुर में अग्रवाल के कार्यालय में, कारोबारी के दो करीबी सहयोगियों से यह पता लगाने के लिए एक घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई कि क्या हमारे पास इस जगह (जहां छापेमारी जारी है) के अलावा पश्चिम बंगाल में कोई अन्य संपत्ति है।

अधिकारी ने कहा कि पॉश साल्ट लेक इलाके में अग्रवाल से जुड़े एक अन्य कारोबारी के कार्यालय पर भी छापेमारी की जा रही है। हमने आज सुबह छह बजकर 40 मिनट से छापेमारी शुरू की। अभियान अभी भी जारी है। हमारे अधिकारी अग्रवाल के कर्मचारियों से उनके कार्यालय के अंदर पूछताछ कर रहे हैं। हमारे कुछ अधिकारी अग्रवाल के अपार्टमेंट और उनके महंगे वाहन के बारे में सुराग तलाश रहे हैं। जांच झारखंड पुलिस द्वारा भारतीय सेना की भूमि की बिक्री और खरीद में जाली दस्तावेजों के कथित इस्तेमाल की जांच के लिए दर्ज प्राथमिकी से उपजी है। अग्रवाल को ईडी ने पिछले महीने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ दायर दो जनहित याचिकाओं में एक याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील राजीव कुमार को फंसाने की कथित साजिश के आरोप में गिरफ्तार किया था।

## विकास की रफ़्तार, भाजपा सरकारः अनुराग ठाकुर

**पायनियर समाचार सेवा।** हिमाचल प्रदेश

**हमीरपुर** संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सांसद व केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल व युवा कार्यक्रम मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हमीरपुर में प्रेस वार्ता करके भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकास कार्यों को बढ़ावा देने व कांग्रेस पर विकास का विरोध करने की बात कही है। अनुराग ठाकुर ने कहा आज देश आगे बढ़ रहा है और मजबूत हो रहा है। वहीं 2014 से पहले की परिस्थिति यह थी कि कांग्रेस के घोटाले, घोटाले और घोटाले थे। आज देश में विकास, विकास और केवल विकास हो रहा है।अपने संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में शिक्षा और स्वास्थ्य के विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में न कोई बड़ी यूनिवर्सिटी थीए न कोई मेडिकल कॉलेज थाए न कोई बड़ा अस्पताल था और रेल की सुविधाएं भी ना के बराबर थीं। भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमने 1500 करोड़ रुपए की लागत से यहां देश का सबसे बड़ा अस्पताल और मेडिकल इंस्टीट्यूट



एम्स बिलासपुर में बनाने का काम किया। श्री ठाकुर ने आगे कहा कि 400 करोड़ रुपए की लागत से पीजीआई का अस्पताल हम ऊना में बना रहे हैं। हमीरपुर में लगभग 350 करोड़ की लागत से 300 बिस्तर का अस्पताल बना कर दे दिया। और जो सेंट्रल यूनिवर्सिटी का वादा किया थाए पहले जब हमने मंजूर कराई थी तो 280 करोड़ खर्च होना था लेकिन अब 550 करोड़ रुपए उस सेंट्रल यूनिवर्सिटी के लिए मिल चुके हैं। अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस के विकास के दावों की पोल खोलते हुए जनता को सच्चाई से रूबरू कराया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के विकास के रवैये को अटकाने भटकाने और लटकाने वाला बताया। उन्होंने जनता के सामने अपनी बात रखते हुए कहा कि हिमाचल के विकास को रोकने के लिए कांग्रेस ने कई बार अड़ंगे लगाये हैं। हम कई बार हिमाचल के लिए कई बड़े.बड़े प्रोजेक्ट लेकर आते थे और कांग्रेस के लोग उन्हें रोकने का काम करते थे। हम हिमाचल प्रदेश के लिए 1470 करोड़ रुपये का एम्स का प्रोजेक्ट लेकर आएं लेकिन कांग्रेस ने हमें 4 सालों तक जमीन नहीं दी। साल 2010 में हिमाचल के युवाओं के लिए हम सेंट्रल यूनिवर्सिटी लेकर आए लेकिन कांग्रेस ने 8 सालों तक इसमें प्रशासनिक रुकावटें बनाये रखी। 2012 में हम लोग हाइड्रोकार्बन इंजीनियरिंग कॉलेज का प्रोजेक्ट मंजूर करवाया कांग्रेस ने इसे भी 7 सालों तक रोके रखा ।ठीक इसी तर्ज पर हमने मेडिकल कॉलेज मंजूर करवाएं कांग्रेस ने चार 4 सालों तक हमें जमीन नहीं दी। साल 2014 में हम आईआईएम लेकर आएं कांग्रेस ने उसे भी रोके रखा। हमने लाने का काम किया और कांग्रेस ने रुकवाने का काम किया। हम विकास की राह पर चलते थे और ये लोग विरोध करते थे। ? श्री ठाकुर ने कहा कि पूरे देश में कांग्रेस कहीं नहीं बची है। एक दो राज्यों में जहां इनकी सरकारें हैं वहां भी बहुत जल्द जनता इन्हें विपक्ष में बैठने लायक भी नहीं छोडेगी। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता ने भी इस बार कांग्रेस के नेताओं को घर बिठाने की ठान ली है। प्रदेश में हर बार सरकार बदल जाने के श्रिवाजश् को लेकर श्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस बार यहां की जनता रिवाज जरूर बदलेगी। केंद्र में मोदी सरकार की शानदार उपलब्धि का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 8 सालों के शासनकाल के दौरान भ्रष्टाचार का कोई भी बड़ा आरोप ना तो मोदी सरकार पर लगा है और ना ही उनके किसी मंत्री पर। कांग्रेस पार्टी के काले कारनामों को उजागर करते हुए ठाकुर ने हिमाचल की आम जनता के सामने कहा कि हम बेहतर काम करने की कोशिशें करते हैं और कांग्रेस पार्टी वाले हमारे काम में हर मुमकिन तरीके से अडंगा डालने की कोशिश में लगे रहते हैं।

## राहुल गांधी के साथ कदमताल के लिए कांग्रेस नेता फिटनेस दुरुस्त करने में जुटे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के आगमन से पूर्व, राज्य में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के साथ कदमताल करने के वास्ते तेज़-तेज़ चलने का अभ्यास और कसरत करने में जुटे हैं। बता दें कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा सात नवंबर को शाम करीब सात बजे पड़ोसी राज्य तेलंगाना से महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के देगलुर में प्रवेश करेगी। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने कहा कि वे और अन्य नेता गांधी के साथ तेज़-तेज़ चलने और व्यायाम करने का अभ्यास कर रहे हैं, जबकि राज्य कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि वे यात्रा के लिए खुद को तंदुरूस्त कर रहे हैं। चव्हाण ने कहा, नांदेड़ के लोग यात्रा में भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जब भी हमें समय मिलता है हम अभ्यास और व्यायाम कर रहे हैं। चलना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। पटोले ने कहा कि पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख के तौर पर, राहुल गांधी के साथ यात्रा के इस चरण में पूरे 382 किलोमीटर चलना उनका कर्तव्य है। कांग्रेस नेता और नांदेड़ से विधायक डी.पी. सावंत ने कहा कि राज्य के पार्टी नेता यात्रा के दौरान जितना हो सके पैदल चलने की कोशिश करेंगे। सावंत ने कहा कि चव्हाण और अन्य नेता हर सुबह पांच किलोमीटर पैदल चल रहे हैं। महाराष्ट्र में, भारत जोड़ो यात्रा अपने 14 दिनों के प्रवास के दौरान 15 विधानसभा और छह संसदीय क्षेत्रों से गुज़रेगी। यात्रा सोमवार शाम को देगलुर के मदनूर नाका पहुंचेगी और अगले दिन सुबह साढ़े छह बजे पैदल मार्च डेगलुर बस स्टैंड से शुरू होगा। महाराष्ट्र कांग्रेस ने यात्रा के स्वागत के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं, जहां राज्य का पूरा नेतृत्व मौजूद रहेगा।

## साइरस मिस्त्री दुर्घटनाः सह-यात्री डेरियस पंडोले ने कहा, पत्नी कार को तीसरी लेन में नही ले जा सकी

**भाषा।** मुंबई

**उद्योगपति साइरस मिस्त्री** की जान लेने वाले कार हादसे में जीवित बचे डेरियस पंडोले ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी डॉ. अनाहिता मर्सिडीज बेंज कार तीसरी लेन में चला रही थीं और जब सड़क संकरी हुई तो वह कार को तीसरी लेन से दूसरे लेन में नहीं ले जा सकीं। एक अधिकारी के मुताबिक पंडोले ने बताया कि महाराष्ट्र के पालघर में सूर्य नदी पुल के निकट जब सड़क संकरी हुई तो उनकी पत्नी कार को तीसरी लेन से दूसरे लेन में नहीं ले जा सकीं।

पालघर के कासा पुलिस थाने के अधिकारियों ने मंगलवार को डेरियस पंडोले (60) का बयान दर्ज किया। इसी थाना क्षेत्र में चार सितंबर को यह हादसा हुआ था। टाटा संस के पूर्व अध्यक्ष मिस्री (54) और उनके मित्र जहांगीर पंडोले कार के पुल की रेलिंग से टकराने के चलते हुई दुर्घटना में मारे गए थे। प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अनाहिता (55) गाड़ी चला रही थीं। इस हादसे में वह और उनके पति डेरियस गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती डेरियस पंडोले को पिछले हफ्ते अस्पताल से छुट्टी मिली थी।

अधिकारी ने शुक्रवार को बताया, उनके दक्षिण मुंबई स्थित आवास पर करीब डेढ़ घंटे तक बयान दर्ज किया गया। इस दौरान उन्होंने घटना से जुड़े विवरण दिए। उन्होंने कहा कि पंडोले चार सितंबर की घटना तुरंत याद नहीं कर सके, जिसमें उनके भाई जहांगीर पंडोले और साइरस मिस्त्री की मौत हो गई थी। अधिकारी ने कहा, अपने बयान में डेरियस पंडोले ने कहा कि उनकी पत्नी अनाहिता मर्सिडीज बेंज कार चला रही थीं जब वे मुंबई जा रहे थे। उनके वाहन के आगे चल रही एक अन्य कार तीसरी लेन से दूसरी लेन में गई और अनाहिता ने भी वैसा ही करने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि जब उन्होंने तीसरी लेन से दूसरी लेन में गाड़ी ले जाने की कोशिश की तो देखा की दाहिनी तरफ (दूसरी लेन में) एक ट्रक है जिसके कारण वह दूसरी लेन में कार नहीं ले जा सकीं। उन्होंने कहा कि सूर्य नदी के पुल पर यह सड़क संकरी हो जाती है। पालघर के पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल ने इबात की पुष्टि की कि उन्होंने डेरियस पंडोले का बयान दर्ज कर लिया है। उन्होंने कहा, लेकिन उनकी पत्नी अनाहिता पंडोले का बयान अभी दर्ज नहीं किया गया है क्योंकि अभी उनका उपचार चल रहा है। उन्होंने कहा कि मर्सिडीज बेंज की अंतिम रिपोर्ट की भी प्रतीक्षा है।

## राजनीति में हर व्यक्ति की महत्वाकांक्षा होती है, फर्क नजरिए का होता है : गहलोत

**कोटा।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि राजनीति में महत्वाकांक्षा रखना वाजिब है लेकिन फर्क नजरिए का होता है। गहलोत का यह बयान ऐसे समय में आया है जब दो दिन पहले ही पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मुख्यमंत्री गहलोत की बड़ाई किए जाने पर कटाक्ष करते इसे रोचक घटनाक्रम बताया था और पार्टी आलाकमान से राज्य में मुख्यमंत्री पद को लेकर अनिर्णय की स्थिति को समाप्त करने को कहा था। पार्टी में आंतरिक चुनौतियों के बारे में पूछे जाने पर गहलोत ने बारां में बिना किसी का नाम लिए संवाददाताओं से कहा, राजनीति में हर किसी की थोड़ी-बहुत महत्वाकांक्षा होती है और होनी भी चाहिए है। यह नजरिया है जिससे फर्क पड़ता है।

सत्ताधारी दल में आंतरिक कलह का खंडन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इस पर और कुछ नहीं बोलना चाहते हैं और कहा कि राज्य और देश के हित में राजस्थान में अगला विधानसभा चुनाव जीतना जरूरी है। इसके साथ ही गहलोत ने कहा कि चार साल पूरे करने जा रही उनकी सरकार के खिलाफ कोई सत्ताविरोधी लहर नहीं है।

उन्होंने कहा कि अगला विधानसभा चुनाव सरकार के शासन, कामकाज और कल्याणकारी योजनाओं के एजेंडे पर लड़ा जाएगा। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस 2018 के विधानसभा चुनाव में जीत के बाद सत्ता में आई थी। तब पार्टी आलाकमान ने गहलोत को मुख्यमंत्री व पायलट को उपमुख्यमंत्री पद दिया था। हालांकि 2020 में कुछ विधायकों ने पायलट की अगुवाई में गहलोत के खिलाफ बगावत कर दी। पार्टी आलाकमान के हस्तक्षेप से मामला सुलझा गया लेकिन पायलट को उपमुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया गया।

## ईडी ने अलगाववादी शब्बीर शाह के घर को कुर्क किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को बताया कि उसने केंद्रशासित प्रदेश में आतंकी गतिविधियों के वित्तपोषण से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी नेता शब्बीर शाह का श्रीनगर स्थित आवास कुर्क कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 21.80 लाख रुपए कीमत का यह घर श्रीनगर के बरजुल्ला थाना क्षेत्र के सनत नगर की बोतशाह कॉलोनी में स्थित है। शाह के खिलाफ धनशोधन का मामला राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा मई 2017 में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के प्रमुख हाफिज़ सईद और अन्य के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी से उपजा है। ईडी ने एक बयान में कहा, शब्बीर अहमद शाह, घाटी में पथराव, जुलूस, विरोध, बंद, हड़ताल और अन्य विध्वंसक गतिविधियों के माध्यम से यहां अशांति फैलाने के प्रयासों में सक्रिय रूप से शामिल था।

## कार विस्फोटः नोट, अन्य सामग्री से मिले कट्टरता के संकेत, पुलिस ने कहा

**कोयंबटूर (तमिलनाडु)।** कोयंबटूर में पिछले दिनों कार विस्फोट में मारे गए शख्स जेम्स मुबीन के घर से बरामद सामग्री में कट्टरता, आईएस से संबंधित प्रतीकों और लोगों के वर्गीकरण का संकेत देने वाले हस्तलिखित नोट शामिल हैं। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। अब राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) मामले की जांच कर रहा है। पूर्व में कोयंबटूर पुलिस ने घटना के संबंध में प्राथमिकी में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम को शामिल किया था। मुबीन के घर से बरामद एक स्लेट पर तमिल में अल्लाहुविन इलथिंमीधु काई वैथल वेरारुपम (अल्लाह के घर को छूने वालों को उखाड़ फेंका जाएगा) लिखा था।

इमरान खान पर हमले का मामला

# पंजाब सरकार जांच टीम बनाए: पाक गृहमंत्रालय



भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के गृह मंत्रालय ने पंजाब प्रांत की सरकार से कहा है कि वह पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की हत्या के प्रयास के संबंध में तथ्यों को सामने लाने के लिए एक उच्च स्तरीय संयुक्त जांच दल (जेआईटी) का गठन करे। खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पंजाब प्रांत में सत्तारूढ़ पार्टी है जबकि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाला गठबंधन संघीय सरकार का संचालन कर रहा है।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में विरोध मार्च के दौरान एक बंदूकधारी ने खान (70) को ले जा रहे ट्रक पर गोली चला दी, जिससे खान के पैर में गोली लग गई। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हुई है। खान की पार्टी का दावा है कि यह इमरान खान की हत्या का प्रयास था। पंजाब के वजीराबाद कस्बे के अल्लाहवाला चौक के पास यह घटना उस समय हुई जब खान जल्दी चुनाव कराने की अपनी मांग को लेकर इस्लामाबाद तक मार्च का नेतृत्व कर रहे थे। गुरुवार देर रात जारी एक बयान के मुताबिक, गृह मंत्रालय ने इस मुद्दे पर पंजाब सरकार को पत्र लिखा है। पत्र में प्रांतीय सरकार से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और खुफिया कर्मियों को जेआईटी में शामिल करने को कहा गया है।इससे पहले, गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने प्रेसवार्ता में कहा कि घटना की विश्वसनीय और पारदर्शी जांच के लिए जेआईटी में वरिष्ठ अधिकारी शामिल होने चाहिए। उन्होंने प्रांतीय सरकार को जांच में केंद्र की पूर्ण सहायता का भी आश्वासन दिया। मंत्री ने सुरक्षा में चूक के लिए पंजाब सरकार को भी जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने हमलावर के कबूलनामे का वीडियो सार्वजनिक होने का जिम्मेदार भी प्रांतीय सरकार को ठहराया। सनाउल्लाह ने बिना किसी सबूत के इस घटना के लिए सरकार और सेना के शीर्ष अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराने के लिए पीटीआई नेता असद उमर और शिरीन मजारी की आलोचना की। उन्होंने लोगों को विपक्षी नेताओं के घरों पर कथित हमले के लिए उकसाने के वास्ते पीटीआई नेता फवाद चौधरी की निंदा की। मंत्री ने कहा, आप भी आसमान में नहीं रहते हो। यदि आप हिंसा करते हो, तो आपकी लगाई आग, आपको भी चपेट में ले लेगी।

## इमरान खान ने हमले के बावजूद विरोध मार्च जारी रखने का संकल्प लिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान, अपने ऊपर हुए जानलेवा हमले के बावजूद सरकार पर जल्द चुनाव कराने का दबाव बनाने के लिए अपना राजनीतिक संघर्ष जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनकी पार्टी ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में विरोध मार्च के दौरान एक बंदूकधारी ने खान (70) को ले जा रहे ट्रक पर गोली चला दी, जिससे खान के पैर में गोली लग गई थी। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हुई है। खान की पार्टी का दावा है कि यह इमरान खान की हत्या का प्रयास था।खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) के एक वरिष्ठ नेता फवाद चौधरी ने आरोप लगाया कि यह यह हमला खान पर एक सुनियोजित हत्या का प्रयास था और वह बाल-बाल बच गए। हमला किसी नौ एम.एम. की पिस्तौल से नहीं बल्कि एक स्वचालित हथियार से किया गया। पुलिस ने कहा था कि हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि सात घायल हो गए। हालांकि, डॉन अखबार ने शुक्रवार को कहा, एक व्यक्ति की मौत के अलावा 14 लोग घायल हुए हैं। पीटीआई पार्टी के अनुसार, लाहौर में खान द्वारा बनवाए गए शौकत खानम अस्पताल में उनकी सर्जरी की गई और अब वे खतरे से बाहर हैं। पार्टी ने यह भी कहा कि खान विरोध मार्च जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पार्टी के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर खान के हवाले से कहा गया, मैं नहीं झुकूंगा, लेकिन अपने साथी पाकिस्तानियों के लिए हकीकी आज़ादी हासिल करने के वास्ते दृढ़ रहूंगा। यह मार्च शुक्रवार को सुबह 11 बजे वजीराबाद से फिर से बहाल किया जाएगा।

## दो और संदिग्ध गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर कातिलाना हमले के मामले में दो और संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। मीडिया में आई खबर के मुताबिक, माना जा रहा है कि इन दोनों संदिग्धों ने ही खान पर गोलीबारी करने वाले नवीद मोहम्मद बशीर को पिस्तौल और गोलियां बेची थीं। पंजाब प्रांत के वजीराबाद में एक विरोध मार्च के दौरान बृहस्पतिवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 70 वर्षीय प्रमुख के काफिले पर हमला किया गया था और उनके पैर में गोली लगी थी। हमले में एक शख्स की मौत हो गई है तथा कम से कम 10 लोग जख्मी हो गए हैं। बशीर ने बाद में कबूल किया था कि उसने खान पर हमला इसलिए किया क्योंकि वह अवाम को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। जियो टीवी की ओर से पुलिस सूत्रों के हवाले से दी गई खबर के मुताबिक, संदिग्धों की पहचान वकास और साजिद बट के तौर पर हुई है और उन्होंने बशीर को 20 हजार रुपए में पिस्तौल और गोलियां बेची थीं। खबर में कहा गया है कि उन्हें पंजाब प्रांत के वजीराबाद से गिरफ्तार किया गया है। चश्मदीदों के मुताबिक, बशीर ने उस कंटेनर पर करीब से गोलीबारी की जिसे एक ट्रक पर रखा गया था और उसमें ही खान सवार थे। पार्टी के अनुसार, खान को सड़क मार्ग के जरिए लाहौर के शौकत खानम अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका ऑपरेशन किया गया। उनकी हालत स्थिर है। दिलचस्प है कि यह अस्पताल खान ने ही बनवाया है और इसका नाम उनकी मां के नाम पर है।



कनैडी स्पेस सेंटर में नासा का चंद्रयान जाने की तैयारी में

## जेलेंस्की ने रूस पर लगाया ऊर्जा आतंकवाद का आरोप

एपी। कीव

**यूक्रेन** के ऊर्जा नेटवर्क पर रूसी हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस पर ऊर्जा आतंकवाद का आरोप लगाया है। रूस के इस हमले के कारण यूक्रेन में लाखों लोग सर्दी के मौसम में बिना बिजली के रहने को मजबूर हैं। बृहस्पतिवार की रात अपने संबोधन में जेलेंस्की ने कहा कि देश में करीब 45 लाख लोग बिना बिजली के रहने को मजबूर हैं। कीव के मेयर विताली क्लिश्को का कहना है कि शुक्रवार को राजधानी कीव में 4,50,000 अपार्टमेंट में बिजली आपूर्ति नहीं हो रही थी।

मेयर ने टेलीग्राम पर लिखा है, मैं राजधानी के सभी निवासियों से अपील करता हूं: जितना संभव हो बिजली की बचत करें क्योंकि हालात गंभीर बने हुए हैं। सरकारी बिजली कंपनी यूक्रेनेर्गो ने शुक्रवार को बताया कि पूरे कीव में आपात बिजली कटौती की जाएगी। रूस ने हाल के सप्ताहों में यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। जेलेंस्की ने अपने संबोधन में ऊर्जा क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की रणनीति को कमजोरी का संकेत बताया। उन्होंने कहा, यह तथ्य कि रूस ऊर्जा आतंकवाद का रास्ता अपना रहा है, हमारे दुश्मन की कमजोरी दिखाता है। राष्ट्रपति ने कहा, वे युद्धक्षेत्र में यूक्रेन को नहीं हरा सकते हैं इसलिए हमारे लोगों को तोड़ने (उनकी हिम्मत तोड़ने) की कोशिश कर रहे हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रपति जेलेंस्की के इस बयान से पहले रूस के नियंत्रण वाले दक्षिण यूक्रेन के खेरसोन क्षेत्र में मास्को द्वारा नियुक्त प्रशासन ने कहा कि रूसी सेना संभवत: खेरसोन शहर को खाली कर देगी, हालांकि यूक्रेन के प्रशासन को इस दावे पर कुछ ज्यादा भरोसा नहीं है। गौरतलब है कि रूस द्वारा नियुक्त क्षेत्रीय प्रशासन पहले ही सैकड़ों हजारों असैन्य नागरिकों को शहर से बाहर ले जा चुका है और उसका दावा है कि क्षेत्र पर पुन:नियंत्रण के लक्ष्य से यूक्रेन की सेना गोलाबारी कर रही है।

## संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने चेताया, ग्रह जलवायु संबंधी उथल-पुथल की ओर बढ़ रहा

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने बृहस्पतिवार को चेताया कि ग्रह एक ऐसी जलवायु संबंधी उथल-पुथल की ओर बढ़ रहा है, जिसकी भरपाई संभव नहीं होगी। उन्होंने मिस्र में आयोजित होने वाले जलवायु शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने जा रहे वैश्विक नेताओं से कार्बन उत्सर्जन में कटौती की राह पर लौटने, जलवायु वित्त पोषण पर वादों को पूरा करने और विकासशील देशों को नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने के प्रयासों को गति देने में मदद करने का आग्रह भी किया। गुतारेस ने कहा कि जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र के रूपरेखा समझौते में शामिल पक्षों के 27वें वार्षिक सम्मेलन (सीओपी27) के दौरान विश्वास बहाली और जलवायु परिवर्तन से हमारे ग्रह को बचाने के लिए आवश्यक महत्वाकांक्षा को फिर से स्थापित करने का प्रयास होना चाहिए। सीओपी27 का आयोजन छह नवंबर से मिस्र के शर्म-अल-शेख में होगा। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि सीओपी27 का सबसे अहम निष्कर्ष कार्बन उत्सर्जन में तेजी से कटौती की स्पष्ट राजनीतिक इच्छाशक्ति के रूप में सामने आना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए अमीर विकसित देशों और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच एक ऐतिहासिक समझौते की आवश्यकता है और अगर यह समझौता नहीं होता है, तो हम बर्बाद हो जाएंगे।

## चुनावी जीत के बाद सरकार गठन की तैयारी में नेतन्याहू नीत गठबंधन

भाषा। यरुशलम

**पूर्व** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व वाले दक्षिणपंथी गुट ने संसद की 120 में से 64 सीटों पर कब्जा जमाते हुए इजराइल के आम चुनावों में जोरदार जीत हासिल की है। इसके साथ ही देश के सबसे लंबे वक्त तक प्रधानमंत्री रहे नेतन्याहू की कुछ अंतराल के बाद सत्ता में वापसी तय हो गई है। नेतन्याहू की सत्तारूढ़ लिकुड पार्टी ने संसद में 32 सीटें जीतीं, जबकि निवर्तमान प्रधानमंत्री यायर लैपिड की एश अतीद को 24 सीटें मिलीं। मतगणना के अंतिम परिणाम में दक्षिणपंथी रिलीजियस जियोनिज़्म पार्टी ने सबको चौंकाया। रिलीजियस जियोनिज़्म पार्टी इस बार 14 सीटें जीतकर तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। नेतन्याहू के अन्य संभावित गठबंधन सहयोगी, शास और यूनाइटेड टोरा जुडाइज्म ने क्रमश: 11 और सात सीटें जीतीं, जिससे इस गुट की कुल सीटों की संख्या 64 हो गई। रक्षा मंत्री बेनी गैंट्ज़ की नेशनल यूनिटी ने 12 सीटें जीतीं, वित्त मंत्री एविग्डोर लिबरमैन को छह सीटें मिलीं, एक सीट पार्टी को डबल एन्वेलेप बैलेट के जरिए हासिल हुई। दरअसल, डबल एन्वेलेप बैलेट मतपत्र सुरक्षा बलों के सदस्यों, कैदियों, अस्पताल के रोगियों और कर्मचारियों, विदेश में सेवा कर रहे राजनयिकों, वरिष्ठ नागरिक और सहायता प्राप्त निवासियों द्वारा डाले जाते हैं।

अरब-बहुसंख्यक दलों हदाश-ताल और संयुक्त अरब सूची में से प्रत्एक को पांच सीटें मिलीं, लेकिन अलग हुई बालाद पार्टी नेसेट (संसद) में प्रवेश के लिए 3.25 प्रतिशत मत हासिल करने में विफल रही। इजराइल में कभी सत्तारूढ़ रही, लेबर पार्टी ने चार सीटें हासिल कीं। इजराइल के प्रधानमंत्री याइर लापिड ने बृहस्पतिवार शाम को चुनाव में हार स्वीकार कर ली और विपक्षी नेता बेंजामिन नेतन्याहू को फोन कर चुनावी जीत पर बधाई दी। लापिड ने नेतन्याहू से कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय के सभी विभागों को सत्ता के व्यवस्थित हस्तांतरण की तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। लापिड ने ट्वीट किया, इजराइल की संकल्पना किसी भी राजनीतिक विचार से ऊपर है। मैं नेतन्याहू को इजराइल और यहां के लोगों के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

इजराइल के लोगों ने देश में राजनीतिक गतिरोध को तोड़ने के लिए मंगलवार को चार साल में अभूतपूर्व पांचवीं बार मतदान किया।

## विदेशी मुद्रा भंडार 6.56 अरब डॉलर बढ़कर 531.08 अरब डॉलर पर

भाषा। मुंबई

**देश** का विदेशी मुद्रा भंडार 28 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 6.56 अरब डॉलर बढ़कर 561.08 अरब डॉलर हो गया।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले दिनों देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का रुख देखा गया। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 3.84 अरब डॉलर घटकर 524.52 अरब डॉलर रह गया था। एक साल पहले अक्टूबर, 2021 में देश का विदेश मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। देश के मुद्रा भंडार में गिरावट आने का मुख्य कारण यह है कि रुपए की गिरावट को थामने के लिए केन्द्रीय बैंक मुद्रा भंडार से मदद ले रहा है।

रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, 28 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का महत्वपूर्ण घटक मानी जाने वाली, विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 5.77 अरब डॉलर बढ़कर 470.84 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर में अभिव्यक्त किए जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में मुद्रा भंडार में रखे यूरो, पौंड और जापानी एन जैसे गैर डॉलर मुद्रा के मूल्य में आई कमी या बढ़त के प्रभावों को दर्शाया जाता है। आंकड़ों के अनुसार, मूल्य के संदर्भ में देश का स्वर्ण भंडार 55.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 37.76 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 18.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 17.62 अरब डॉलर हो गया है।

## गेल का सितंबर तिमाही का शुद्ध लाभ 46 प्रतिशत घटकर 1,537 करोड़ पर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की गैस उत्पादक कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी जुलाई-सितंबर तिमाही का शुद्ध लाभ 46 प्रतिशत घटकर।,537.07 करोड़ रुपए रह गया। गेल इंडिया ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में यह जानकारी दी। कंपनी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 2,862.95 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। उर्वरक संयंत्रों एवं सीएनजी खुदरा विक्रेताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करने वाली कंपनी ने अप्रैल-जून की तिमाही में 2,915.19 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। इस तरह पहली तिमाही की तुलना में उसका लाभ दूसरी तिमाही में 47.2 प्रतिशत तक घट गया। हालांकि, दूसरी तिमाही में गेल का प्राकृतिक गैस विपणन कारोबार से राजस्व करीब दोगुना हो गया लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण गैस की कीमतें बढ़ने से मुनाफा कमाने की क्षमता घट गई। वहीं पेट्रोरसायन कारोबार में कंपनी ने 346.22 करोड़ रुपए का कर-पूर्व घाटा उठाया जबकि एक साल पहले की समान अवधि में उसे 363.29 करोड़ रुपए का कर-पूर्व लाभ हुआ था। गेल ने कहा कि रूस की गैजप्रॉम की एक पूर्व इकाई से होने वाली एलएनजी आपूर्ति में बाधा पड़ने से उसके कारोबार पर असर पड़ा। गैजप्रॉम जर्मेनिया की अनुषंगी गैजप्रॉम मार्केटिंग एंड ट्रेडिंग सिंगापुर (जीएमटीएस) ने मई-जून में गेल को एलएनजी की आपूर्ति रोक दी थी। गेल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में पाइपलाइन एवं पेट्रोरसायन कारोबार पर करीब 3,970 करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय किया है जो वार्षिक लक्ष्य का 53 प्रतिशत है।

## शेयर बाजारों में दो दिन बाद तेजी लौटी, सेंसेक्स 114 अंक चढ़ा

भाषा। मुंबई

**विदेशी** निवेशकों के अनुकूल रुख और वैश्विक बाजारों के सकारात्मक संकेतों से घरेलू शेयर बाजारों में दो दिन के अंतराल के बाद शुक्रवार को फिर तेजी लौटी और दोनों प्रमुख सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 113.95 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 60,950.36 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 64.45 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,117.15 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस और विप्रो लाभ की स्थिति में रहे। दूसरी तरफ डॉ रेड्डीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर



लिमिटेड, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक और एनटीपीसी के शेयर नुकसान में रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि जापान के निक्की में गिरावट रही।

यूरोप के बाजार दोपहर के सत्र में सकारात्मक रुख में कारोबार कर रहे थे। वहीं अमेरिका के वॉल स्ट्रीट में बृहस्पतिवार को गिरावट रही थी। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 96.89 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजारों में लिवाली की। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 677.62 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों की खरीदारी की।

## व्यापार, यूक्रेन व अधिकार के मुद्दों के बीच जर्मनी के चांसलर शोल्ज चीन में

**बीजिंग।** एक दिवसीय यात्रा पर चीन पहुंचे जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने शुक्रवार को चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात की। यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को समर्थन और आर्थिक संबंधों व मानवाधिकार मुद्दों को लेकर विवादों के चलते चीन की आलोचनाओं के बीच शोल्ज का यह दौरान हो रहा है।

**Public Notice**

My Clients **Dinesh Arora** & his wife **Geeta Arora R/o A-2/77, 2nd & 3rd floor, Paschim Vihar,New Delhi-63** have debarred and disowned their Son **Nipun Arora** & his wife **Khayati Arora** from their movable and immovable Properties of my clients, due to misbehavior & misconduct. My Clients have also severed all their relations with them. If anybody deals with them any manner he or she all do so at his/her own risk. My Clients shall not be responsible for the same in any manner.
Ramesh Chander (Adv), Ch.-68, Western Wing,Tis Hazari

**Public Notice**

This is to inform general public that Mr. Puneet Gupta has acquired the Entire First Floor, without roof rights, "Said Floor" Property bearing no. B-1/15, area measuring 179.18 Sq. Mtrs., Situated at Model Town, Delhi vide Sale Deed dated 03.09.2014, Doc no. 9871 and Now, Mr. Puneet Gupta is mortgaging the above said property with IndusInd Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि डिंपल कश्यप ने सुंदर ब्लॉक, शकरपुर, ग्राम मंडावली फजलपुर, इलाका शाहदरा, दिल्ली में स्थित फ्लैट नंबर यूजीएफ, प्लॉट नंबर एस-69 पर निर्मित, एरिया परिमाप 160 वर्ग गज, खसरा नंबर 509, पंजीकृत वसीयत दिनांक 04.10.2009 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती श्वेता ने ऋण लेने के लिए फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी से संपर्क किया है। और श्रीमती डिंपल कश्यप इस संपत्ति को पंजीकृत वसीयत के माध्यम से बेच रही है फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी के पास गिरवी रख रही है। सभी व्यक्तियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती श्वेता उपरोक्त संपत्ति के पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से, फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी के साथ श्रीमती डिंपल कश्यप से खरीद रही है यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।
श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती सरोज गुप्ता, एस-13/बी-2, एरिया परिमाप 20.90 वर्ग मीटर, खसरा सं. 510, मंडावली फजलपुर के क्षेत्र में सुंदर ब्लॉक, शकरपुर शाहदरा, दिल्ली 110092 के रुप में जाना जाता है पंजीकृत त्याग विलेख दिनांक 23.08.2022 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्री मनीष और श्रीमती करिश्मा उपरोक्त संपत्ति के पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से, फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी के साथ श्रीमती सरोज गुप्ता से खरीद रही है यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।
श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

## सरकारी निकायों के पेटेंट आवेदनों की मंजूरी में तेजी लाने की जरूरत: गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकारी निकायों द्वारा दायर पेटेंट आवेदनों की मंजूरी में तेजी लाने की जरूरत है। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से इन आवेदनों के निपटान का निर्देश भी दिया। गोयल ने अधिकारियों से कपड़ा शोध संघों (टीआरए) के विलय की संभावनाओं का पता लगाने या इन निकायों के बीच तालमेल बढ़ाने के लिए भी कहा। कपड़ा मंत्री ने निर्देश दिया कि मंत्रालय के साथ टीआरए की तीन महीने में होने वाली भागीदारी को संस्थागत बनाया जाए। गोयल ने बृहस्पतिवार को टीआरए की समीक्षा बैठक के दौरान ए बातें कहीं। उन्होंने कहा कि हमें तकनीकी वस्त्र जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में स्टार्टअप और युवा वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कपड़ा शोध संघों से कहा कि वे अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और मशीनरी के संबंध में किसी भी सहायता के लिए मंत्रालय को प्रस्ताव दें।

## आत्मनिर्भर भारत कोष ने एमएसएमई की मदद को 5,000 करोड़ रुपए की प्रतिबद्धता जताई

भाषा। मुंबई

**सरकार** द्वारा समर्थित आत्मनिर्भर भारत कोष (एसआरआईएफ) ने अपने परिचालन के पहले वर्ष में छोटे व्यवसायों को मदद के लिए 5,000 करोड़ रुपए से अधिक की प्रतिबद्धता जताई है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है।

इसमें बताया गया कि सरकार के आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के हिस्से के रूप में शुरू किए गए इस कोष के तहत 38 बेटी कोष को मंजूरी दी गई है जिसमें 5,000 करोड़ रुपए से अधिक की प्रतिबद्धता जताई है।

यह व्यवस्था सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों तक कोष प्रवाह को अधिकतम करने के उद्देश्य से है। एमएसएमई में निवेश योग्य कोष का कुल मूल्य 50,000 करोड़ रुपए तक है। एसबीआई कैपिटल मार्केट्स में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमिताव चटर्जी ने कहा कि इस कोष से 125 एमएसएमई को 2,300 करोड़ रुपए से अधिक की मदद दी जा चुकी है। बयान में बताया गया कि 2,300 करोड़ रुपए के निवेश से 20,000 लोगों को रोजगार समर्थन दिया गया है। यह कोष केंद्र सरकार द्वारा एमएसएमई मंत्रालय के तत्वावधान में स्थापित किया गया है और एनएसआईसी वेंचर कैपिटल फंड (एनवीसीएफ) द्वारा संचालित है। यह राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है। एसबीआईकैप वेंचर्स लिमिटेड कोष की निवेश प्रबंधक है।

## डीजीटीआर को चीन, थाईलैंड, वियतनाम से सौर सेल के आयात की एंटी-डंपिंग जांच के लिए मिला और वक्त

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने चीन, थाईलैंड और वियतनाम से सौर सेलों की कथित डंपिंग के खिलाफ जारी जांच पूरी करने के लिए व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) को 14 नवंबर तक का वक्त दिया है। वाणिज्य मंत्रालय की इकाई डीजीटीआर ने यह जांच 15 मई 2021 को शुरू की थी, उसने जांच पूरी करने के लिए समयसीमा बढ़ाने का अनुरोध किया था। डीजीटीआर को राजस्व विभाग की ओर से भेजे गए एक आधिकारिक ज्ञापन में कहा गया, चीन, थाईलैंड और वियतनाम से सौर सेलों के आयात की चल रही जांच को पूरा करने के लिए और समय देने के अनुरोध को सक्षम प्राधिकार ने स्वीकार कर लिया है। जांच पूरी करने के लिए 14 नवंबर 2022 तक का वक्त दिया गया है। इसमें कहा गया कि केंद्र सरकार पहले ही दो बार समयसीमा विस्तार दे चुकी है इसलिए अब 14 नवंबर के बाद कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा। भारतीय सौर विनिर्माता संघ ने कई कंपनियों की ओर से आवेदन देकर आयात को लेकर एंटी-डंपिंग जांच शुरू करने की मांग की थी।

## भारत इलेक्ट्रॉनिक्स ने ब्रॉडबैंड समेत अन्य सेवाओं के क्षेत्र में सहयोग के लिए मोटोरोला से हाथ मिलाया

**बेंगलुरु।** सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न रक्षा कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने ब्रॉडबैंड समेत अन्य सेवाओं के क्षेत्र में सहयोग के लिए मोटोरोला सॉल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ करार किया है। कंपनी ने एक बयान में बताया कि इस समझौते का उद्देश्य बीईएल तथा मोटोरोला की पूरक क्षमताओं और ताकतों का लाभ उठाना है। इसमें आगे कहा गया, बीईएल तथा मोटोरोला पेशेवर मोबाइल रेडियो श्रेणी के उपयोगकर्ताओं की जरूरतों को पूरा करने और उनको उनकी टीमों के साथ तेज गति और प्रभावशीलता के साथ जोड़ने में मदद देंगे। ऐसा पुश टू टॉक (पीटीटी) सेवा मोटोरोला वेव पीटीएक्स के माध्यम से किया जाएगा। इसमें बताया गया कि वेव पीटीएक्स नेटवर्क से स्वतंत्र मल्टीमीडिया कम्युनिकेशन सेवा है जो एक बटन दबाने पर अलग-अलग टीमों को तुरंत कनेक्ट कर देती है।

## इंडियन एनर्जी एक्सचेंज में बिजली कारोबार अक्टूबर में 13 प्रतिशत घटकर 797.2 करोड़ यूनिट पर

**नई दिल्ली।** बिजली खरीद-बिक्री बाजार इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) में कारोबार एक साल पहले की तुलना में अक्टूबर 2022 में 13 प्रतिशत घटकर 797.2 करोड़ यूनिट रह गया है। आईईएक्स ने एक बयान में कहा कि कुल कारोबार में 40.3 करोड़ यूनिट हरित ऊर्जा खंड में हुआ। इसके अलावा नवीकरणीय ऊर्जा (आरईसी) बाजार में 3.58 लाख प्रमाणपत्रों का कारोबार हुआ।आईईएक्स ने बयान में कहा, अक्टूबर 2022 के दौरान एक्सचेंज में बिजली मात्रा सालाना आधार पर 13 प्रतिशत घटकर 797.2 करोड़ यूनिट रही।

# धर्मग्रंथ जलाने की घटना के बाद मस्जिदों में भारी पुलिस बल तैनात

**● शांतिपूर्ण संपन्न हुई जुमे की नमाज**

**भाषा।** शाहजहांपुर

**शाहजहांपुर शहर** की एक मस्जिद में कथित रूप से एक धर्मग्रंथ जलाने की घटना के बाद शुक्रवार को जुमे की नमाज के मद्देनजर शहर की मस्जिदों में व्यापक चौकसी के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया और इस दौरान शहर के तीन स्थानों पर मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए। हालांकि पुलिस ने इस मामले में बृहस्पतिवार को ही ताज मोहम्मद नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) एस आनंद ने शुक्रवार को बताया कि आज जुमे की नमाज के लिए सभी थानों के अंतर्गत आने वाली मस्जिदों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया, जहां शांतिपूर्वक नमाज अदा की गई है।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) रामसेवक द्विवेदी ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि शहर में स्थिति सामान्य है और लगातार धर्मगुरुओं से संपर्क बनाकर जुमे की नमाज के लिए प्रशासन ने आज शहर के तीनों थानों में मजिस्ट्रेट की तैनाती के साथ-साथ भारी पुलिस बल भी तैनात किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन के अन्य अधिकारी भी लगातार शहर में भ्रमण कर रहे हैं।

दूसरी तरफ, सोशल मीडिया पर घटना से जुड़ा एक वीडियो सार्वजनिक हुआ है, जिसमें धर्मग्रंथ में आग लगाने वाला आरोपी ताज मोहम्मद कह रहा है, "हम खाली घूमते हैं, इसलिए दिमाग पागल हो गया। घरवालों से कहा कि हमारी शादी करा दो, परंतु घरवालों ने शादी नहीं कराई। आरोपी का यह कहना है, "आग हमने नहीं लगाई, न हम गए थे, हमारे अंदर से एक आत्मा निकलकर गई थी और आग उसने ही लगाई है। अपर जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की है कि वे संयम बनाए रखें। उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर में गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल कायम है और यहां कभी कोई दंगा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि धर्मगुरुओं से संपर्क करके शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है। एसपी ने बताया कि एक संप्रदाय विशेष के लोगों द्वारा शांति-व्यवस्था बाधित करने का प्रयास बुधवार को किया गया था, जिसके बाद धर्मगुरुओं के साथ बैठक करके उनसे शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की गई। एसपी ने कहा कि धर्मगुरुओं की ओर से आश्वस्त किया गया था कि कोई अप्रिय घटना घटित नहीं होने दी जाएगी। इस बीच विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेता राजेश अवस्थी ने कार्यकर्ताओं के साथ जाकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया, जिसमें कहा गया है कि बुधवार को कोतवाली अंतर्गत बेरी चौकी के पास एक समुदाय के लोगों ने धर्मग्रंथ जलाए जाने की बात बताकर सड़क जाम कर दिया। ज्ञापन के मुताबिक, यह कार्य उन्मादियों द्वारा किया गया और शहर का माहौल खराब करना ही इनका एकमात्र मकसद था।

उन्होंने ज्ञापन में कहा है कि घटना के बाद देश-विरोधी नारे लगाए गए, आगजनी की गई और दंगा भड़काने का प्रयास किया गया, इसलिए ऐसे उन्मादियों की पहचान कर उनके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट तथा तथा रासुका के तहत कार्वाई की जाए। गौरतलब है कि शाहजहांपुर शहर में स्थित फखरे आलम मस्जिद में बुधवार शाम को जब मौलवी पहुंचे तो उन्होंने कथित तौर पर पवित्र धर्मग्रंथ को जला हुआ पाया। घटना की जानकारी मिलते ही मुस्लिम समाज के सैकड़ों लोग मस्जिद के बाहर इकट्ठे हो गए और प्रदर्शन शुरू कर दिया। हालांकि, पुलिस ने समझा-बुझाकर मामले को शांत किया और प्राथमिकी दर्ज की।मामला शांत होने के थोड़ी देर बाद फिर से भीड़ एकत्रित हो गई और अराजक तत्वों ने सड़क किनारे लगी होर्डिंग में आग लगा दी। इसके बाद पुलिस ने सख्ती दिखाई और बड़ी संख्या में पुलिस बल को मस्जिद के आसपास तैनात कर दिया। पुलिस ने दूसरे दिन सवेरे सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान कर ली और ताज मोहम्मद नामक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# राम कथा में हुआ बालकाण्ड, किष्किंधा कांड और लंका कांड का बखान



**बांदा।** शहर में आजकल धार्मिक कार्य में लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं जरेली कोठी के पास पीपर कुंआ के पास स्थिति शंकर भगवान के मंदिर में 6 दिन विशाल रामकथा का आयोजन चल रहा हैं, इस अवसर पर बाल्य व्यास शिवाशु दीक्षित ने बालकाण्ड, किष्किंधा कांड और लंका कांड का विधिवत ब्याखन करते हुये चित्ररण किया, श्रोता गण भाव विभोर होकर रोने लगे, उसी दौरान कथा वाचक शिवाशु दीक्षित ने दोस्ती के और फर्ज के खातिर बताया की जब रावण माँ सीता को अर्थात भगवन राम की पत्नी को जबरन अपने माँयावी विमान में लेकर लंका की और प्रस्थान कर उसी समय जटायु की नजर विलाप करती हुई मां सीता पर पड़ी जटायु ने ललकारा रावण को और कहा कि यह दुष्ट रावण मेरी मेरे दोस्त राम की धर्मपत्नी हो कहां लिए जा रहा है रावण ने जटायु को उल्टा सीधा बोला कहां है बूढ़े गिद्ध तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते मैं तुम्हें एक पल में ही यमलोक पहुंचा दूंगा लेकिन दोस्ती के खातिर रावण से जटायु ने युद्ध किया और जटायु ने रावण को घायल भी किया लेकिन अंत में महाबली रावण ने जटायु के पंख काट दिए उससे जटायु जमीन में गिर गया और राम.राम पुकारने लगा क्या माता सीता को खोजते हुए भगवान राम और उनके छोटे भ्राता लक्ष्मण समुद्र के किनारे आए तो उन्होंने देखा कि कोई राम.राम कर के कराह रहा है उस पर भगवान राम ने अपने हाथ फिर आए दोस्त को गले लगाया और दोस्त ने सारी वस्तु स्थिति से अवगत कराया और इसके बाद जटायु ने अपने प्राणों का अंत किया अर्थात प्राण छोड़ दिए।

## क्विक न्यूज

### बदायूं में एक करोड़ रुपए की अफीम के साथ दंपति गिरफ्तार

**बदायूं (उप्र)।** बदायूं जिले के वजीरगंज थाना इलाके में शुक्रवार को पुलिस ने एक दंपति को पांच किलोग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने बरामद अफीम का बाजार मूल्य एक करोड़ रुपए से अधिक बताया है। बदायूं के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ओपी सिंह ने शुक्रवार को बताया कि सटीक सूचना पर वजीरगंज थाने की पुलिस ने सैदपुर-करेंगी मार्ग पर कार सवार पति-पत्नी इंद्रपाल और गीता को जांच के बाद पांच किलोग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि बरामद अफीम की कीमत एक करोड़ छह लाख रुपए के करीब है। एसएसपी ने दावा किया कि पति और पत्नी दोनों लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े है और कई बार जेल भी जा चुके है।

### संभल में नकली दवा बनाने की फैक्ट्री पर छापा, दो गिरफ्तार, एक करोड़ की सामग्री बरामद

**संभल (उप्र)।** संभल कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने एक दवा बनाने वाली फैक्ट्री पर छापा मारकर दो लोगों को गिरफ्तार किया और नकली आयुर्वेदिक व एलोपैथिक दवा और दवा बनाने की सामग्री बरामद की। पुलिस के अनुसार बरामद दवा व सामग्री का बाजार मूल्य एक करोड़ रुपए आंका गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) श्रीश चंद्र ने शुक्रवार को बताया कि संभल कोतवाली क्षेत्र के शहजादी सराय में काफी समय से अवैध रूप से दवा बनाने की सूचना मिल रही थी। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर खाद्य औषधि विभाग की टीम के साथ मैक्सन फार्मा पर छापेमारी की गई, जहां भारी मात्रा में अवैध रूप से नकली आयुर्वेदिक और एलोपैथिक दवा, 86 बोरे नकली अपमिश्रित सामग्री और दवा बनाने की मशीन बरामद की गई। एएसपी ने बताया कि बरामद सामग्री की कीमत करीब एक करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि इस मामले में दो आरोपियों तेज प्रकाश और शुभम को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में विधिक कार्वाई की जा रही है।

### प्रयागराज में डेंगू नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए

**प्रयागराज (भाषा)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्रयागराज के जिला प्रशासन को नगर में फैल रहे डेंगू पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने का शुक्रवार को निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की पीठ ने कहा कि प्रयागराज नगर में डेंगू से मृत्यु दर अधिक है जिसे देखते हुए व्यापक स्तर पर फॉगिंग और ब्लीचिंग सहित प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया जाता है। डेंगू लार्वा के खिलाफ भी कार्वाई में तेजी लाई जानी चाहिए। अदालत ने कार्यों में सहयोग और निगरानी के लिए वार्ड वार समितियों के गठन का भी निर्देश दिया और इस मामले में अगली सुनवाई की तिथि नौ नवंबर, 2022 तय की। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व अदालत ने प्रयागराज नगर में डेंगू की भयावह स्थिति का स्वतः संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन को अदालत में मौजूद रहने और उठाए गए कदमों से अदालत को अवगत कराने के लिए कहा था। अदालत के आदेश पर जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी और नगर आयुक्त शुक्रवार को अदालत में मौजूद रहे।

### लापता हुए आठ साल के बच्चे का शव तालाब से बरामद

**बांदा (उप्र)।** चार नवंबर (भाषा) उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के बिसंडी गांव से बृहस्पतिवार को लापता हुए आठ साल के बच्चे का शव शुक्रवार को गांव के ही एक तालाब से पुलिस ने बरामद किया। बांदा के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) लक्ष्मी निवास मिश्रा ने बताया कि बृहस्पतिवार को आंगनबाड़ी केंद्र पढ़ने गए आठ वर्षीय शिवदर्शन उर्फ तन्नू रहस्यमय तरीके से गायब हो गए थे तथा इस बाबत बिसंडा थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बच्चे की तलाश की तथा शुक्रवार सुबह उसका शव गांव के तालाब से बरामद हुआ। एएसपी ने बताया कि पहली नजर में मामले में किसी साज़िश की आशंका नही है तथा प्रतीत होता है कि बच्चे की मौत पानी में डूबने से हुई होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने ली तीन दोस्तों की जान

**बस्ती** (भाषा)। अयोध्या जा रहे मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान अंकित मिश्रा (25), दीपक गौर उर्फ राजा (21) और रंजीत कुमार कहार (20)के रूप में हुई है। पुलिस ने शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे में शामिल ट्रक को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने बताया, "तीनों युवक शाम को अपने घर से निकले थे और दुर्घटना बृहस्पतिवार रात हरियाया थाना क्षेत्र के एक भोजनालय के पास हुई। तीनों युवक अयोध्या जा रहे थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दलित बच्ची से बलात्कार के दोषी को उम्रकैद की सजा

**भाषा।** भदोही

**प्रदेश की** एक विशेष पॉक्सो अदालत ने 80 साल के व्यक्ति को आठ साल की दलित बच्ची से बलात्कार करने का दोषी ठहराते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने अपने फैसले में कहा की जुर्माने की रकम पीड़ित दलित बच्ची को दी जाएगी। 25 फरवरी,2021 का यह बलात्कार का मामला जिले के ज्ञानपुर थाना इलाके के एक गांव का है।विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो अधिनियम कौलेश्वर नाथ पांडेय ने बताया की आठ साल की दलित बच्ची खेत में दोपहर लगभग तीन बजे घास काट रही थी, तभी मालिक चुन्नी लाल यादव (80) ने बच्ची के साथ बलात्कार किया। इसके बाद बच्ची को अस्पताल ले जाना पड़ा। इस मामले में दलित बच्ची के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया था।

# सगरा बांध का पुनर्जीवन, जीर्णोद्धार का कार्य छह से शुरू होगाः डीएम

**● सात को लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले को लेकर विभागों को सौंपी गयीं जिम्मेदारियां**

**संवाददाता।** बांदा



**तहसील नरैनी** में अनुराग पटेल, जिलाधिकारी बांदा की अध्यक्षता में शुक्रवार को ग्राम पंचायत कालिंजर विकासखंड नरैनी अंतर्गत स्थित सगरा बॉध को पुर्नजीवित करने एवं कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर कालिंजर किले में लगने वाले मेले की तैयारी के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। उपरोक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बांदा, ब्लाक प्रमुख नरैनी बांदा, डीसी मनरेगा, प्रभागीय वनाधिकारी, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई, उप जिलाधिकारी नरैनी, खण्ड विकास अधिकारी नरैनी, नायब तहसीलदार नरैनी सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी एवं कालिंजर के ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी नरैनी को निर्देशित किया गया कि दिनांक 06.11.2022 को प्रातः 09 बजे सगरा बॉध की पुर्नजीवन, जीर्णोद्धार का कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। इस दौरान लगभग 500 व्यक्तियों द्वारा श्रमदान किया जायेगा तथा विकास खण्ड नरैनी के मनरेगा श्रमिक, सफाई कर्मी, रोजगार सेवक, ग्राम पंचायत अधिकारी तहसील व जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा भी श्रमदान किया जायेगा तथा जल संरक्षण के क्षेत्र में रूचि लेने वाले व्यक्तियों द्वारा 10 निःशुल्क जेसीबी मशीनों के माध्यम से भी श्रमदान किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में सॉसद, विधायक नरैनी,ब्लाक प्रमुख भी उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त दिनांक 07.11.2022 से प्रारम्भ हो रहे कार्तिक पूर्णिमा मेला के अवसर पर सम्बन्धित विभागों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौपी गयी। उप जिलाधिकारी नरैनी को निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराये।

# पुलिस हिरासत में व्यक्ति की मौत, थाने में पिटाई का आरोप

**भाषा।** प्रयागराज

**प्रयागराज के** दारागंज थाना में लवकेश शर्मा नाम के एक युवक की पुलिस हिरासत में बृहस्पतिवार को मौत हो गई। मृतक के परिजनों का आरोप है कि दारागंज पुलिस ने लवकेश पर थर्ड डिग्री का इस्तेमाल करते हुए उसकी पिटाई की जो उसके शरीर पर पड़े निशान से स्पष्ट है।

हालांकि, पुलिस अधीक्षक (नगर) संतोष कुमार मीणा का कहना है कि पुलिस को रास्ते को लेकर पड़ोसी से विवाद होने की सूचना मिली जिस पर पुलिस ने लवकेश शर्मा नाम के व्यक्ति को हिरासत में लेकर चालान कर दिया। पुलिस ने बताया कि उसे चिकित्सा जांच के लिए बेली अस्पताल ले जाया गया, जहां तबीयत खराब होने पर उसकी मृत्यु हो गई।

वहीं, मृतक की बहन धनेश्वरी ने बताया कि पड़ोसी से विवाद के बाद पुलिस में पड़ोसी द्वारा शिकायत की गई और पुलिस लवकेश शर्मा को बुधवार शाम को थाने ले गई। उसने कहा कि पुलिस ने थाने में उसे पूरी रात रखा और उसे थर्ड डिग्री का इस्तेमाल करके बुरी तरह से पीटा गया।

उन्होंने कहा कि लवकेश को अगले दिन बृहस्पतिवार को अदालत में शाम चार बजे तक पेश नहीं किया गया, जबकि परिवार के लोग अदालत में पेशी के लिए इंतजार करते रहे। वहीं, एक सिपाही लवकेश की मां से पांच हजार रुपए मांगने आया था। उन्होंने बताया कि लवकेश को शाम को बेली अस्पताल ले जाया गया जहां तबीयत बिगड़ने के बावजूद उसका इलाज नहीं किया गया, जिसकी वजह से उसकी मृत्यु हो गई।

इस मौत के लिए पूरी तरह से पुलिस जिम्मेदार है। धनेश्वरी देवी ने बताया कि लवकेश के शरीर पर चोट के निशान साफ दिखाई दे रहे हैं और उसका शरीर भी नीला पड़ गया है।

एसआरएन स्थित पोस्टमार्टम हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक मृतक लवकेश शर्मा का शव बृहस्पतिवार को ही पोस्टमार्टम हाउस आ गया था, लेकिन शुक्रवार शाम चार बजे तक संबंधित थाने से कागजात नहीं आए जिसके कारण पोस्टमार्टम लंबित है।

# मोदी-योगी की वजह से उत्तर प्रदेश में आज सुशासन का समुद्र हैः नकवी

**प्रयागराज ( भाषा )।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रीय रामायण मेला के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि एमवाई (मोदी-योगी) फैक्टर की वजह से आज उत्तर प्रदेश में सुशासन का समुद्र है।

जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर श्रृंगवेरपुर धाम में आयोजित 33वें राष्ट्रीय रामायण मेले के उद्घाटन समारोह में नकवी ने कहा, मोदी-योगी ने समावेशी सशक्तिकरण के बल पर छद्म धर्मनिरपेक्षता और तुष्टीकरण की राजनीति को ध्वस्त किया है। उन्होंने कहा, श्रृंगवेरपुरधाम के विकास और इसके राष्ट्रीय महत्व को लेकर मैं अपने साथियों के साथ तीन दशकों से अधिक समय से जुड़ा हूं। आज ना केवल राष्ट्रीय बल्कि विश्व स्तर पर इसकी पहचान बनी है। यहां से भगवान श्री राम ने समरसता का संदेश दिया था।

पांच दिवसीय राष्ट्रीय रामायण मेला के उद्घाटन के अवसर पर जगतगुरु रंगरामानुजाचार्य, स्वामी श्री धराचार्य महाराज, प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, मत्स्य पालन मंत्री डॉ. संजय निषाद, फूलपुर से सांसद केसरी देवी पटेल, राष्ट्रीय रामायण मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. बाल कृष्ण पांडेय उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय रामायण मेला आयोजन समिति एवं यूपी पर्यटन विभाग द्वारा चार नवंबर से आठ नवंबर तक आयोजित किए जा रहे इस मेले में प्रतिदिन गंगा पूजन, आरती, रामायण प्रवचन एवं अन्य विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे।

# बांदा में दौड़ रहीं एमपी की डग्गागार बसें

**● सदर विधायक ने परिवहन मंत्री को लिखा पत्र**

**● कहा-मामले को संज्ञान में लेकर तत्काल कराई जाए जांच**

**संवाददाता।** बांदा



**सदर विधायक** प्रकाश दिवेदी ने आरोप लगाया है कि मध्य प्रदेश की डग्गामार बसों का शहर में धड़ल्ले से संचालन हो रहा है। उन्होंने इन बसों के संचालन में स्थानीय परिवहन अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप भी लगाया है। विधायक ने प्रदेश के परिवहन मंत्री से मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराए जाने की मांग की है।

र्पारिवहन मंत्री को प्रेषित पत्र में विधायक प्रकाश द्विवेदी ने शहर के कटरा क्षेत्र निवासी सुधेश कुमार पांडे के मांगपत्र का हवाला देते हुए लिखा है कि बांदा से पन्ना और सतना के अलावा जबलपुर अदि शहरों के लिए मप्र की निजी बसें संचालित की जा रही हैं। उनका आरोप है कि विभागीय अधिकारियों के अलावा स्थानीय प्राइवेट बस यूनियन का भी इन डग्गामार वाहनों के संचालन का सहयोग मिल रहा है। विधायक का कहना है कि मध्य प्रदेश की इन बसों का यहां परमिट भी नहीं है, ऐसे में उत्र प्रदेश की सीमा में इन बसों का संचालन व्यवस्था पर ससवाल खड़ा करता है। प्रकाश द्विवेदी ने परिवहन मंत्री से आग्रह किया है कि तत्काल प्रभाव से इस प्रकरण का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच कराई जाए और इसमें ंलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए। विधायक ने इस मामले में परिवहन ंविभाग के अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। उधर, समाजसेवी मयंक गुप्ता ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक पत्र लिखकर कहा गया है कि जनपद में जनता की जान की परवाह किए बगैर पूरे प्रदेश में यात्री, स्कूल और टूरिस्ट बसों को नियमों को दरकिनार करते हुए फिटनेस दिया जा रहा है। आरोप है कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के बावजूद विभाग यहां वाहनों के फिटनेस के मामले में मनमानी पर उतारू है।

## बोले, आरटीओ प्रशासन ...

इस मामले में जब एआरटीओ प्रशासन से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कार्यभार संभालने के बाद विभाग में व्याप्त अव्यवस्थाओं में बड़े पैमाने पर सुधार किया गया है। उन्होंने कहा कि सख्ती के चलते ही अब विभाग की कार्यशैली पर आरोप प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। उनका दावा है कि यहां की व्यवस्थाएं दुरुस्त हैं।

# पर्यवेक्षण में लापरवाही बरतने पर निबंधन विभाग के दो अधिकारी निलंबित

**भाषा।** गोंडा

**उत्तर प्रदेश** के गोंडा जिले में उपनिबंधक कार्यालय में अभिलेखों में हेराफेरी कर जमीन बैनामा कराने के संबंध में शासन ने निबंधन विभाग के दो अधिकारियों को पर्यवेक्षण में लापरवाही बरतने का दोषी ठहराते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार ने शुक्रवार को यहां बताया कि उपनिबंधक सदर कार्यालय में अभिलेखों में हेराफेरी करके एक गिरोह द्वारा पिछले कुछ वर्षों में कई फर्जी बैनामे कराए जाने की सूचना मिली थी। उन्होंने कहा कि इस हेराफेरी को सुनियोजित तरीके से कूटरचित दस्तावेजों के सहारे किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह प्रकरण संज्ञान में आने पर विस्तृत जांच कराई गई, तो 47 ऐसे मामले सामने आए। उन्होंने कहा कि निबंधन कार्यालय की मिलीभगत से कूटरचित दस्तावेजों के सहारे बैनामा करके जमीन हथियाई गई।जिलाधिकारी ने कहा कि इस संबंध में उनके द्वारा शासन को रिपोर्ट भेजी गई थी। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट पर प्रमुख सचिव निबंधन एवं स्टांप वीना कुमारी ने तत्कालीन सहायक महानिरीक्षक निबंधन एवं स्टांप अरुण कुमार मिश्र (वर्तमान में डीआइजी गाजियाबाद) तथा गोंडा के वर्तमान सहायक महानिरीक्षक निबंधन एवं स्टांप मनोज कुमार श्रीवास्तव को लचर पर्यवेक्षण का दोषी ठहराते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।निलंबन अवधि में दोनों अधिकारी महानिरीक्षक निबंधन के कार्यालय से संबद्ध रहेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन ने प्रकरण की विस्तृत जांच के लिए गोंडा के अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी को जांच अधिकारी नामित किया है। देवीपाटन परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआइजी) उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अभिलेखों में हेराफेरी कर जमीन बैनामा कराने का खेल जिले में काफी दिनों से चल रहा था। उन्होंने कहा कि जनता दर्शन के दौरान फरियादियों द्वारा इस संबंध में शिकायतें मिलने पर उन्होंने ऐसे मामलों में अभियोग दर्ज करवाना शुरू किया तो एक के बाद एक 28 मामले अब तक संज्ञान में आए हैं। इन मामलों में थाना कोतवाली नगर में प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। अधिकांश मामलों में प्रथम दृष्टया विभागीय कर्मचारियों, कुछ अधिवक्ताओं व जमीन घोटाले से जुड़े लोगों के नाम सामने आ रहे हैं।डीआइजी ने बताया कि उन्होंने दर्ज सभी अभियोगों की जांच शासन स्तर पर विशेष जांच टीम (एसआइटी) बनाकर किए जाने की सिफारिश की है।उन्होंने कहा कि इस फर्जीवाड़े से जुड़े लोगों ने अधिकांश मामलों में ऐसे व्यक्तियों को दस्तोवजों में क्रेता, विक्रेता और हासिया गवाह बनाया है, जिनकी अब मौत हो चुकी है।

# जिंदा व्यक्ति को परिवार रजिस्टर में मृत दिखाने वाला ग्राम सचिव निलंबित

**अंबेडकर नगर।** जिंदा परमानंद मिश्र को परिवार रजिस्टर में मृतक दर्ज करने वाले ग्राम सचिव हरिशंकर वर्मा को जिला विकास अधिकारी ने निलंबित कर दिया। खंड विकास अधिकारी भीटी को जांच अधिकारी नामित करके 15 दिनों में विस्तृत आरोप पत्र गठित करते हुए अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। ग्राम सचिव पर तीन आरोप में कटेहरी ब्लाक के गांव मौरापारा के जीवित परमानंद मिश्र को फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर परिवार रजिस्टर में मृतक दर्ज करनेए अभिलेख में मृत्यु का स्थान व दिनांक का जिक्र किए बगैर प्रमाण पत्र में मृत्यु की तिथि नौ दिसंबर 1992 दर्शाया गया। मृत्यु की तिथि के 12 साल बाद अभिलेख में इसे अंकित करने में सक्षम अधिकारी से अनुमति नहीं लिए जाने में अनाधिकार चेष्टा एवं निजी स्वार्थों की पूर्ति कर स्वेच्छारिता में उच्चाधिकारी के आदेशों की अवहेलना का दोषी माना गया है।

## वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों के दांतों का किया निशुल्क इलाज, बांटीं दवाइयां और टूथपेस्ट

**अंबेडकर नगर।** डेंटल सर्जन एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं रामकृष्णा डेंटल एंड ओरल हेल्थ केयर सेंटर द्वारा वृद्धा आश्रम दहीरपुरए अम्बेडकर नगर में दंत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । शिविर का उदघाटन भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मिथिलेश त्रिपाठी ने किया । दंत चिकित्सक डॉ मनीष पाण्डेय के नेतृत्व में आश्रम में रहने वाले लोगो के दांतों की जांच की गयी। अधिकतर लोगों में पायरियाएदांत घिसनेए दांत हिलने एवं मसूड़ो में सूजन की समस्या पायी गई। डॉ मनीष ने बुजुर्गो को दांतों को सही से रख रखाव करने के तरीकों को बताया।

# निपुण भारत मिशन व ऑपरेशन कायाकल्प की कार्यशाला आज

**● कार्यशाला में शामिल होंगे महानिदेशक बेसिक विजय किरन आनंद**

**प्रयागराज।** निपुण भारत मिशन एवं ऑपरेशन कायाकल्प के तहत मंडलीय कार्यशाला इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन में शनिवार से होगी। इसके लिए सुबह 8.30 बजे से पंजीकरण भी शुरु होगा। जबकि दस बजे से कार्यशाला शुरु होगी। कार्यशाला में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत महानिदेशक बेसिक शिक्षा और कुंभ मेला डीएम विजय किरन आनंद शामिल होंगे। इस दौरान कार्यशाला में प्रयागराज मंडल के डीएम सीडीओ बीडीओ डायट प्राचार्य डीआईओएस बीएसए जिला पंचायत राज अधिकारी खंड विकास अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी रिसोर्स पर्सन एकेडमी रिसोर्स पर्सन एवं जिला परियोजना कार्यालय में कार्यरत सभी समन्वयक शामिल होंगे। सबसे पहले मंडल स्तर की टीम कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी। फिर मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक सत्र का शुभारंभ करेंगे। सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी जिलों में संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी रखेंगे। कमिश्नर विजय विश्वास पंत अपनी बात रखेंगे और तकनीकी सत्र में बेसिक शिक्षा महानिदेशक विजय किरण आनंद योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे। कार्यशाला में एकल शिक्षा के अंतर्गत विद्यालयों के उन्नयन के लिये सुविधा हेतु निर्धारित करण क्षेत्र के विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं का संक्षिप्तीकरण राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के ट्रेनर कई बिंदुओं पर आधारित समीक्षा होगी। बेसिक शिक्षा के महानिदेशक विजय किरण आनंद ने कहा कि बेसिक शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए प्रदेश में व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। जिसका लाभ लाखों छात्रों को मिलेगा।

# न्यूजीलैंड टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में

## आयरलैंड पर 35 रन की जीत हासिल की

**भाषा।** एडीलेड



**फॉर्म में** लौटे केन विलियमसन के 35 गेंद में 61 रन के बाद स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन के दम पर न्यूजीलैंड शुक्रवार को यहां आयरलैंड पर 35 रन की जीत के बाद टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली पहली टीम बनी। न्यूजीलैंड एक समय 200 रन के पार जाती दिख रही थी लेकिन तेज गेंदबाज जोशुआ लिटिल ने हैट्रिक लेकर उसे छह विकेट पर 185 रन पर रोक दिया। जवाब में आयरलैंड की टीम नौ विकेट पर 150 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड के स्पिनर ईश सोढी ने 26 और मिशेल सेंटनेर ने 29 रन देकर दो दो विकेट लिए। तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन ने तीन विकेट चटकाए। न्यूजीलैंड का नॉकआउट चरण में क्वालीफिकेशन की पुष्टि आस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के बीच मैच के बाद हुई जिसमें गत चैम्पियन टीम आठ विकेट पर महज 168 रन ही बना सकी। जबकि उसे नेट रन रेट में न्यूजीलैंड को पछाड़ने के लिए 185 रन के अंतर से जीत दर्ज करने की जरूरत थी। आयरलैंड सेमीफाइनल में जगह तो नहीं बना सका लेकिन वेस्टइंडीज और इंग्लैंड जैसी दमदार टीमों को हराया। उसके लिए पॉल स्टर्लिंग ने 27 गेंद में 37 और कप्तान एंड्रयू बालबर्नी ने 25 गेंद में 30 रन बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 49 गेंद में 68 रन की साझेदारी की लेकिन छह गेंद के भीतर दोनों के विकेट गिरने से आयरलैंड की हार तय हो गई। इससे पहले आयरलैंड के तेज गेंदबाज लिटिल ने यादगार हट्रिक बनाकर न्यूजीलैंड को छह विकेट पर 185 रन पर रोक दिया। न्यूजीलैंड के लिए कप्तान विलियमसन ने टूर्नामेंट में पहली बार सौ से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौक और तीन छक्के लगाए।

लामी बल्लेबाज फिन एलेन ने 18 गेंद में 32, ग्लेन फिलिप्स ने नौ गेंद में 17 और डेरिल मिशेल ने 21 गेंद में नाबाद 31 रन की पारी खेली। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज लिटिल ने न्यूजीलैंड की रनगति पर डैथ ओवरों में अंकुश लगाया। उन्होंने 19वें ओवर में विलियमसन, जिम्मी नीशाम और मिशेल सेंटनेर के विकेट लगातार तीन गेंदों पर लिए। विलियमसन बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में डीप में कैच दे बैठे जबकि नीशाम और सेंटनेर पगबाधा आउट हुए। संयुक्त अरब अमीरात के कार्तिक मेयाप्पन के बाद इस विश्व कप की यह दूसरी हैट्रिक थी। कार्तिक ने श्रीलंका के खिलाफ यह कारनामा किया था। न्यूजीलैंड की पारी का सबसे बड़ा आकर्षण विलियमसन का फॉर्म में लौटना रहा। शुरूआत में संघर्ष करने के बाद उन्होंने खुलकर खेला। उन्होंने तेज गेंदबाज बैरी मैकार्थी को डीप मिडविकेट पर छक्का जड़कर अपना अर्धशतक पूरा किया। दो गेंद बाद उन्होंने उसी जगह पर दूसरा छक्का लगाया। वह 19वें ओवर में इसी तरह का शॉट फिर खेलने के प्रयास में कैच दे बैठे। आयरलैंड ने आखिरी दो ओवर में 12 रन ही दिए।

### स्कोरबोर्ड

**न्यूजीलैंड :** एलेन का हैड बो एडेयर 32,कोंवे का एडेयर बो डेलानी 28,विलियमसन का डेलानी बो लिटिल 61,फिलिप्स का डॉक्रेल बो डेलानी 17,मिशेल नाबाद 31,नीशाम पगबाधा बो लिटिल 0,सेंटनेर पगबाधा बो लिटिल 0,साउदी नाबाद।,**अतिरिक्त** : 15 रन,**कुल योग** : 20 ओवर में छह विकेट पर 185 रन, **विकेट पतन** :।-52, 2-96, 3-114, 4-174, 5-174, 6-174, **गेंदबाजी** : लिटिल 4-0-22-3, एडेयर 4-0-39-1, मैकार्थी 4- 0- 46-0, डेलानी 4-0-30-2, हैड 2-0-22-0, डॉक्रेल 2 -0-18-0

**आयरलैंड पारी** : स्टर्लिंग बो सोढी 37,बालबर्नी बो सेंटनेर 30, टकर का एलेन बो सोढी 13,टेक्टर का साउदी बो सेंटनेर 2, डेलानी का कोंवे बो फर्ग्युसन 10,डॉक्रेल का विलियमसन बो फर्ग्युसन 23,कैंफर का एलेन बो साउदी 7, हैड का और बो फर्ग्युसन 5,एडेयर का फिलिप्स बो साउदी 4,मैकार्थी नाबाद 6,लिटिल नाबाद 8,अतिरिक्त : पांच रन, **कुल योग** : 20 ओवर में नौ विकेट पर 150 रन, **विकेट पतन** :।-68, 2-7, 3-73, 4-94, 5-102, 6-120, 7-131, 8-132, 9-141, **गेंदबाजी** : बोल्ट 4-0-38-0,साउदी 4-0-29-2,फर्ग्युसन 4-0-22-3, सेंटनेर 4-0 - 26-2, सोढी 4-0-31-2

# फॉर्म के साथ मिजाज भी बदले हैं कोहली के

**भाषा।** मेलबर्न


विराट की जन्मदिन से पहले मुंबई में उनके चित्र का प्रदर्शन किया गया

**दुनिया भर के** गेंदबाजों को भयभीत करने वाले विराट कोहली तीन बरस बाद उसी पुराने फॉर्म में लौट आए हैं और फॉर्म के साथ इस चैम्पियन बल्लेबाज के मिजाज में भी काफी बदलाव देखने को मिल रह है। वह अभी भी अपने जलवों से सुर्खिया बंटोरने वाले किंग कोहली हैं जिनके आसपास भीड़ उमड़ती रहती है लेकिन अब उनके करीब जाना उतना भी मुश्किल नहीं। अगर आप सनकी क्रिकेटप्रेमी नहीं हैं तो उनके पास जा सकते हैं और वह आपका अभिवादन मुस्कुराकर स्वीकार करेंगे। मैदान पर बल्ले से रनों की बौछार करने के साथ कोहली अब अपने प्रशंसकों के साथ भी जिस तरह घुलने मिलने लगे हैं, इससे उनकी शख्सियत में चार चांद लग गए हैं। सफलता आपको बहुत कुछ सिखाती है लेकिन नाकामी उससे भी बड़े सबक दे जाते हैं। शायद कोहली के साथ भी यही हुआ है। आस्ट्रेलिया के अलग अलग शहरों में बीते एक पखवाड़े में कोहली दर्शकों के साथ घुलते मिलते, आटोग्राफ देते, सेल्फी खिंचवाते नजर आए हैं। अब वह बीते जमाने के कोहली नहीं रहे जो अपनी दुनिया में रहना पसंद करते थे। ऐसा नहीं है कि पहले कभी उन्होंने सेल्फी, आटोग्राफ या बातचीत के लिए मना किया हो लेकिन आस्ट्रेलिया में 2015 में, इंग्लैंड में 2017 या 2019 में कोहली के तेवर अलग ही थे। तीन साल के खराब दौर में जिस तरह प्रशंसकों ने उनका साथ दिया, उससे उन्हें उनकी अहमियत का अहसास हुआ जान पड़ता है। मेलबर्न, सिडनी, पर्थ और एडीलेड में कम से कम 10 से 15 लोगों ने कोहली के साथ अपनी सेल्फी या अपने कैप पर उसके आटोग्राफ दिखाए। कुछ उनसे मॉल में मिले तो कई कॉफी शॉप में। कैनबरा से एडीलेड मैच देखने आए एक भारतीय ने कहा , हमने उन्हें कॉफी शॉप पर सहयोगी स्टाफ के साथ देखा। हमें डर लग रहा था कि उनके पास जाएं या नहीं लेकिन उन्होंने हमे खुद बुलाकर हमारे साथ तस्वीर खिंचवाई। मेलबर्न में जूनियर महिला क्लब हॉकी टीम ने भी भारत के पूर्व कप्तान के साथ सेल्फी ली।

## आईपीएस अधिकारी के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई करने के लिए उच्च न्यायालय पहुंचे धोनी

**चेन्नई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने मैच फिक्सिंग से जुड़े मामले में उच्चतम न्यायालय और कुछ वरिष्ठ वकीलों के खिलाफ कथित बयान देने के लिए आईपीएस अधिकारी जी संपत कुमार के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने और उन्हें समन जारी करने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।इस मामले को सूचीबद्ध कर दिया गया है लेकिन इस पर आज सुनवाई नही हो पाई।धोनी ने 2014 में तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक संपत कुमार को मैच फिक्सिंग और स्पॉट फिक्सिंग में उनसे (धोनी) जुड़ा कोई भी बयान देने से रोक लगाने के लिए दीवानी मुकदमा दायर किया था। उन्होंने अदालत से हर्जाने के तौर पर 100 करोड़ रुपए का भुगतान करने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया था।अदालत ने 18 मार्च 2014 को अंतरिम आदेश पारित करके संपत कुमार पर धोनी के खिलाफ किसी भी तरह का बयान देने से रोक लगा दी थी। इसके बावजूद संपत कुमार ने कथित तौर पर उच्चतम न्यायालय के पास हलफनामा दायर किया जिसमें न्यायपालिका और इस मामले में उनके खिलाफ राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की गई थी।

## राज्य ताइक्वांडो आज से

**लखनऊ।** यूपी गुडविल ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा 18वीं यूपी राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 5 व 6 नवंबर 2022 को केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित बैडमिंटन हॉल में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता बालक व बालिका के सब जूनियर, कैडेट, जूनियर व सीनियर वर्ग के सभी भार वर्गो में आयोजित की जा रही है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में क्योरगी एवं पूमसे दोनो के मुकाबले होंगे। यूपी गुडविल ताइक्वाण्डो एसोसिएशन के महासचिव जावेद खान ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि नवीन अरोरा अपर पुलिस महानिदेशक आतंकवाद निरोधक दस्ता यूपी द्वारा किया जायेगा।

## निश्ना कट हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय गोल्फर

**पटाया।** निश्ना पटेल ने शुक्रवार को यहां एक अंडर 71 का कार्ड खेला जिससे वह महिला एमेच्योर एशिया पैसिफिक गोल्फ में कट हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय गोल्फर रही। निश्ना का 36 होल में कुल स्कोर एक अंडर का हो गया है जिससे वह संयुक्त रूप से 17वें स्थान पर चल रही है। गत चैम्पियन मिजुकी हाशिमोटो (66) ने नौ अंडर के कुल स्कोर से बढ़त बनाई हुई है। भारतीय गोल्फरों में अवनी प्रशांत (74, 76) कट से चूक गई जिनकी बीती रात तबीयत ठीक नही थी। दो अन्य भारतीय भी पूरी तरह से फिट नही थी। कीरत की कलाई मे चोट लग गई है जबकि मन्नत को बीती रात से तेज बुखार है।

## बेल्जियम और नीदरलैंड को 26 में महिला और पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी

**लुसाने।** बेल्जियम और नीदरलैंड 2026 में महिला और पुरुष हॉकी विश्व कप की एक साथ संयुक्त मेजबानी करेंगे। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एफआईएच के कार्यवाहक अध्यक्ष सैफ अहमद की अध्यक्षता में कार्यकारी बोर्ड की वर्चुअल बैठक में यह फैसला लिया गया। यह संयुक्त प्रतियोगिता जुलाई और अगस्त में नीदरलैंड के एम्स्टर्डम और एम्स्टेलवीन तथा बेल्जियम के वावरे में आयोजित की जाएगी। महिला और पुरुष टीम इन दोनों स्थानों पर मैच खेलेंगी। एफआईएच के मुख्य कार्यकारी थियरी वील ने कहा, एफआईएच की तरफ से मै उन सभी राष्ट्रीय महासंघ का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होने मेजबानी के लिए दावा किया था। हमे शानदार प्रस्ताव मिले थे और ऐसे मे फैसला करना चुनौतीपूर्ण था।

## पैरा विश्व बैडमिंटन : भारतीय खिलाड़ियों ने 15 पदक पक्के किए

**तोक्यो।** भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप ने 15 पदक पक्के कर दिए है। मनीषा रामदास और नित्या श्री सुमति सिवन ने शुक्रवार को महिला एकल और युगल वर्ग के सेमीफाइनल मे जगह बनाई। पूर्व चैंपियन मानसी जोशी भी महिला एकल और रुथिक रघुपति के साथ मिश्रित युगल के सेमीफाइनल मे पहुंच गई है। पैरालंपिक चैंपियन कृष्णा नागर को हालांकि क्वार्टर फाइनल मे हार का सामना करना पड़ा। कृष्णा ने सिवन के साथ मिलकर मिश्रित युगल के अंतिम चार में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग मे पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत भी सेमी फाइनल मे पहुंच गए है।

# जोकोविच और अलकाराज जीते, मुसेत्ती ने रूड को हराया

## कोको गॉ डब्ल्यूटीए फाइनल्स से बाहर, इगा स्वियातेक सेमीफाइनल में

**फोर्ट वर्थ।** अमेरिका की कोको गॉ राउंड रॉबिन मुकाबले में डारिया कसात्किना से 6-7, 3- 6 से हारकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स से बाहर हो गई जिससे सेमीफाइनल में पहुंचने की उनकी उम्मीदें भी ध्वस्त हो गई। दुनिया की शीर्ष खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने कैरोलिन गार्सिया को 6-3, 6-2 से हराया और यह 11 मैचों में उनकी नौवीं जीत थी। स्वियातेक ने इस जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बना ली। छठे नंबर की खिलाड़ी गार्सिया का सामना अब आठवें नंबर की कसात्किना से होगा।



**भाषा।** पेरिस

**शीर्ष रैंकिंग** वाले कार्लोस अलकाराज ने ग्रिगोर दिमित्रोव को हराकर पेरिस मास्टर्स टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि फेलिक्स आगर एलियास्मि ने भी अंतिम आठ में जगह बना ली। अमेरिकी ओपन चैम्पियन अलकाराज का सामना अब होल्गर रूने से होगा। डेनमार्क के रूने ने आंद्रेइ रूबलेव को 6-4, 7 -5 से मात दी। पेरिस मास्टर्स क्वार्टर फाइनल में पहली बार दो ऐसे युवा खिलाड़ी आमने सामने होंगे जिनकी उम्र 20 वर्ष से कम है। आगर एलियास्मि ने फ्रांस के अनुभवी जाइल्स सिमोन को 6-1, 6-3 से हराया। लोरेंजो मुसेत्ती ने अमेरिकी ओपन उपविजेता कैस्पर रूड को 4-6, 6-4, 6-4 से शिकस्त दी। वहीं अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो ने एलेक्स डि मिनाउर को 6- 3, 7-6 से हराया। टियाफो इस साल 35 जीत दर्ज कर चुके हैं जो उनके कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बीस वर्ष के मुसेत्ती का सामना अब 21 बार के ग्रैंड स्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच से होगा जिन्होंने रूस के कारेन खाचानोव को 6-4, 6-1 से हराया। अमेरिका के टॉमी पॉल ने पाब्लो कारेनो बस्टा को 6- 4, 6-4 से हराया और अब उनका सामना पांचवीं रैंकिंग वाले स्टेफानोस सिटसिपास से होगा। सिटसिपास ने फ्रांस के क्वालीफायर कोरेंटिन माउटेट को 6- 3, 7- 6 से मात दी।

# आस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान को हराकर अंतिम चार की उम्मीद कायम रखी

**भाषा।** एडीलेड

**गत चैम्पियन** आस्ट्रेलिया शुक्रवार को यहां अंत में राशिद खान के खतरे से बचकर टी20 विश्व कप के मैच में अफगानिस्तान पर चार रन की करीबी जीत से सेमीफाइनल की धुंधली उम्मीद बरकरार रखने में सफल रहा। इस जीत से आस्ट्रेलिया पांच मैचों में सात अंक लेकर ग्रुप एक में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है जबकि न्यूजीलैंड के भी सात अंक हैं जो बेहतर नेट रन रेट की बदौलत सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई है। आस्ट्रेलियाई टीम हालांकि इंग्लैंड के नेट रन रेट से आगे बढ़ने में विफल रही क्योंकि ऐसा करने के लिए मेजबान टीम को आठ विकेट पर 168 रन बनाने के बाद अफगानिस्तान को 106 रन के अंदर समेटना था। इसका मतलब है कि अगर इंग्लैंड सिडनी में शनिवार को अपने अंतिम मैच में श्रीलंका को हरा देता है तो उनके भी सात अंक हो जाएंगे और वह ग्रुप एक में बेहतर नेट रन रेट की बदौलत न्यूजीलैंड के साथ सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। आस्ट्रेलिया के लिए ग्लेन मैक्सवेल ने 32 गेंद में नाबाद 54 रन की अर्धशतकीय पारी खेली लेकिन अफगानिस्तान ने अंतिम पांच ओवर में कसी गेंदबाजी से गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया को आठ विकेट पर 168 रन ही बनाने दिए। मैक्सवेल ने अपनी पारी के दौरान छह चौके और दो छक्के जड़े। उनके अलावा मिशेल मार्श ने 45 रन और मार्कस स्टोइनिस ने 25 रन का योगदान दिया। इसके जवाब में अफगानिस्तान राशिद (23 गेंद में तीन चौके, चार छक्के से नाबाद 48 रन) की पारी की बदौलत एक सनसनीखेज जीत के करीब पहुंच गया था लेकिन आखिर में उसकी टीम सात विकेट पर 164 रन ही बना पाई। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर आस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी का न्योता दिया, लेकिन अंत में चार रन से हार गई। रहमनुल्लाह गुरबाज ने 17 गेंद में 30 रन बनाकर अच्छी शुरूआत कराई जिसमें दो चौके और इतने ही छक्के जड़े थे। लेकिन आस्ट्रेलिया ने दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट कर वापसी की। गुलबदिन नायब (39 रन) और इब्राहिम जदरान (26 रन) हालांकि आसानी से घुटने टेकने के मूड में नहीं थे, इन दोनों ने 46 गेंद में दूसरे विकेट के लिए 59 रन की भागीदारी निभाकर टीम को जीत की दौड़ में बनाए रखा। लेकिन मैक्सवेल ने शानदार क्षेत्ररक्षण करते हुए इस भागीदारी का अंत किया। मैक्सवेल के डीप मिड विकेट से स्टंप पर सीधे थ्रो से नायब की पारी खत्म हुई और अगली ही गेंद पर जदरान भी एडम जम्पा की गेंद पर बल्ला छुआकर मार्श को कैच दे बैठे।



राशिद खान

## मोहम्मद नबी ने कप्तान का पद छोड़ा

**एडीलेड।** अफगानिस्तान के कप्तान मोहम्मद नबी ने टीम के टी20 विश्व कप में लचर प्रदर्शन के बाद शुक्रवार को तुरंत प्रभाव से अपने पद से इस्तीफा दे दिया। अफगानिस्तान की टीम टी20 विश्व कप मे एक भी मैच मे जीत दर्ज नही कर सकी। नबी ने हालांकि कप्तानी छोड़ने के लिए टूर्नामेंट के लिए टीम की तैयारियो पर निराशा और प्रबंधन व चयन समिति से मतभेदो का हवाला दिया। टीम का टी20 विश्व कप मे अभियान शुक्रवार को यहां आस्ट्रेलिया से चार रन की हार से खत्म हुआ, जिसके तुरंत बाद इस 37 साल के खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर अपने फैसले की घोषणा की। इस स्पिन आल राउंडर ने ट्विटर पर अपना बयान साझा करते हुए लिखा, हमारी टी20 विश्व कप की यात्रा खत्म हो गई, न तो हम और न ही समर्थक इस नतीजे की उम्मीद कर रहे थे। हम भी आपकी तरह ही मैचो के परिणाम से हताश है। पिछले एक साल से हमारी टीम की तैयारी उस स्तर की नही थी जो एक कप्तान एक बड़े टूर्नामेंट के लिए चाहता है। नबी ने लिखा, यहां तक कि पिछले कुछ दौरों पर टीम प्रबंधन, चयन समिति और मै एकमत नही थे जिसका टीम के संतुलन पर असर पड़ा। इसलिए मै तुरंत कप्तान के पद से हटने की घोषणा करता हूं और मै अपने देश के लिए खेलना जारी रखूंगा, जब भी प्रबंधन और टीम को मेरी जरूरत होगी

### स्कोरबोर्ड

**आस्ट्रेलिया पारी :** वॉर्नर बो नवीन उल हक 25,ग्रीन का गुलबदिन नायब बो फजलहक फारूकी 03,मार्श का रहमनुल्लाह गुरबाज बो मुजीबुर रहमान 45,स्मिथ पगबाधा बो नवीन उल हक 04 , स्टोइनिस का उस्मान गनी बो राशिद खान 25, मैक्सवेल नाबाद 54,वेड बो फजलहक फारूकी 06,कमिंस का राशिद खान बो नवीन उल हक 00,रिचर्डसन रन आउट 01,जम्पा नाबाद 01,**अतिरिक्त : 04**,**कुल** : 20 ओवर मे आठ विकेट पर 168 रन,**विकेट पतन** :।-22, 2-48, 3-52, 4-86, 5-139, 6-155, 7-156, 8-159,**गेंदबाजी** : फारूकी 4-0-29-2,रहमान 4-0-42-।,उल हक 4-0-21-3,नायब 3-0-31-0,खान 4-0-29-।, नबी।-0-14-0

**अफगानिस्तान पारी** :गुरबाज का वॉर्नर बो रिचर्डसन 30,गनी का कमिंस बो हेजलवुड 02,जदरान का मार्श बो जम्पा 26, नायब रन आउट (मैक्सवेल) 39, नबी का वॉर्नर बो हेजलवुड 01, जदरान का मैक्सवेल बो जम्पा 00,रसूली रन आउट 15,खान नाबाद 48, उल हक नाबाद 00,**अतिरिक्त** : 03,**कुल** : 20 ओवर मे सात विकेट पर 164 रन,**विकेट पतन** :।-15, 2-40, 3-99, 4-99, 5-99, 6-103, 7-148, **गेंदबाजी** : हेजलवुड 4-0-33-2, कमिंस 4-0-22-0,स्टोइनिस 2-0-26-0,रिचर्डसन 4-0-48-।, जम्पा 4-0-22-2, ग्रीन 2-0-13-0

## पटना पाइरेट्स की यू मुंबा पर संघर्षपूर्ण जीत

**भाषा।** पुणे

**सचिन के** शानदार प्रदर्शन से पटना पाइरेट्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) में शुक्रवार को यहां यू मुंबा को 34-31 के करीबी अंतर से पराजित किया। पहले हाफ में यू मुंबा का दबदबा रहा लेकिन पटना ने सचिन के शानदार प्रयास से दूसरे हाफ में अच्छी वापसी की। सचिन ने मैच में कुल मिलाकर 12 अंक बनाए। यू मुंबा 15 मिनट के खेल के बाद 10-8 और मध्यांतर तक 18-13 से आगे था लेकिन वह दूसरे हाफ में अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाया।

# भारतीय पुरूष स्कवाश टीम को सोना

## एशियाई चैम्पियनशिप

**भाषा।** चियोंगजू



**अनुभवी** सौरव घोषाल की अगुवाई में भारतीय पुरूष टीम ने एशियाई स्क्वाश टीम चैम्पियनशिप के फाइनल में कुवैत को 2-0 से हराकर पहली बार स्वर्ण पदक जीत लिया।

स्टार खिलाड़ी घोषाल ने भारत की जीत तय की। इससे पहले रमित टंडन ने अली अरामजी को 11-5, 11-7, 11-4 से हराकर भारत को बढत दिलाई थी। घोषाल ने अम्मार अल्तामिमि को 11-9, 11-2, 11-3 से हराया। अभय सिंह और फालाह मोहम्मद के बीच तीसरा मैच खेलने की जरूरत ही नहीं पड़ी। भारतीय टीम ने पिछले दो सत्रों में रजत पदक जीता था। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने पूल ए में कतर, पाकिस्तान, कुवैत, दक्षिण कोरिया और चीनी ताइपै को हराने के बाद सेमीफाइनल में मलेशिया को 2-। से मात दी थी। महिला टीम सेमीफाइनल में मलेशिया से।-2 से हार गई और उसे कांस्य से संतोष करना पड़ा। महिला टीम पूल बी में दो जीत और एक हार के साथ दूसरे स्थान पर रही थी। उसने ईरान और सिंगापुर को हराया लेकिन हांगकांग से हार गई।

# शिव, सचिन और अमित क्वार्टरफाइनल में

## ● एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैम्पियनशिप

**भाषा।** नई दिल्ली



**पांच बार** के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता शिव थापा, सचिन और अमित कुमार ने शुक्रवार को अपने मुकाबले जीतकर जोर्डन के अम्मान में चल रही एएसबीसी एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। थापा (63.5 किग्रा) ने मंगोलिया के बिम्बातसोगत तुगुलदूर पर 3-2 की जीत दर्ज की। उनके और तुगुलदूर के बीच मुकाबला बराबरी का रहा जिसमें दोनों ने शुरूआत में आक्रामकता दिखाई और एक दूसरे पर कई दमदार मुक्के जड़े। अंत में भारतीय मुक्केबाज का अनुभव काम आया और उनकी चुस्ती फुर्ती ने उन्हें अपने प्रतिद्वंद्वी को विभाजित फैसले में हराने में मदद की। थापा का सामना अब क्वार्टरफाइनल में हैदारा अलासाली और मिंसू चोई के बीच मुकाबले के विजेता से होगा। कुमार (67 किग्रा) ने चीनी ताइपे के झेंग रोंग हुआंग के खिलाफ पूरे मुकाबले में दबदबा बनाए रखा। आत्मविश्वास से भरे इस मुक्केबाज ने तकनीक के मामले में बेहद दक्ष खेल दिखाया और सर्वसम्मत फैसले में अगले दौर में जगह बनाई। अब वह उज्बेकिस्तान के मुयदिनखुजाएव असादखुजा से भिड़ेंगे। सचिन (71 किग्रा) हालांकि थाईलैंड के पीरापाट यिसुंगनोइन के खिलाफ पहले दौर में पिछड़ रहे थे लेकिन अगले दो दौर में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए रोमांचक मुकाबले में 5-0 से जीत दर्ज की। सचिन अगले दौर में कजाखस्तान के असलानबेक शिबर्गेनोव के सामने होंगे। शुक्रवार को अनंत चोपाडे (54 किग्रा) और इताश खान (60 किग्रा) भी रिंग में उतरेंगे।

## भारत ने एफआईएच प्रो लीग मुकाबले में न्यूजीलैंड को 7-4 से रौंदा

**भाषा।** भुवनेश्वर

**भारत ने** ।-3 से पिछड़ने के बाद आक्रामक हॉकी खेलकर शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए शुक्रवार को यहां एफआईएच पुरूष प्रो लीग के रोमांचक मुकाबले में न्यूजीलैंड पर 7-4 से जीत दर्ज की। घरेलू टीम ने 28 अक्टूबर को हुए पहले चरण के मुकाबले में इसी प्रतिद्वंद्वी को 4-3 से पराजित किया था। टीम पहले 15 मिनट में जूझती नजर आई जिसमें उसने तीन गोल गंवा दिए थे लेकिन अगले तीन क्वार्टर में दो दो गोल कर टीम ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड ने पहले क्वार्टर में दबदबा बनाया लेकिन भारत के बार बार हमलों के आगे दबाव में आ गई और फिर अगले तीन क्वार्टर में केवल एक गोल ही कर सकी। कप्तान हरमनप्रीत सिंह (सातवें और 19वें मिनट, दोनों पेनल्टी कॉर्नर), कार्ति सेलवम (17वें और 38वें मिनट), राज कुमार पाल (31वें मिनट), सुखजीत सिंह (50वें मिनट) और जुगराज सिंह (53वें मिनट) ने भारत के लिए गोल दागे। न्यूजीलैंड की ओर से साइमन चाइल्ड (दूसरे), सैम लेन (नौंवे), स्मिथ जेक (14वें) और निक वुड्स (54वें) ने गोल किए। भारत को मैच के दौरान 11 पेनल्टी कॉर्नर मिले जिसमें से तीन गोल में तब्दील हुए। भारतीयों ने आक्रामक हॉकी खेलते हुए 29 बार सर्कल में सेंध लगाई जबकि इसकी तुलना में न्यूजीलैंड की 13 बार ही ऐसा कर पाई।

## मेलबर्न के हर कोने में आज भी जीवित हैं वार्न




**मेलबर्न।** शेन वार्न के निधन को नौ महीने बीत गए है लेकिन इस दिग्गज लेग स्पिनर की यादे आज भी मेलबर्न की गलियो से लेकर समुद्र तट और क्रिकेट मैदान तक हर जगह जीवित है। क्रिकेट के सबसे बड़े मनोरंजनकर्ता वार्न की मेलबर्न की भावनाओ, जोश और जश्न मे हर जगह जीवंत उपस्थिति नजर आती है। चाहे वह सेंट किल्डा क्रिकेट क्लब का मैदान हो जहां उन्होंने क्रिकेट और लेग स्पिन कला का ककहरा सीखा था या फिर ब्राइटन का समुद्र तट जहां वह धूप स्नान के लिए जाते थे। शेन वार्न का 53 साल की उम्र मे थाईलैंड मे निधन हो गया था लेकिन मेलबर्न की यादो मे वह हमेशा जीवित रहेंगे। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) के बाहर आदम कद प्रतिमा लगी है जिसमे वह लेग स्पिन करते हुए नजर आते है। एक प्रशंसक ने वार्न को श्रद्धांजलि के तौर पर डालगाटी लेन में अपने घर की दीवार पर एक भित्ति चित्र बनवाया है। और कोई आश्चर्य नही कि यह धीरे-धीरे एक पर्यटन स्थल बनता जा रहा है।

## हमने खुद को इस स्थिति में रखा है, उम्मीद है इसका खामियाजा नहीं भुगतना पड़ेगाः वेड

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान मैथ्यू वेड ने कहा कि टी20 विश्व कप मे लचर शुरुआत के कारण आज सेमीफाइनल में पहुंचने की उनकी उम्मीदें इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच शनिवार को होने वाले मैच पर टिकी है। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को सुपर-12 के अपने अंतिम मैच मे अफगानिस्तान को चार रन से हराकर सेमीफाइनल मे पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीद बरकरार रखी है। अभी वह अंकतालिका में न्यूजीलैंड के बाद दूसरे स्थान पर है। इंग्लैंड अभी तीसरे स्थान पर है और शनिवार को श्रीलंका पर जीत से वह सेमीफाइनल मे पहुंच जाएगा। अगर इस मैच मे श्रीलंका जीत दर्ज करता है तो फिर ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल मे जगह बना लेगा।

## एसीसी ने किया मैच अपने नाम



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के एथलेटिक एसोसिएशन के परांजपे क्रीड़ा प्रांगण में लेदर बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हुआ। इस टूर्नामेंट में कुल 12 टीमों ने भाग लिया था। जिसमें से 2 टीमें एलिना क्रिकेट क्लब (एसीसी) एवं टीम डी एस एस फाइनल में अपनी जगह बनाने में सफल हुयी। फाइनल मैच में एलिना क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 124 रनों का लक्ष्य रखा। जिसके जवाब में टीम डी एस एस 51 रन पर आल आउट हो गई और एलिना क्रिकेट क्लब ने 72 रन से मैच अपने नाम कर लिया। मैन ऑफ द टूर्नामेंट एवं मन ऑफ द मैच एलिना क्रिकेट क्लब के हरफनमौला खिलाड़ी आनंद प्रकाश रहे। पुरस्कार वितरण के समय लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो रूपेश कुमार द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव डा राहुल पांडे द्वारा उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं नगद पुरूस्कार द्वारा सम्मानित किया गया।